वाराणसी, बुधवार, 18 जनवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : न्यूजीलैंड के खिलाफ करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : रोहित



अंदर - बुलडोजर राज पर अंकुश लगेगा ?

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news




NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
SUNDAY OPEN

# जेपी नड्डा संभालेंगे 2024 की कमान

## अगले लोकसभा चुनाव तक नड्डा ही रहेंगे भाजपा अध्यक्ष, एक साल तक बढ़ा कार्यकाल

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि जेपी नड्डा के लिए राष्ट्रीय कार्यकारणी ने आज प्रस्ताव किया है। राजनाथ सिंह ने इस प्रस्ताव को रखा है। सभी भाजपा के सदस्यों ने इसे स्वीकार किया है। जेपी नड्डा को जून 2024 तक के लिए भाजपा के अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल बढ़ाया जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा 2024 में और भी बड़े बहुमत से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व पीएम के रूप में करेंगे।

जेपी नड्डा का तीन साल का कार्यकाल इसी साल 20 जनवरी को समाप्त हो रहा था। इसके पहले वह जुलाई 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे। उसके बाद 20 जनवरी 2020 को उन्होंने पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर पार्टी की कमान संभाली थी। भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष को लगातार तीन साल के लिए दो कार्यकाल दिए जाने का प्रावधान है।

### तैयारी

**20 जनवरी को समाप्त हो रहा था कार्यकाल**

**अमित शाह ने नड्डा के नेतृत्व की भी सराहना की**

**अगले एक साल में भाजपा के सामने कई अहम चुनौती**



मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के रहने वाले नड्डा का जन्म बिहार की राजधानी पटना में दो दिसंबर 1960 को हुआ था। अमित शाह ने इस दौरान नड्डा के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी अध्यक्षता में भाजपा को कई अहम चुनावों में जीत मिली। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक राष्ट्रीय राजधानी स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को शुरू हुई थी।

पीएम मंगलवार सुबह कार्यकारिणी स्थल पहुंचे। उनके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के करीब 350 वरिष्ठ नेता इस कार्यकारिणी में भाग ले रहे हैं। इनमें पार्टी शासित 12 राज्यों के मुख्यमंत्री व पांच उपमुख्यमंत्री तथा 35 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं।अगले साल 2024 में प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार देश की जनता से जनमत मांगेगे। उसके पहले 2023 में 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और यह चुनाव आम चुनाव को लेकर राजनीतिक धारणा बनाने में भूमिका निभाते हैं। इनमें खासतौर पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक में पार्टी का प्रदर्शन लोकसभा की दृष्टि से बेहद अहम होगा। गौरतलब है कि इन राज्यों की 93 में से 87 सीटें इस समय पार्टी के पास है।

### विधानसभा-लोकसभा चुनाव के लिए बनी रणनीति

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विधानसभा और लोकसभा चुनाव की ब्यूहरचना पर अलग-अलग चर्चा हुई। इस साल त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय, कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से ज्यादातर राज्यों में भाजपा या फिर उसके सहयोगी दलों की सरकार है। बैठक में इन राज्यों में सत्ता बचाने और राजस्थान, छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापसी पर गंभीर विमर्श हुआ। खासतौर से छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव को केंद्र की सत्ता के सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है।

### राजस्थान में जेसीबी की टक्कर से शिव मंदिर ढहा

**करौली।** राजस्थान के करौली जिले के सपोटरा में नाली निर्माण के दौरान जेसीबी मशीन की टक्कर से एक पुराना शिव मंदिर भरभरा कर गिर गया। इससे दो महिलाओं समेत तीन लोग उसके नीचे दब गए। मंदिर के गिरते ही बड़ी संख्या पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मलबा साफ कर उसमें दबे लोगों को निकालकर सपोटरा हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां से दो महिलाओं की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जयपुर रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। घटना के बाद कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और एसपी नारायण टोकस सिविल डिफेंस की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबा साफ कराया और बाद हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों की कुशल-क्षेम पूछी। जानकारी के अनुसार सपोटरा कस्बे में सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नाली निर्माण के लिए मंगलवार सुबह कस्बे के नरौली मोड़ पर नाली के लिए जेसीबी से खुदाई का कार्य चल रहा था।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव भाजपा ने जीता



**आम आदमी पार्टी को फिर से झटका लगा**

**चंडीगढ़।** मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी को फिर से झटका लगा है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा को जीत हासिल हुई है और अनूप गुप्ता शहर के नए मेयर चुन लिए गए है। भाजपा के अनूप गुप्ता ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के जसबीर सिंह को 1 वोट से हराया। मंगलवार दोपहर हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी को 14 वोट मिले जबकि भारतीय जनता पार्टी को 15 वोट मिले, जिसके बाद भाजपा के अनूप गुप्ता को विजेता घोषित कर दिया गया। भाजपा के अनूप गुप्ता इससे पहले चंडीगढ़ के डिप्टी मेयर थे। वह साल 2021 में पहली बार पार्षद चुने गए थे।चंडीगढ़ का मेयर चुने जाने के बाद भाजपा के अनूप गुप्ता ने कहा, ह्लमैं अपने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे इस पद के लिए उम्मीदवार चुना। मैं उसी गरिमा से सदन चलाऊंगा जिस तरह से पिछली मेयर सरबजीत कौर ने चलाया।ह्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव से कांग्रेस पार्टी के 6 और शिरोमणि अकाली दल के 1 पार्षद ने दूरी बनाई। इन सभी ने मेयर चुनाव में मतदान नहीं किया।

# कश्मीर में राहुल गांधी को खतरा

## सुरक्षा एजेंसियों का अलर्ट, कुछ जगहों पर न चलें पैदल

### खतरा

**राहुल गांधी के पास वर्तमान में जेड प्लस श्रेणी सुरक्षा कवर है**

नई दिल्ली। भारत जोड़ो यात्रा में बिजी राहुल गांधी को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट है कि कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को कुछ जगहों पर नहीं चलने की सलाह दी गई है। सुरक्षा सूत्रों ने जानकारी दी कि उन्हें जम्मू-कश्मीर में कुछ जगहों पर पैदल चलने से बचना चाहिए। पैदल के बजाय उन्हें कार में यात्रा करनी चाहिए। राहुल गांधी के नेतूव में भारत जोड़ो यात्रा 19 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के लखनपुर में प्रवेश करेगी। पिछले साल 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी। 150 दिनी और 3750 किलोमीटर के लक्ष्य के साथ यह यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में 12



राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगी। एनडीटीवी की रिपोर्ट है कि सुरक्षा एजेंसी से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी को जम्मू-कश्मीर में कुछ जगहों पर खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि उनके सुरक्षित करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई गई है और यह सलाह दी गई है कि उसे पैदल यात्रा करने से बचना चाहिए और इसके बजाय कार में यात्रा करनी चाहिए। अधिकारी ने कहा कि एक व्यापक सुरक्षा समीक्षा अभी भी चल रही है जिसमें रात के पड़ावों के बारे में विवरण पर काम किया जा रहा है। 52 वर्षीय कांग्रेस नेता 25 जनवरी को बनिहाल में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए तैयार हैं और दो दिन बाद 27 जनवरी को अनंतनाग के रास्ते श्रीनगर में एंट्री लेंगे। अधिकारी ने कहा कि राहुल (गांधी) कश्मीर के रास्ते में तिरंगा फहराएंगे। अब तक ऐसा लगता है कि यह बनिहाल के आसपास होगा। फिर यात्रा गणतंत्र दिवस के एक दिन बाद अनंतनाग के रास्ते श्रीनगर में प्रवेश करेगी। उनके अनुसार सुरक्षा एजेंसियां ??चाहती हैं कि राहुल गांधी जब श्रीनगर में हों तो कुछ ही लोग उनके साथ यात्रा करें। योजना के मुताबिक राहुल गांधी 19 जनवरी को लखनपुर में प्रवेश करेंगे और वहां एक रात रुकने के बाद अगली सुबह कठुआ के हटली मोड़ से रवाना होंगे। यात्रा फिर से चड़वाल में रात्रि विश्राम करेगी।

### पीएम आवास योजना का फंड तत्काल जारी करने की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तत्काल धनराशि जारी करने की मांग करते हुए कहा कि यदि इसमें और देर होती है तो राज्य 11 लाख मकानों का निर्माण कार्य 31 मार्च की अंतिम समय सीमा तक पूरा नहीं कर पाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के 493 पन्नों के उस संवाद के उत्तर में सोमवार को यह पत्र भेजा जिसमें योजना के तहत किए गए खर्चों का ब्योरा मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए पश्चिम बंगाल में निरीक्षण दल भेजती रही है। राज्य ने पत्र में स्पष्ट किया है कि उसने केंद्र के सभी प्रश्नों का पहले ही उत्तर दे दिया है और लंबित निधि को जल्द से जल्द जारी किए जाने की मांग की है।

# सुरक्षाबलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़

## बडगाम में दो दहशतगर्द ढेर, हथियार भी बरामद

**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में जिला अदालत परिसर के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। सुरक्षाबलों को उनके पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद हुआ है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बडगाम जिला अदालत परिसर के पास एक विशेष इनपुट पर सेना और पुलिस की संयुक्त टीम की तरफ से नाका लगाया गया था। इस दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की गई। आतंकवादियों ने इसकी भनक लगते ही गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी ढेर हो गए हैं। आतंकियों के पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है। इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि दोनों आतंकियों की पहचान कर ली गई है। इनमें अरबाज मीर और शाहिद शेख शामिल है। दोनों पुलवामा के रहने वाले थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े थे। हाल की मुठभेड़ में दोनों आतंकी फरार हो गए थे। इससे पहले रविवार को बडगाम जिले के रेडबुग मागाम इलाके में इस वर्ष की पहली मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में आतंकी चकमा देकर भाग निकलने में सफल हुए थे। शुरूआत में दोनों ओर से फायरिंग होती रही, लेकिन कुछ देर बाद दूसरी ओर से फायरिंग बंद हो गई। हालांकि सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाले रखा ताकि आतंकियों को भागने का मौका न मिल सके। काफी देर बाद भी दूसरी तरफ से फायरिंग नहीं हुई तो सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया।



### कार्रवाई

**रविवार को बच कर भाग निकले थे आतंकी**

# पाकिस्तान के बदले राग मोदी से वार्ता को बेकरार

**लाहौर।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने भारत से तीन युद्ध लड़कर सबक पाने की बात कही है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि हमने तीन युद्ध लड़े हैं और इन जंग से बहुत सबक सीखे हैं। उन्होंने भारत से वार्ता की अपील की है। उन्होंने कहा कि मैं पीएम नरेंद्र मोदी से अपील करता हूं कि वे पाकिस्तान से बातचीत को गंभीरता से लेकर कश्मीर सहित अहम मुद्दों पर चर्चा करें। यही नहीं उन्होंने इस्लामिक देश संयुक्त अरब अमीरात से गुहार लगाई कि वह भारत और पाकिस्तान को वार्ता की मेज पर लाने में अहम रोल अदा कर सकता है।



इंटरव्यू में पीएम शरीफ ने कहा भारत के नेतृत्व और पीएम मोदी को मेरा संदेश है कि वार्ता की मेज पर आएं। गंभीर मुद्दों पर चर्चा करें और कश्मीर जैसे मसलों का हल निकाला जाए। हालांकि इस दौरान शरीफ ने कश्मीर का राग भी अलापा और कहा कि वहां आए दिन मानवाधिकारों के उल्लंघन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया को यह संदेश देना चाहिए कि वह बातचीत के लिए तैयार है। इस इंटरव्यू में शरीफ ने कई बार पीएम नरेंद्र मोदी का जिक्र किया और नरम तेवर में नजर आए। पीएम शरीफ ने कहा कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी देश हैं हमें साथ ही रहना होगा। हमें अपने संसाधनों का इस्तेमाल बम और हथियारों की खरीद पर नहीं करना चाहिए। यह मेरा पीएम नरेंद्र मोदी को संदेश है।

### शाह ने दिया कर्नाटक में मिशन-136 यानी 224 में से 136 सीटें जीतने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कर्नाटक में मिशन-136 यानी 224 में से 136 सीटें जीतने का लक्ष्य दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी और बीएस येदियुरप्पा की अभी मुलाकात हुई है जिससे राज्य में सियासत गरमा गई है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है अब इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की मुलाकात हुई जिससे सियासत गरमा गई है। हालांकि इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी या वरिष्ठ नेता की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान 15 मिनट के लिए अलग से मुलाकात की थी। खास बात है कि दक्षिण में विस्तार की कोशिश में जुटी भाजपा कर्नाटक में ही दम दिखा सकी है। अब आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भी पार्टी तैयारियां मजबूत करना चाहती है।

# यूपी में स्वास्थ्य सेवाएं हुई बेहतर

## वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज योजना का असर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज योजना का प्रभावी असर दिखना शुरू हो गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से कराए गए एक सर्वे में यह बातें सामने आई हैं।

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज की सुविधा शुरू हो गई है वहां पर स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार आया है। यह सर्वे दो चरणों में ओपीडी फुटफॉल आईपीडी प्रवेश सीजेरियन (एलएससीएस) और मेजर सर्जरी पर आधारित था जिसमें मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से पहले और बाद की स्थितियों का आंकलन किया गया। सर्वे रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि इन कॉलेजों के शुरू होने से राजधानी के केजीएमयू एसपीजीआई समेत बड़े प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों का भार कम हुआ है।

बहराइच देवरिया और हरदोई में ओपीडी सेवाओं को लेकर हुए सर्वे के अनुसार यहां पर मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से पहले ओपीडी में मरीजों का फुटफॉल सालाना 5 लाख रहता था। वहीं यहां पर मेडिकल कॉलेज की सुविधा शुरू होने से ओपीडी में रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है जो यह दशार्ता है कि यहां के स्थानीय मरीजों का राजधानी की रूख पहले से कम हुआ है। सर्वे के अनुसार देवरिया में जहां अपने ओपीडी में सालाना पांच लाख से कम मरीज दिखाने के लिए आते थे तो वहीं मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से यहां पर ओपीडी सेवा का लाभ 5.30 लाख से अधिक मरीजों ने उठाया है। बहराइच और हरदोई में जहां मेडिकल कॉलेज की सेवा शुरू होने से पहले आईपीडी (अन्तः रोगी विभाग) सेवा का लाभ सालाना 75 हजार मरीज उठाते थे।

वहीं मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद एक लाख से अधिक मरीज इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। गाजीपुर शाहजहांपुर अयोध्या और देवरिया में जहां पहले इन मरीजों की संख्या सालाना 50 हजार से कम थी वहीं अब 50 हजार से अधिक इस सेवा का लाभ उठा रहे हैं। इसके साथ ही बस्ती सिद्धार्थ नगर इटावा और प्रतापगढ़ में भी काफी सुधार देखा गया है।

हरदोई बहराइच और जौनपुर में जहां पहले हर साल करीब दो हजार गर्भवती महिलाएं हीं सीजेरियन का लाभ उठाती थी। वहीं अब इनकी संख्या में काफी इजाफा हुआ हैं। बात करें अगर बस्ती की तो यहां का अस्पताल मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड होने के बाद हर साल करीब दो हजार से अधिक गर्भवती महिलाएं सीजेरियन का लाभ उठा रही हैं जबकि पहले इनकी संख्या काफी कम थी। इटावा फिरोजाबाद सिद्धार्थनगर अयोध्या फतेहपुर और गाजीपुर में पहले से काफी सुधार हुआ है।

### सर्वे

**जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज की सुविधा शुरू हो गई है वहां पर स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार आया**

### राजधानी में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

**नई दिल्ली।** देश में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गणतत्र दिवस समारोह के अवसर पर मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी मुख्य अतिथि होंगे। मिस्त्र के विदेश मंत्रालय में सचिव औसाफ सईद ने सोमवार को बताया कि जनवरी में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत द्वारा राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी को आमंत्रित किया गया है। दोनों देशों के राजनायिक संबंधों को इस साल 75 साल पूरे हो रहे हैं। भारत और मिस्त्र के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने को एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए सईद ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत को स्वतंत्रता मिलने के तीन दिन बाद दोनों देशों ने औपचारिक संबंध स्थापित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को गणतंत्र दिवस के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और निमंत्रण का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# सड़क हादसे में ढाबा संचालक की गई जान, किया चक्काजाम

जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गाजीपुर निवासी ढाबा संचालक की मौत हो गयी। दुर्घटना की वजह चंद्रावती पेट्रोल पंप के सामने डिवाइडर के बीच वाहनों के आवागमन के लिए छोड़ी जगह बनी। यहां अज्ञात वाहन ने ढाबा संचालक को टक्कर मारी और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने कार्रवाई और लापरवाही को लेकर चक्काजाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात एक बजे अमरेश सिंह आजाद (48) निवासी अमेदा गाजीपुर अपनी कार से उगापुर स्थित अपने ढाबे से घर जा रहा था। कुछ ही दूरी पर चंद्रावती पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था की तभी रोड कट के पास अज्ञात वाहन ने अमरेश सिंह आजाद की कार को टक्कर मार दी। इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हा गयी। मृतक दो भाई में सबसे बड़ा था। घटना की जानकारी मिलने पर वहां पहुंचे परिवार वालों का रोकर हाल बेहाल था। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ढाबा संचालक की सड़क हादसे में मौत की सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों ने वाराणसी-गाजीपुर हाइवे जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया। अज्ञाता वाहन की तलाश के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है।



चंद्रावती में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार



अमरेश सिंह आजाद

### अज्ञात वाहन के धक्के से वृद्ध की मौत

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र स्थित नाद नदी के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गयी। घटना मंगलवार सुबह 9.30 बजे की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फूलपुर के बिंदा गांव निवासी छेदी प्रजापति 56 वर्ष सुबह 9.30 बजे साइकिल से पिंडरा बाजार जा रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्क मार दी। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आयी थी। मृतक को दो लड़के हैं और वह किसानी करता था।

## साड़ी कारोबारी की खोजबीन जारी, अनहोनी का डर

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** साड़ी कारोबारी महमूद आलम (50) की अपहरण के तीन दिन बीतने के बाद अब घरवालों को अनहोनी का डर सताने लगा है वहीं पुलिस भी इसी कमोवेश में हैं। भेलूपुर पुलिस की टीम लगातार तलाश में जुटी है। इस मामले में महिला समेत पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ के आधार पर मंगलवार की सुबह राजघाट से चुनार पुल तक भेलूपुर पुलिस की टीमें पड़ताल की। गंगा में खोजबीन के लिए जल पुलिस और एनडीआरएफ को भी लगाया गया है। पुलिस को आशंका है कि कारोबारी के साथ कुछ अनहोनी हुई है।

इस पूरे घटना की सूत्रधार एक महिला है, जो साड़ी कारोबारी से काफी दिनों से जुड़ी हुई थी। कारोबारी के डेबिट कार्ड से शनिवार को आरोपियों ने दो लाख रुपये भी निकाले। बाबतपुर और रामनगर स्थित एटीएम से 90-90 हजार और चांदमारी रिंग रोड के पास एटीएम से दस हजार रुपये निकाले गए। क्राइम ब्रांच की टीम ने सीसी कैमरे और सर्विलांस के जरिये पांच आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के आधार पर ही सुबह भेलूपुर इंस्पेक्टर रमाकांत दुबे टीम के साथ राजघाट से लेकर चुनार तक मोटरबोट से खोजबीन की।

## चोरी के शक में हिरासत में लिए गये आधा दर्जन

**वाराणसी।** चितईपुर पुलिस गश्त के दौरान मंगलवार को आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। हिरासत में लिए गए सभी घुमंतू गिरोह के सदस्य बताये गये और क्षेत्र में होनी वाली चोरियों के मद्देनजर सभी से पूछताछ जारी है। एसओ चितईपुर बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि हिरासत में लिए संदिग्ध बीते दिनों हुए सोने की दुकान में हुए चोरी में शामिल होने की आशंका हैं। पूछताछ के आधार पर जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## संक्षेप

### पांच दारोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**वाराणसी।** पुलिस उपायुक्त गोमती जोन वीक्रांत वीर ने मंगलवार को पांच दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इनमें फूलपुर थाने के बाबतपुर चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार राय को रामेश्वर चौकी प्रभारी व चौकी प्रभारी रामेश्वर मोहित वर्मा को बड़ागांव थाने की साधोगंज चौकी का प्रभारी बनाया है। इसके अलावा उन्होंने फूलपुर थाने पर तैनात दरोगा अजय यादव को बाबतपुर चौकी प्रभारी नियुक्त किया है। गोमती जोन कार्यालय में तैनात एसआई धर्मेंद्र शुक्ला को राजातालाब थाने पर और संग्राम सिंह यादव को मिजार्मुराद थाने पर तैनात किया है।

### दुकान में चोरी, हजारों का सामान साफ

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के गिलट बाजार स्थित इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में चोरी हुई। यहां इलेक्ट्रानिक उपकरण पर चोरों ने हाथ साफ किया। दुकान के प्रोपराइटर विक्की मध्यानी ने बताया कि 12 तारीख की रात लगभग नौ बजे अज्ञात चोर उसके दुकान के बाहर रखें रूम हीटर को चुरा लिया, चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है, जिसकी लिखित सूचना शिवपुर थाने को दिया। विक्की मध्यानी ने बताया कि पूर्व में भी उसके दुकान से इंटेक्स मल्टीमीडिया ब्लूटूथ स्पीकर लगभग चोरी हुआ था। लेकिन सीसीटीवी कैमरा ठीक ना होने के कारण घटना की जानकारी नहीं मिल सकी थी। पीड़ित ने चोरी की लिखित तहरीर एवं सीसीटीवी फुटेज शिवपुर पुलिस को दिया।

### रेलवे खंभे से लटका मिला वृद्ध का शव

**चौबेपुर।** स्थानीय कादीपुर-सारनाथ रेलवे स्टेशन के बीच छीत्तमपुर गांव के समीप रेल लाइन किनारे रेलवे से खम्भे से सटा एक अज्ञात वृद्ध का शव मिला। मंगलवार को दोपहर में शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आंध्र प्रदेश का तीर्थयात्री गायब

**वाराणसी।** आंध्र प्रदेश के गोदावरी विजयवाड़ा के रहने वाले चागसीस साइसरी श्रीनिवास (55) आठ जनवरी को वाराणसी आया और सोनारपुरा स्थित एक होटल में कमरा लेकर रुका। दस जनवरी होटल का कमरा खाली करके चले गया। इसके बाद से उसका मोबाइल बंद हो गया। परिजनों से जब संपर्क नहीं हुआ तो उसकी पत्नी कनिका लता बेटे संग वाराणसी पहुंची उनके गायब होने की तहरीर भेलूपुर पुलिस थाने में दी। पत्नी की माने तो चागसीस साइसरी श्रीनिवास से उसकी बात नौ जनवरी के बाद नही हुई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से श्रीनिवास की तलाश में जुट गई हैं।

### पेंशन कार्ड बनाने का झांसा देकर महिला से छीना कंगन

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना अंतर्गत वृद्ध महिला को पेंशन बनवाने की बात कहकर उसे उसके हाथ से चांदी का कंगन बदमाशों ने उतरवा लिया। जानकारी के अनुसार कल्लीपुर गांव में धनराज देवी के घर बाइक सवार दो उचक्के पहुंचे। बाइक सवारों ने महिला को वृद्धा पेंशन बनवाने के लिए आधारकार्ड लेकर प्रधान के घर चलने की बात कही और उसे बाइक पर बैठा लिया। प्रधान के घर न जाकर बाइक सवार महिला को मेंहदीगंज नहर मार्ग पर ले जाकर उसके हाथ से चांदी का कंगन निकालकर रिंगरोड़ की ओर भाग निकले।

### भाजपा नेता हत्याकांड के आरोपी की जमानत खारिज

**वाराणसी।** प्रभारी जिला जज अनुभव द्विवेदी की अदालत ने भाजपा नेता पशुपति सिंह की हत्या के मामले में एक और आरोपी सूरज यादव की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी। इसके पहले चार आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध जिला शासकीय अधिवक्ता आलोक चंद्र शुक्ल व वादी के अधिवक्ता प्रेम प्रकाश 'गौतम' ने की। प्रकरण के मुताबिक सिगरा के जयप्रकाश नगर कॉलोनी में 13 अक्टूबर 2022 की रात पशुपति सिंह की कुछ मनबढ़ों ने लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर हत्या कर दी थी। मृतक के बेटा राजन की ओर से सिगरा थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

### वारंटी महिला को किया गिरफ्तार

**लोहता।** कमिश्नरेट की लोहता पुलिस ने न्यायलय द्वारा जारी वारंट पर एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। लोहता थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि न्यायालय द्वारा 146/16 धारा 376डी व 3/4 पोक्सो एक्ट के मामले में जारी किए गए वारंट के अनुपालन में प्रभावी कार्रवाई करते हुए वारंटी महिला को बाबा शहीद की मजार सरैया थाना जैतपुरा से गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायिक हिरासत में जेल में भेज दिया गया।

### लड़कियों पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**सारनाथ।** सारनाथ मूलगंध कुटी बौद्ध पार्क में मंगलवार को लड़कियों पर फब्तियां कसने वाले युवक को पर्यटक पुलिस ने गिरफ्तार किया। पर्यटक थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मूलगंध कुटी बौद्ध पार्क में घूमने आयीं लड़कियों और महिलाओं को देखकर आरोपी कमेंट पास कर रहा था। शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंच उक्त युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान आदमपुर निवासी इरफान के तौर पर हुई उसे जेल भेजा गया।

### मदद के बहाने निकला 75 हजार

**वाराणसी।** एटीएम मशीन में कार्ड फंस जाने के दौरान कार्ड निकालने में मदद के बहाने कार्ड बदलकर 75 हजार की निकासी करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर कैन्ट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। मलाड मुंबई के रहने वाले वीरेंद्र यादव वाराणसी घूमने के लिए आये हुए थे। रविवार को नदेसर मस्जिद स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसा निकालने के दौरान उनका कार्ड मशीन में फंस गया।इस दौरान वहां पहले से मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कार्ड निकालने में मदद करने के बहाने उनका कार्ड बदल लिया और पिन की जानकारी भी प्राप्त कर तीन बार मे खाते से 75 हजार की निकासी कर ली।

## दूसरे के एटीएम कार्ड से 1.47 लाख निकालने वाला गिरफ्तार

### जुए में हार गया था अंगूठी, निकासी के पैसे से की खरीदारी

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने एटीएम मशीन के अंदर से कार्ड बदलकर 1.47 की निकासी करने वाले जालसाज को हनुमार मंदिर पांडेयपुर के पास से दबोचा। उसकी पहचान अभियुक्त विशाल खन्ना निवासी निवासी सुदामापुर थाना भेलूपुर के तौर पर हुई। उसके पास से एक मोबाइल, खरीदारी का कैश मेमो और एक स्कूटी बरामद हुई। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के रजवाड़ी निवासी प्रमोद कुमार यादव लालपुर स्थित एक एटीएम से पैसा निकालने गया था। इस दौरान वहां मौजूद विशाल ने कार्ड बदल लिया और पिन नंबर प्राप्त कर लिया और 1.47 लाख की निकासी कर ली। इस मामले में भुक्तभोगी ने लालपुर पांडेयपुर थाने में रपट दर्ज करायी थी। पूछताछ में अभियुक्त विशाल खन्ना ने बताया निकासी के पैसे से दो सोने की अंगूठी रथयात्रा भेलूपुर स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान से खरीदी। क्योंकि जुआ खेलने में अंगुठी हार गया था। बाकी पैसे में मौज मस्ती की। पैसे निकालने के बाद उसने कार्ड को तोड़ के फेंक दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उपेन्द्र कुमार, हे.का. सुरेन्द्र मौर्या, हे.का. चन्द्रेश कुमार, का.उपेन्द्र सिंह, का. मनीष तिवारी आदि रहे।



## भाजपा की 'आर्ट एवं पेंटिंग' प्रतियोगिता 20 को

**वाराणसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर 27 जनवरी को पीएम मोदी के विद्यार्थियों के साथ होने वाली 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के पूर्व सभी जिलों में 'आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके तहत काशी क्षेत्र के सभी 16 संगठनात्मक जिलों में 18 से 20 जनवरी के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। काशी क्षेत्र के कार्यक्रम संयोजक डॉ. कमलेश झा ने बताया कि 20 जनवरी को आयोजित प्रतियोगिता के तहत वाराणसी जिले में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय, महानगर में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एके त्यागी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' होंगे। काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ ही 10 सर्वश्रेष्ठ, 25 श्रेष्ठ तथा शेष को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

# ओवरटेक के चक्कर में पलटी बस, बाल-बाल बचे 45 यात्री

**हादसा**

### बस का शीशा तोड़कर निकाला गया बाहर, कुछ को हल्की चोट आयी

जनसंदेश न्यूज

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र अंतर्गत भदोही मार्ग पर झबरा (जलालपुर) गांव के पास मंगलवार सुबह वाराणसी से भदोही की तरफ जा रही यात्रियों से भरी बस ऑटो को ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गयी। इसके पहले बस पेड़ से टकरायी थी। हादसे के बाद वहां पहुंचे ग्रामीणों ने बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। अच्छी बात ये रही कि दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आयी हां, हल्की चोट आने पर उपचार के बाद यात्रियों को घर भेज दिया गया। घटना के बाद चालक और खलासी बस छोड़कर भाग निकला।



पलटी बस से घायलों को निकालते लोग

जानकारी के अनुसार चांदपुर वाराणसी से 45 यात्रियों को लेकर भदोही जा रही बस जलालपुर गांव के समीप एक ऑटो को ओवरटेक किया ओवरटेक के दौरान आगे स्कूटी आ गयी ऐसे में चालक ने कट मारी और बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए पलट गयी।

यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की तरफ भागे और बस में सवार लगभग 45 यात्रियों को बस का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। इस दौरान भदोही मार्ग एक घंटे तक प्रभावित रहा। मौके पर पहुंची जंसा पुलिस आवागमन सूचारू कराया। वही बस चालक एवं खलासी घटनास्थल से भागने में सफल रहे। आंशिक रूप से घायल यात्रियों का इलाज हाथी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को लेकर अभियान शुरू

**वाराणसी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को देखते हुए निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान प्रारंभ कर दिया, जिसके अन्तर्गत मंगलवार को सरायनंदन वार्ड में मुंशी प्रेमचंद पार्क में वरिष्ठ नागरिकों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके तहत उक्त पार्क में बुजुर्गों को इकट्ठा कर उनको कूड़ा प्रबंधन, सैग्रिगेसन और साफ-सफाई के बारे में बताया गया। वरिष्ठ नागरिकों को कूड़े को सैग्रिगेट कर अलग-अलग कूड़ेदान में रखने और एकत्रित कर वाहन में गीला कूड़ा अलग व सूखा कूड़ा अलग देने के फायदे को समझाया, ऐसा ना करने पर लगने वाले जुमार्ने को विस्तार से बताया गया। यूजर चार्ज के विषय में पूरी जानकारी दी।



नागरिकों को स्वच्छता ऐप डाउनलोड करवाया और सभी प्रतिभागियों से भविष्य में साफ सफाई रखने के लिए शपथ ग्रहण करवाई गई। आभियान में पंपलेट बांटे गए। वहीं दूसरी ओर पांच जनवरी से 31 मार्च तक चलाये जा रहे स्वच्छ ढाबा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रमरेपुर स्थित होटलों पर जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया, कार्यशाला के माध्यम से जीरो वेस्ट के लिए कूड़े के सैग्रीगेसन व उनके उपयोग और कूड़ा निस्तारण के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। अलग-अलग कूड़े के फायदे जैसे गीले कूड़े का उपयोग खाद, बिजली और कोयला बनाने में किया जा रहा है, सूखे कूड़े को रिसाइकल कर फिर से उपयोग में लाया जा रहा है। इस प्रकार कूड़े का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। बताया गया कि सभी कूड़े को इधर उधर ना फैंके बल्कि उसे अलग-अलग देकर निगम को सहयोग करें। इसके बाद स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को देखते हुये दशाश्वमेध जोन के अंतर्गत इंदिरा नगर कालोनी में भी जनजागरूकता रैली का कार्यक्रम किया गया, जिसके अन्तर्गत रैली के माध्यम से माइक अनाउंसमेंट द्वारा जनता को कूड़ा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि जनजागरूकता का अभियान निरंतर चलता रहेगा।

### बसंता में हुआ प्रतिभा प्रदर्शन व फ्रेशर्स गेट टुगेदर का आयोजन

**वाराणसी।** वसंत महिला महाविद्यालय में मंगलवार को सांस्कृतिक समिति के संयोजन द्वारा प्रतिभा प्रदर्शन एवं फ्रेशर्स गेट टुगेदर का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यक्रम की शुरूवात प्राचार्य डॉ. अलका सिंह के द्वारा महाविद्यालय के नव प्रवेशी छात्राओं के स्वागत और उत्साहवर्धन के साथ किया गया, उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती जहां से भी ज्ञान की प्राप्ति हो वहां से ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। महाविद्यालय में विविध रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विविध प्रकार के संगीत तथा विभिन्न राज्यों की नृत्य मुख्य आकर्षण रहे, जिसमें सरस्वती वंदना, भजन आदि का आयोजन संगीत विभाग के द्वारा हुआ। साथ ही ओड़िशी, संबलपुरी, राजस्थानी नृत्यों का अद्भुत प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में बीए प्रथम वर्ष और एमए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रगति, वंदना, अनुष्का राय, आर्य शुक्ला, सांभवी ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठा आचार्य व अनुष्का ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ परवीन सुल्ताना, प्रभारी डॉ. श्वेता और उनकी सहयोगी डॉ. विलंबिता, डॉ. संजय वर्मा, डॉ. संवेदना एवं मनु जायस, डॉ. बृहस्पति भट्टाचार्य आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# कोटेदारों को सीएससी से जोड़ रही योगी सरकार

**बढ़ेगी आय**

### राशन बांटने के साथ बिजली का बिल भी कर सकेंगे जमा

### पहले चरण में 36 कोटेदारों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**वाराणसी।** योगी सरकार कोटेदारों की आय बढ़ाने के लिए उन्हे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से जोड़ रही है। इसके जरिये वह अपनी दुकानों से राशन बांटने के साथ जाति व आय प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, पैन कार्ड के लिए आवेदन और बिजली के बिल जमा कर सकेंगे। इसके लिए उन्हे योगी सरकार की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सेंटर के जिला प्रबंधक अरविंद मौर्या ने बताया कि 36 कोटेदारों को योगी सरकार की ओर से आईडी जनरेट कर दी गई है। इन सभी कोटेदारों को सीएससी के संचालन के लिए ट्रेनिंग दी जा रहा है। सेंटर के जरिये 100 से अधिक सेवा मुहैया करायी जाती है, जो ग्रामीण और शहरी जनमानस से जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कोटेदार योगी सरकार की इस योजना से जुड़कर हर माह पांच से दस हजार अतिरिक्त कमाई कर सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि जिले में 1354 कोटेदार हैं। पहले चरण में 36 कोटेदारों को प्रशिक्षित किया जा रहा, जिससे वे सीएससी की सेवाओं से भलीभांति परिचित हो जाएं और इसका संचालन अच्छे से कर सकें। इसके बाद आगे भी अन्य इच्छुक कोटेदारों को योजना से जोड़ा जाएगा।

### गत चैंपियन संदीप कैरम के क्वार्टर फाइनल में

**वाराणसी।** काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के बैनर तले आनन्द चंदोला खेल महोत्सव का दूसरा चरण मंगलवार से पराड़कर स्मृति भवन के बहुद्देशीय सभागार में शुरू हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव में 35वीं दीनानाथ गुप्त स्मृति मीडिया बैडमिंटन, विश्वनाथ सिंह दद्दू स्मृति टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज के मुकाबले खेले जायेंगे। गत चैंपियन संदीप गुप्त, रोहित चतुर्वेदी, पंकज त्रिपाठी, आर. संजय, अरुण मालवीय, शैलेश चौरसिया और शंकर चतुर्वेदी ने कैरम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शहाबगंज जनपद चन्दौली में गोवंश तस्करी में जब्त वाहनों कि नीलामी दिनांक 23.01.2023 समय करीब 10.00 बजे से 14.00 बजे तक होना प्रस्तावित है।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति समय से थाना शहाबगंज पर उपस्थित होकर खुली नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें।

थानाध्यक्ष
मिथिलेश कुमार तिवारी
थाना शहाबगंज, जनपद चन्दौली

**जनसंदेश टाइम्स**
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 2830913 का अंकपत्र सह मूल प्रमाण पत्र (क्रमांक 90104245) वास्तव में कहीं खो गया है। कु0 विन्ध्यवासिनी सिंह, पुत्री गुरू प्रसाद सिंह, ग्राम व पोस्ट-पकरहट, जनपद-सोनभद्र।

मेरा मेरे पुत्र आनन्द जायसवाल एवं उनकी पत्नी कंचन जायसवाल से कोई वास्ता नहीं है वो दोनों मेरे कहने में नहीं है। अतः मैं उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब उन दोनों की जिम्मेदारी मेरी नहीं है। संतोष कुमार जायसवाल पत्नी ऊषा देवी, पता-सी4/300 चेतगंज, वाराणसी।

सूचित किया जाता है कि दुर्गावती देवी पत्नी बुद्धू राम निवासी ग्राम-सेमरा, पोस्ट व थाना-जमालपुर, जनपद-मीरजापुर की निवासिनी है। प्रार्थिनी का इलाहाबाद बैंक शाखा शेरवां में 20000.00 बीस हजार रुपए फिक्स डिपॉजिट की है जिसकी अवधि अभी पुरी नहीं हुई है। प्रार्थिनी को पैसे की जरूरत है जिसके लिए प्रार्थिनी अपना फिक्स डिपॉजिट तुड़वाना चाहती है। प्रार्थिनी के फिक्स डिपॉजिट की रसीद कहीं खो गई है जिसका बहुत खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिल रहा है। दुर्गावती देवी पत्नी बुद्धू राम निवासी-सेमरा, जमालपुर, मीरजापुर, मो0-9519075204

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-श्री नाथ अलकनंदा पी.जी. कॉलेज** भूवरपुर, अनौनी गाजीपुर उ0प्र0 (सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र व भूगोल में तीन-तीन तथा हिन्दी, समाजशास्त्र में दो-दो पद, योग्यता- यू0जी0सी0/एन0सी0टी0ई0, वेतन-उ0प्र0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना फोन/डाक के माध्यम से दी जायेगी। **प्रबंधक मो.-9452069831/ 8052085808**

# रविदास जयंती में शामिल होने के लिए होटलों की बुकिंग शुरू

### देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे सीरगोवर्धनपुर

**वाराणसी।** पांच फरवरी को संत रविदास जयंती में शामिल होने के लिए लाखों की संख्या में संगत देश विदेश से सीरगोवर्धनपुर पहुंचेगी। जयंती में शामिल होने के लिए आने वाले संगत के रहने के लिए मेला क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में पंडाल का निर्माण कार्य चल रहा हैं। पंजाब, हरियाणा, मुंबई सहित देश विदेश में रहने वाले सैकड़ों लोगों ने शहर के विभिन्न होटलों में अपनी ऑनलाइन बुकिंग कराई हैं। जबकि कुछ लोगों ने मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से अपनी बुकिंग गेस्ट मंदिर के गेस्ट हाउस में कराई हैं। मंदिर के अगल- बगल के घरों में दुकान लगाने और रहने के लिए अपनी जमीन और कमरा किराये पर ले रहे हैं। अमृतवाड़ी का पाठ 20 जनवरी से शुरू हो जाएगा। सेवादारों का पहला जत्था जालंधर से बुधवार को चलकर गुरुवार को सीरगोवर्धनपुर पहुंचेगा। सेवादार पहले जत्था में 125 की संख्या में होंगे। प्रधानमंत्री के हाथ से उद्घाटन हुए सत्संग हाल के चारों तरफ बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य चल रहा हैं। मंदिर का रंग-रोगन साफ सफाई करने में पंजाब से आए सेवादार जुट गए हैं। पंडाल निर्माण का अंतिम चरण में चल रहा हैं। जयंती में शामिल होने के लिए स्पेशल ट्रेन से संगत के साथ संत निरंजन दास तीन फरवरी को पहुंचेंगे। संत निरंजन दास चार फरवरी को पंडाल और मेला क्षेत्र का भ्रमण कर अनुयायियों को दर्शन देंगे। मेला क्षेत्र में बिजली सप्लाई करने के लिए 125 केवी के पांच जनरेटर लगेगा। मंदिर से मेला और पंडाल क्षेत्र में जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे।



# 8.82 करोड़ से बन रहे घाट व धर्मशाला

**विधायक ने किया अवलोकन**

### रामेश्वर तीर्थ धाम में दिये कई निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**जंसा।** रामेश्वर तीर्थ धाम में 'ओवर ऑल टूरिज्म डेवलपमेंट' अंतर्गत पंचकोशी परिक्रमा के तृतीय पड़ाव रामेश्वर के पर्यटन विकास के लिए 8.82 करोड़ की लागत से बनाये जा रहे वरूणा नदी पर 50 मीटर लम्बाई के नये घाट व धर्मशालाओं के पुनरोद्धार कार्य का रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने अवलोकन किया। विधायक डॉ पटेल ने कहा कि जहां भगवान श्रीराम ने एक मुट्ठी रेत से शिवलिंग की स्थापना कर पवित्र बना दिया।

ऐसे तीर्थ धाम के विकास का पूरे ईमानदारी व गुणवत्ता बनाये जाने का निर्देश दिया।

कार्यदायी संस्था यूपी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि. की ओर से कार्य कराया जाना है। कार्य गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर शासन को सूचित कर अन्य एजेंसी से कराई जाएगी। इसमें किसी तरह का समझौता नहीं होगी। जैसा कि मन्दिर के पुजारी प. अन्नू तिवारी ने बताया कि यहाँ पर पूर्व के कार्यदायी एजेंसी के ठीकेदार ने मानक व गुणवत्ता का वगैर ध्यान दिए कार्य किया।

जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है। यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय कुमार जैन ने कार्ययोजना के बाबत बताया कि घाट निर्माण व धर्मशाला जीर्णोद्धार के साथ-साथ रामेश्वर पंचकोशी तीर्थ धाम पर आगमन क्षेत्र के पास प्रवेश और प्रस्थान क्षेत्र के पास विशाल पत्थरों के स्तम्भ बनाये जाएंगे।

इस अवसर पर त्रिभुवन मौर्य, ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव, पूर्व ग्राम प्रधान डॉ राम प्रसाद, जयप्रकाश यादव (जेपी), सोनू यादव, देश यादव रामगोपाल चौरसिया, जितेंद्र मौर्य सहित कई लोग उपस्थित रहे। पूजन कार्य पुजारी प. अनूप तिवारी ने किया।





**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर**

[illegible] दिनांक : 17.01.2023

[illegible]

कुलसचिव

**कार्यालय-जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, चन्दौली के अन्तर्गत गुमशुदा शिशु का सूचना**

पत्रांक-3924/जि0प्रो0अ0/विज्ञप्ति/2022-23, दिनांक : 16.01.2023



बाल गृह (शिशु)/विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण सेंट जेवियर्स स्कूल सर्कस रोड, प0 दी0 द0 उपा0 नगर, चन्दौली (उ0 प्र0)।

काल्पनिक नाम-अनामिका, पिता का नाम-अज्ञात, माता-अज्ञात, पता-अज्ञात, लिंग-स्त्री, उम्र लगभग 4 वर्ष, प्रवेश तिथि-30.12.2022 आदेश बाल कल्याण समिति चन्दौली। उपरोक्त बालिका देहरादून हावड़ा एक्सप्रेस में प0 दी0 द0 उपा0 नगर, चन्दौली के प्लेटफार्म संख्या-2 पर लावारिस अवस्था में प्राप्त हुयी है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन प्रकाशित होने के एक माह (30 दिन) के अन्दर गुमशुदा बालिका के माता-पिता/अभिभावक/ परिजन कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्दौली/बाल गृह (शिशु)/विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण सेंट जेवियर्स स्कूल सर्कस रोड प0 दी0 द0 उपा0 नगर, चन्दौली में साक्ष्य के साथ सम्पर्क करें। अन्यथा उक्त बालिका को दत्तक ग्रहण में देने के लिए स्वतंत्र किये जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी। जरिये मो0 नं0-सचिव/प्रबन्धक विरेन्द्र प्रताप-9450247479 संरक्षण अधिकारी किशन वर्मा-8707410910 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

(किशन वर्मा)
संरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण इकाई, चन्दौली

(प्रभात कुमार)
जिला प्रोबेशन अधिकारी
चन्दौली





# वाराणसी

# खिलखिलाते हुए सोना नई ऊंचाई पर

## सोने की कीमत में 19 साल में 10 गुना इजाफा, निवेशकों को जबर्दस्त मुनाफा

**बाजार**

**2004 में थी 5850 रुपये प्रति ग्राम कीमत, अब भाव हुआ 58 हजार रुपये पार**

**परंपरागत निवेशक मानते हैं सोने को सुरक्षित माध्यम, डिमांड में हो रहा इजाफा**

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** नये साल के शुरुआत से ही सोना नित नये पायदान पर बढ़ता जा रहा है। नये साल के पहले दिन से लेकर आज तक की बात करें तो सोने के दाम में करीब डेढ़ हजार रुपये प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है। बात करीब ढाई साल पूर्व से लेकर वर्तमान की करें तो सोने की कीमतों ने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया हाई लेवल छुआ था। सराफा बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की मानें तो सोने की कीमत में 19 साल में लगभग 10 गुना का इजाफा हुआ है। इसके चलते निवेशकों को जबर्दस्त मुनाफा मिला।

सराफा बाजार के विशेषज्ञों की मानें तो सोने की कीमतों में आग लगी है और हर रोज यह नया रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। बीते साल अक्टूबर में दीपावली और धनतेरस के दौरान बिक्री में बढ़ोतरी से उत्साहित ज्वैलर्स नए साल में मांग बढ़ने की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन जिस रफ्तार से सोने की कीमत बढ़ रही है, उनकी उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। बुलियन ज्वेलर्स की मानें तो स्थानी घरेलू मार्केट में सोना नए रिकॉर्ड 58325 रुपये प्रति ग्राम पर कारोबार कर रहा है। बता दें कि इसके पहले तक सोना का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड 56600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। बुलियन मार्केट के जानकारों की मानें तो मंगलवार को 58325 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर को छूआ। यह जनवरी-2021 को इसी तारीख के बाद इसका नया हाई रेट रहा। बता दें इससे पहले सोने का दाम 17 जनवरी 2021 को 50750 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि इसके बाद से सोने के भाव में निरंतर चढ़ाव ही देखने को मिला और आगे भी चढ़ाव का स्तर बरकरार रहने की उम्मीद जतायी गयी है। बात यदि करीब 19 साल पहले की करें तो वर्ष 2024 में सोने की कीमत 5850 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो वर्तमान में करीब 10 गुना तक बढ़ गया है। बावजूद इसके, सोने की डिमांड में इजाफा बरकरार है। यहीं वजह है कि परंपरागत निवेशक भी सोने में निवेश को अभी भी सुरक्षित मानते हैं। आपको बता दें कि जनवरी में सोने की कीमत में लगातार तेजी आई है। ये चमकीली धातु कई बार 56 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करने में सफल रही है। दो जनवरी को भी सोना 56700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंचा था। इस तेजी के कारण चांदी एक बार फिर 70000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। जबकि 16 अप्रैल 2022 को भी चांदी की कीमत 70000 रुपये प्रति किलोग्राम था।

### सोने का भाव जा सकता है 64000 रुपये के स्तर पर

जानकारों का कहना है कि डॉलर इंडेक्स में आई कमजोरी के कारण सोने की कीमत को वैश्विक स्तर पर सपोर्ट मिला है। विशेषज्ञों की मानें तो डॉलर इंडेक्स में आई गिरावट के साथ ही सोने की कीमत में हुई तेजी की एक वजह दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की तरफ से बड़े पैमाने पर सोने की खरीद करना भी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में बनी अनिश्चितता के कारण दुनिया भर के ज्यादातर देश अपने गोल्ड रिजर्व को मजबूत करने में लगे हैं। 2022 से लेकर अभी तक कई देशों के केंद्रीय बैंक करीब 400 टन सोने की खरीद कर चुके हैं, जिसकी वजह से भी सोने की कीमत को काफी सपोर्ट मिला है। माना जा रहा है कि अगर वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार की मौजूदा रफ्तार बनी रही, तो इस साल सोना 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक भी जा सकता है।

### ये हैं सोने में तेजी के कारण



1. साल 2023 में दुनिया भर में मंदी की आशंका बढ़ रही हैं। अमेरिका में मंदी आना तय है। 2023 चीन के लिए भी काफी खराब साबित होने वाला है। सराफा बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस साल एक तिहाई दुनिया मंदी की चपेट में होगी। मंदी की स्थिति में सोना सेफ हैवन एसेट के रूप में मजबूत होता है और कीमतों में तेजी आती है।
2. डॉलर इंडेक्स 114 से गिरकर 104 पर आ गई है। डॉलर में आगे भी गिरावट रहने का अनुमान है। जब डॉलर गिरता है तो सोने में तेजी आती है।
3. जब भी दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव देखने को मिलता है, तो सोना-चांदी सेफ हैवन एसेट बनने लगते हैं। इससे कीमतों में तेजी आती है। इस समय रूस-यूक्रेन युद्ध जस का तस बना हुआ है। इसके अलवा चीन-ताइवान में भी विवाद बढ़ता जा रहा है।
4. चीन हर साल 1000 टन सोना आयात करता है। जीरो कोविड पॉलिसी लागू होने के दौरान चीन का सोना आयात काफी गिरा हुआ था। लेकिन अब चीन अपनी बॉर्डर्स को पूरी तरह खोल रहा है। वहां जीरो कोविड पॉलिसी वापस ले ली गई है। इससे चीन में सोने की डिमांड बढ़ेगी और यह कीमतों में तेजी लाएगा।
5. भारत, चीन सहित दुनिया भर के केंद्रीय बैंक लगातार सोने की खरीदारी कर रहे हैं। इससे सोने की डिमांड बनी रहेगी।
6. गिरते शेयर बाजारों के चलते निवेशक इस समय दूसरे निवेश विकल्पों की तरफ देख रहे हैं। ऐसे में सोने की मजबूत इन्वेस्टमेंट डिमांड बनी हुई है।
7. बढ़ती महंगाई और घटती ग्रोथ रेट से स्टैगफ्लेशन की स्थिति बन रही है। स्टैगफ्लेशन सोने को सपोर्ट करती है।

### एक नजर सोने की बढ़ती कीमतों पर

| तारीख | कीमत (प्रति 10 ग्राम) |
|---|---|
| 17 जनवरी 2023 | 58325 रुपये |
| 16 जनवरी 2023 | 58050 रुपये |
| नौ जनवरी 2023 | 58100 रुपये |
| दो जनवरी 2023 | 56700 रुपये |
| 17 दिसम्बर 2022 | 55450 रुपये |
| 17 नवम्बर 2022 | 54600 रुपये |
| 17 अक्टूबर 2022 | 52210 रुपये |
| 17 सितम्बर 2022 | 51350 रुपये |
| 17 अगस्त 2022 | 54200 रुपये |
| 17 जुलाई 2022 | 52000 रुपये |
| 17 जून 2022 | 52850 रुपये |
| 17 मई 2022 | 52100 रुपये |
| 17 अप्रैल 2022 | 55000 रुपये |
| 17 मार्च 2022 | 53300 रुपये |
| 17 फरवरी 2022 | 51050 रुपये |
| 17 जनवरी 2022 | 49250 रुपये |
| 17 जनवरी 2021 | 50750 रुपये |

# भोजन की गुणवत्ता को लेकर बीएचयू में छात्राओं का धरना



बीएचयू कुलपति आवास के समक्ष धरना देती छात्राएं

**नाराजगी**

**सोमवार की रात से मंगलवार को देर शाम तक अड़ी रहीं कुलपति आवास के समक्ष**

**शोध छात्राएं बोलीं, हॉस्टल के मेस में बेहद खराब क्वालिटी का खाना दिया जा रहा**

**वाराणसी।** बीएचयू के न्यू पीएचडी गर्ल्स हॉस्टल के मेस में खराब खाना दिए जाने से नाराज छात्राओं का सोमवार की रात से शुरू हुआ धरना मंगलवार को देर शाम तक जारी रहा। कुलपति आवास पर धरने पर बैठी छात्राएं कुलपति प्रो. सुधीर जैन से मिलने की मांग पर अड़ी हैं।

सोमवार की सर्द रात में भी करीब दो सौ शोध छात्राएं धरने पर बैठी रहीं। उनका कहना है कि पीरियड्स में बॉडी की न्यूट्रीशियन की काफी जरूरत होती है। लेकिन हॉस्टल के मेस में बेहद खराब क्वालिटी का खाना दिया जा रहा है। उनकी मांग है कि कुलपति खुद आकर उनकी बात सुने। उसके बाद ही धरना खत्म होगा। कुलपति आवास के बाहर सुरक्षा अधिकारियों और मीडिया को मेस की थाली दिखाते हुए छात्राओं ने सवाल किया कि क्या शोध छात्राओं को ऐसा घटिया भोजन मिलना चाहिए? उबले हुए फ्राइड राइस, कच्चे चावल और ऑयली फूड्स? छात्राओं का कहना है कि ये खाना हमें नुकसान पहुंचाएगा। कई छात्राओं का कहना है कि वे दिल्ली, नैनीताल यूनिवर्सिटी में भी पढ़ी है, मगर ऐसा खाना कहीं नहीं मिला।

कई छात्राओं कहना है कि हम डॉक्टरी की पढ़ाई करके यहां आए हैं। दिन भर अस्पताल की ओटी, ओपीडी और लैब में काम रहते हैं। हॉस्टल में आने के बाद खराब खाना मिलता है। दिन भर अस्पताल में इलाज करते हैं और रात में मिलता है बीमार करने वाला खाना। यहां धरने से पहले हमने वार्डेन, डीन ऑफ स्टूडेंट से लेकर कुलपति तक को मेल करके शिकायत की। मगर, अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

अब जब तक हॉस्टल में बेहतर सुविधाएं बहाल नहीं होंगी, हम धरने से नहीं हटेंगे। धरने पर बैठी छात्राओं ने कहा कि जब वे अपनी समस्याओं को लेकर अपने वार्डेन के पास जाती हैं, तो वो हम सब चिल्लाकर भगा देती हैं। हॉस्टल से निष्कासन की धमकी और बेइज्जत करके सबकी आवाज को शांत कर देती हैं। पिछले एक साल से हम सभी ऐसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। दूसरी तरफ, छात्रओं के धरने को देखते हुए रात में कैंपस में भारी पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों को तैनात कर दिया गया था।

### इन समस्याओं पर आग-बबूला हैं छात्राएं

मेस के कर्मचारी गलत नजरों से छात्राओं को देखते हैं।
मेस में छात्राओं को सिंथेटिक दूध प्रोवाइड कराया जाता है।
वार्डेन और मेस स्टाफ धमकी देकर मानसिक उत्पीड़न करते हैं।
खाने में आरारोट और कॉर्न स्टार्च डालकर ग्रेवी तैयार की जाती है।
आठ फ्लोर के हॉस्टल में चार लीटर के केवल दो वाटर प्यूरीफायर हैं।
ग्रेवी, दही, छाछ आदि में टार्टरिक एसिड का इस्तेमाल किया जाता है।
खाना परोसने वाले स्टाफ का लड़कियों के साथ खराब बर्ताव रहता है।
न तो पीने का फिल्टर्ड पानी मिलता है न ही हॉस्टल में साफ-सफाई होती है।
सात महीने से हॉस्टल में वाई-फाई की व्यवस्था नहीं हुई। जबकि एनुअल फीस 20 हजार जमा करते हैं।
एक मेस में 250 छात्राओं के भोजन करने के लिए लंबी लाइन लग जाती है। घंटों इंतजार करना पड़ता है।

## अब कर जमा करना हुआ आसान

**वाराणसी।** नगर निगम द्वारा नगर के भवन स्वामियों को उनके द्वारा जमा किये जाने वाले गृहकर, जलकर, सीवरकर को जमा करने के लिए आनलाइन सुविधाओं में वृद्धि कर दी गयी है। नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर निगम के कम्प्यूटर सेल विभाग द्वारा एचडीएफसी बैंक के सहयोग से विगत एक वर्ष से कार्यवाही की जा रही थी, जिसे भारत सरकार ने निगम को भारत बिल पे सर्विस (बीबीपीएस) सिस्टम में पंजीकरण कर लिया। नगर आयुक्त के द्वारा इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी। निगम के वेबसाइट पर भारत बिल पे सर्विस (बीबीपीएस) पोर्टल पर डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पेटीएम, गुगल-पे, रूप्पे पे, भीम ऐप, क्यूआर कोड, सभी प्रकार के बैंक इत्यादि उपलब्ध हैं, जिससे कर जमा करने में कठिनाई नहीं होगी। निगम, वाराणसी को यह सुविधा प्रदान करने में एचडीएफसी बैंक द्वारा अहम भूमिका निभायी गयी है। नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे भवन का गृहकर, जलकर, सीवरकर का भुगतान आनलाईन घर बैठे जमा करें।

# वैश्विक परिवेश में उत्पादों की गुणवत्ता महत्वपूर्ण

**जागरूकता कार्यक्रम**

**एमएसएमई विकास कार्यालय व रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन का आयोजन**




एमएसएमई विकास कार्यालय व रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के जागरूकता कार्यक्रम में बोलते संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह

**वाराणसी।** भारत सरकार की जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट (जेड) सर्टिफिकेशन स्कीम को बढ़ावा देने के उद्देश्य एवं एमएसएमई की नई पालिसी पर प्रकाश डालने की खातिर एमएसएमई विकास कार्यालय वाराणसी व रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले मंगलवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाराणसी मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह ने कहा कि आज के वैश्विक परिवेश में उत्पाद की गुणवत्ता बहुत महत्व रखती है।

उन्होंने कहा कि उत्पाद उत्पादन की प्रक्रिया भी पर्यावरण के अनुकूल होनी चाहिए, जिससे हमारे उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बना सकें। एमएसएमई विकास कार्यालय प्रयागराज के संयुक्त निदेशक व कार्यालय प्रमुख एलबीएस यादव ने बताया कि जेड सर्टिफिकेशन योजना का सरलीकरण किया गया है। एमएसएमई मंत्रालय की तरफ से जेड सर्टिफिकेशन के लिए प्रोत्साहन स्वरूप शुल्क में सूक्ष्म उद्योगों को 80 प्रतिशत, लघु उद्योग को 60 प्रतिशत एवं मध्यम उद्योग को 50 प्रतिशत की छूट की गई है। साथ ही दस हजार का कूपन जेड पंजीकरण के साथ ही उपलब्ध हो जाता है। इन सुविधाओं को देखते हुए सूक्ष्म उद्योगों को कांस्य सर्टिफिकेट के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से विभिन्न स्तरों पर जेड सर्टिफिकेशन स्कीम के तहत 5.5 लाख तक की सहायता प्रदान की जाती है। अध्यक्षता करते हुए रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने सभी उद्यमियों से आह्वान किया कि भारत फाइव ट्रिलियन इकोनामी तभी प्राप्त कर सकता है, जब हमारे उत्पाद वैश्विक स्तर के होंगे और उद्योग ऊर्जा संरक्षण व अपशिष्ट प्रबंधन को ध्यान में रखकर कार्य करेंगे। लोगों को जेड सर्टिफिकेशन योजना का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने ने प्रदेश में चल रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2022-23 की भी चर्चा की। बताया कि वाराणसी व चंदौली जनपद लक्ष्य से आगे बढ़कर निवेश योजना पर अग्रसर है। उपायुक्त वाराणसी मोहन कुमार शर्मा व उपायुक्त चंदौली वीके कौशल ने भी उद्यमियों से उत्तर प्रदेश औद्योगिक नीति-2022 के तहत बढ़-चढ़कर निवेश के लिए आह्वान किया। उन्होंने उद्योग स्थापना में आ रही किसी भी समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया, जिससे बेरोजगारी की समस्या से निपटा जा सके।

हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग कार्यालय प्रमुख अरुण कुमार कुरील ने उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं परिधान पालिसी-2022 पर प्रकाश डालते हुए उद्यमियों से उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में निवेश करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी बी गौतम ने खाद्य क्षेत्र में हो रहे तकनीकी विकास एवं विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। भारतीय गुणवत्ता परिषद से नामित निखिल बंसल ने जेड सर्टिफिकेशन योजना पर प्रकाश डाला। संचालन सहायक निदेशक राजेश कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम में सतीश गुप्ता, जितेन्द्र पाण्डेय, हरिवंश सिंह, अशोक सुल्तानिया, चंद्रेस्वर जायसवाल, विजय कपूर, अमित गुप्ता, पंकज बिजलानी, अजय राय, ओमप्रकाश जायसवाल, कारण केजरीवाल, राजकुमार खनचंदनी, संजय लखमानी, गगन सिंह, राकेश अग्रवाल, रितेश वाधवानी, विनोद मथुरा, निशार अहमद, सुनील जैन, सत्यवीर साहू, दिव्यांग रूंगटा, राम सिंह, सहाबुद्दीन अन्सारी, त्रिभुवन सिंह, मनोज तिवारी, भारत जोतवानी आदि उद्यमी उपस्थित थे।

# कोहरा व ठंड फिर बढ़ने के आसार

जनसंदेश न्यूज

**मौसमी मिजाज**

**धूप निकलने के बाद नम हवाओं ने बदन गुदगुदाया**

**वाराणसी।** दो दिन से उत्तर पश्चिमी हवाओं में नमी अधिक होने की वजह से ठंड भी बढ़ गई है। इसी वजह से धूप भी असरदार नही लग रहीं हैं। मंगलवार की सुबह मौसम तो साफ रहा और धूप भी निकली, लेकिन नम हवा चलने से ठंड से राहत नहीं मिली।

धूप निखरने के बावजूद तापमान में गिरावट के चलते लोगों को फिर से गलन वाली ठंडी परेशान करने लगी है। दिन में भले ही तेज धूप खिली थी, लेकिन ठंडी हवा के आगे वह भी बेअसर साबित हो रही थी। यही कारण कि भी लोग ठिठुरते रहे। शाम होते ही लोग घरों में दुबक गए जिन्हें बहुत जरूरी कार्य था वे ही सड़क पर दिखे। कई साल बाद लगातार कई दिनों से भीषण सर्दी से लोग परेशान है। इस साल न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था। खास बात रही है कि यह स्थित कई दिनों तक रही, जिसके कारण धूप के लिए भी लोगों को तरसना पड़ा था। हालांकि 14 जनवरी को धूप होने के कारण लोगों को ठंड से काफी हद तक राहत मिली, लेकिन इसके बाद से गलन ने फिर से लोगों को डराना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही मौसम बना रहेगा। साथ ही तापमान में और गिरावट की भी संभावना है। भले ही धूप होगी, लेकिन गलन भरी ठंड बरकरार रहेगी। यह सब बर्फबारी होने का का असर है कि गलन बढ़ी है। इस सप्ताह कोहरा छाने और तापमान में कमी के आसार हैं।

## अस्सी घाट पर रंगोली से बनाया जी20 का लोगो


**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसी उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत भाजपा महिला मोर्चा जिला व महानगर इकाई की कार्यत्रियों ने मंगलवार को अस्सी घाट पर जी20 लोगो की रंगोली सजाई। जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान मोर्चा की कार्यकत्रियां हाथों में जी20 की तख्तियां लेकर पीएम मोदी एवं भारत माता की जयकारे भी लगाई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया थीं। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष कुसुम पटेल, जिलाध्यक्ष विनीता सिंह, साक्षी साहनी, प्रज्ञा पांडे, पूजा पांडे, साधना पांडे, आरती पाठक, अर्चना सिंह अंजली गुप्ता, स्नेहा सिंह, मुमताज बानो, अनीशा शाही आदि मौजूद रहीं

# फाइलेरिया उन्नमूलन को आयुर्वेद हॉस्पिटल तैयार

**सुविधा**

**जनवरी के अंत तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं उद्घाटन**

**वाराणसी।** फाइलेरिया उन्नमूलन की दिशा में चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय का खास योगदान होगा, यहां एक नई विंग बनायी जा रही है जो सिर्फ फाइलेरिया पर कार्य करेगा। जनवरी के अंत में संभवतः इस विंग का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से उद्घाटन किये जाने की संभावना जतायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार व बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से इस केंद्र का शुभारम्भ किया जायेगा, सिर्फ वाराणसी ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के उन लोगों को राहत मिलेगी जो फाइलेरिया से ग्रसित होंगे, केरल का इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डमेटोलॉजी (आईएडी) भी मरीजों के इलाज में मदद करेगा। राजकीय आयुर्वेद में केंद्र फरवरी से शुरू हो जाएगा। महाविद्यालय की ओर से नौ प्रशिक्षुओं को विशेष प्रशिक्षण के लिए केरल भेजा गया है। फाइलेरिया के



गंभीर मरीजों का राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के द्वितीय तल पर खुलने वाले केंद्र में इलाज किया जाएगा। आईएडी की ओर से राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में इस केंद्र को सेंटर आफ एक्सीलेंस के तौर पर विकसित करने की योजना है। प्राचार्य प्रो. नीलम गुप्ता ने बताया कि बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए प्रदेश सरकार से समझौता किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के हाथों इसकी शुरूआत होगी। इस चिकित्सा पद्धति से इलाज में फाइलेरिया के मरीजों की 60 से 70 फीसदी स्वस्थ होने की संभावनाएं हैं।

## संकल्प ट्यूटोरियल्स को 'आईएसओ' सर्टिफिकेट जारी

**वाराणसी।** बेहतर शिक्षा एवं उसकी गुणवत्ता में लगातार वृद्धि के लिए प्रतिष्ठित प्रमाणन संस्था 'करेक्ट सर्टिफिकेशन' ने मंगलवार को संकल्प ट्यूटोरियल्स के प्रबंध निदेशक अशोक चौरसिया को 'आईएसओ' प्रमाण-पत्र सौंपा। बादशाह बाग स्थित संकल्प ट्यूटोरियल्स में पहुंचे संस्था के बिजनेस हेड मनीष श्रीवास्तव व एडमिन हेड तृप्ति सिंह ने संस्था के अध्यापकों को बधाई दी। प्रबंध निदेशक अशोक चौरसिया ने बताया कि संकल्प ट्यूटोरियल्स को बेहतर शिक्षा एवं उसकी गुणवत्ता बनाये रखने तथा सीयूईटी प्रवेश परीक्षा एवं सीएचएस प्रवेश परीक्षा में शानदार परिणाम देने के लिए 'करेक्ट सर्टिफिकेशन' संस्था द्वारा यह 'आईएसओ 9001:2015' सर्टिफिकेट जारी किया गया है। इस मौके पर निदेशक अजय चौरसिया, संजय चौरसिया, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजय भगत, अखिलेश, विनोद पाल एवं अमन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



## जरूरतमंदों में पीएनबी की ओर से कंबल वितरित

**वाराणसी।** लगातार बढ़ रही ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने वालों के सहातार्थ पंजाब नेशनल बैंक की ओर से मंगलवार को कंबल का वितरण किया गया। पीएनबी के अंचल प्रमुख अजय कुमार सिंह, मंडल प्रमुख राजेश कुमार, उप मंडल प्रमुख बिमन कुमार की ओर से लोगों में कंबल वितरण किया गया, सभी ने बताया कि पीएनबी लगातार एक सामाजिक कार्य के प्रति जिम्मेदार है और लोगों के सहातार्थ अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करता है। यह कार्यक्रम इसी दिशा में सार्थक कदम है। इस दौरान उप निगम कमिश्नर वराणसी दुष्यंत कुमा मौर्य, जोनल अधिकारी नदेसर नगर निगम वार्ड वाराणसी प्रमिता सिंह का सहयोग रहा। पीएनबी से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि शिक्षण संस्थान के प्रति भी बैंक समय समय पर अपनी ऐसी ही नैतिक जिम्मेदारियों को निभाता है। पीएनबी अपने ध्येय सेवा के साथ बैंकिंग को अपना सर्वोपरी लक्ष्य मानते हुए इस दिशा में सतत प्रयास करता है।



## एलकेजी का प्रवेश फार्म कल से

**वाराणसी।** सेंट जॉन्स स्कूल की लेढ़ूपुर शाखा में सत्र 2023-24 में एलकेजी में प्रवेश के लिए फार्म 19, 20,21 जनवरी को दिया जायेगा। इस बात की जानकारी सेंट जॉन्स स्कूल लेढ़ूपुर के प्रधानाचार्य फादर सुसाई राज ने दी।







जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, बुधवार, 18 जनवरी, 2023



संक्षेप

## दो मोबाइल चोर को जीआरपी ने धरा

वाराणसी। जीआरपी कैंट ने मंगलवार को दो मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के मोबाइल बरामद किया। राजकीय रेलवे पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार सिंह के के निर्देशन और जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को संतोष कुमार त्रिपाठी, राजेश कुमार सिंह की ओर से दो जा रही जांच के दौरान मिली सूचना के आधार पर पार्सल गेट के समक्ष से दो शातिर को गिरफ्तार किया गया, इनके पास से चोरी के दो मोबाइल बरामद किया गया। दोनों की पहचान अनिल कुमार त्रिपाठी (32)पुत्र राजाराम त्रिपाठी निवासी सिंगरौली, व तेज बहादुर यादव (30)पुत्र सर्वदेव यादव निवासी निवासी कमरौली, बलिया के रूप में किया गया। हेमंत सिंह ने बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया। इसमें आरपीएफ के धर्मेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार राय व सतीश यादव का भी सहयोग रहा।



## दस घंटे देरी से आयी महानगरी, आठ घंटे देरी से रवाना

वाराणसी। अब कोहरे को पीछे छोड़ते हुए गाड़ियों के देरी से परिचालन में मालगाड़ी की मुख्य वजह बन रही है। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी आदेश में मालगाड़ियों को रनथ्रू जाने की बात कही गई है, जिसके चलते यात्री ट्रेनों को रोक दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुंबई से वाराणसी आने वाली महानगरी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 10 घंटे देरी से अपराह्न दो बजे के आसपास कैंट स्टेशन पहुंची, वहीं मुंबई जाने के लिए अपने निर्धारित समय से लगभग आठ घंटे देरी से शाम छह बजे रवाना हुई, पूर्वांचल के विभिन्न क्षेत्रों से मुम्बई जाने वाले यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा वहीं स्टेशन पर अपने परिजनों को लेने भेज में आये लोग भी परेशान दिखे, इसके साथ ही बेगमपुरा एक्सप्रेस चार घंटे, दादर बलिया एक्सप्रेस ढाई घंटे, हिमगिरि एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, गोंदिया बरौनी साढ़े 20 घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस ढाई घंटे, सारनाथ एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, पंजाब मेल तीन घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस पांच घंटे, दून एक्सप्रेस तीन घंटे, बरौनी गोंदिया तीन घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची।

## स्व. प्रमोद जी का जीवन पटरी व्यवसायियों के लिए था समर्पित : डॉ. नीलकंठ

वाराणसी। इंग्लिशिया लाइन कैंट स्थित जवाहरलाल नेहरू मार्केट में मंगलवार को राष्ट्र के प्रथम स्वच्छता शहीद फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति के पूर्व सचिव स्व. प्रमोद कुमार निगम की छठी वार्षिकीय दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने सभी को स्वच्छता संकल्प दिला कर कहा कि स्व. प्रमोद जी का जीवन रेहड़ी पटरी व्यवसायियों के लिए समर्पित था। काशी में होने वाले जी20 आयोजन में पटरी व्यवसायियों की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी। इस अवसर पर समिति सचिव अभिषेक निगम, भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, नीरज दीक्षित, प्रकाश कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र प्रताप सिंह, अजीत प्रताप सिंह, अजय सिंह बॉबी आदि मौजूद रहे।



## फेरी पटरी ठेला व्यवसाइयों ने निकाला कैंडल मार्च

सारनाथ। स्व प्रमोद कुमार की छठवीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार की शाम को फेरी पटरी ठेला व्यवसायियों ने कैंडिल मार्च निकाला। रामचंद्र प्रजापति के नेतृत्व में बाई बौद्ध मंदिर के पास से शाम 6:30 बजे ठेला पटरी व्यवसाइयों ने हाथों में जलती कैंडिल व स्व प्रमोद की फोटो चित्र लेकर सारनाथ तक पहुंचे और नमन किया। इस दौरान राजेश कुमार, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र ,भोनू जयसवाल,सुभाष भारद्वाज, हरिश्चंद्र, राजू सहित दर्जनों लोग शामिल थे।



## 'आओ बांटें खुशियां' कार्यक्रम का आयोजन

वाराणसी। 'संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसाइटी' द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मंगलवार को 'आओ बांटें खुशियां' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें दिव्यांग जनों और उपस्थित गणमान्य लोगों को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय सह संपर्क प्रमुख प्रदीप जोशी ने कहा कि दिव्यांगजन और जरूरतमंदों की सच्ची सेवा से बढ़कर मानवता की अन्य कोई सेवा नहीं हो सकती। विशिष्ट अतिथि दीनदयाल ने हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। संचालन संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसाइटी के उपनिदेशक दिवाकर द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर लक्ष्मी शर्मा, डॉ. शांति गुप्ता, विजय मिश्रा, इं.अशोक कुमार पांडेय, अनिरुद्ध कुमार मिश्रा, कन्हैया केशरी, डॉ. डीके गुप्ता, अजीत पांडेय, आकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## ऑटो स्टैंड को बैरिकेडिंग करवाकर किया स्थापित



वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल ने मंगलवार को ऑटो स्टैंड संचालक संजय सिंह और उनकी टीम के साथ कैंट रेलवे स्टेशन के सामने मार्ग पूर्व चिह्नित ऑटो स्टैंड को बैरिकेडिंग करवाकर स्थापित करवाया। इसके अलावा धनेसरा तालाब के बैरिकेडिंग का कार्य आरंभ करवाया, सरैयां स्थित गली में अवैध अतिक्रमण की गई सीढ़ी को ध्वस्त करवाया, अभियान के दौरान मार्ग में कुछ अत्यधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का सामान हटवा कर उन्हें जुर्माना भी किया, कुल जुर्माना राशि 1,300 रुपये वसूल की गई।

## वृद्धजन आश्रम में महिलाओं ने मनाया जन्मदिन



सारनाथ। उन्नयन एक संकल्प संस्था की ओर से घरेलू और कामकाजी महिलाओं ने मंगलवार को सारनाथ रेलवे स्टेशन के समीप वृद्धजन आश्रम में केक काटकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने बताया कि बचत के पैसे को इकट्ठा कर समाज में वंचित और उपेक्षित बुजुर्गों के साथ मिलकर खुशियां बांटी गई। इस दौरान उन्हें भोजन भी कराया गया। संस्था की अध्यक्ष भावना तिवारी ने बताया कि जूही सक्सेना का जन्मदिन था। वृद्धजन महिलाओं के साथ जन्मदिन मनाना काफी सुखद रहा। इस अवसर कर संस्था की कंचन यादव, डॉ राजकिशोरी उपाध्याय, भावना तिवारी, प्रेरणा चतुर्वेदी, जया तिवारी, सरिता सिंह, शशिप्रभा, अनुराग आदि उपस्थित थे।

## यूपी हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष बने डॉ. एके सिंह



वाराणसी। उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ के शीर्ष नेतृत्व ने प्रमुख समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. एके सिंह को संगठन का उपाध्यक्ष बनाया है। यह जानकारी संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने दी है। डॉ. सिंह हॉकी वाराणसी, जिला नौकायन संघ के अध्यक्ष, जिला कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव एवं जिला ओलंपिक संघ के अधिशासी उपाध्यक्ष भी हैं।

## वालीबॉल व कबड्डी टीम हुई पुरस्कृत



पिंडरा। छात्र युवा कल्याण समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय वालीबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता का समापन नियुरा राजपुर में मंगलवार को देर शाम सम्पन्न हुआ। जिसमें विजयी टीम को रोहनिया विधायक सुनील पटेल और सरदार सेना के डॉ. आर एस पटेल ने नगद पुरस्कार व ट्राफी देकर सम्मानित किया। वालीबॉल में सुग्रा नेत्र हॉस्पिटल रामनगर व कबड्डी में बावन बीघा की टीम प्रथम स्थान पर रही। इस दौरान गौरव सिंह पटेल, चंद्रशेखर पटेल और अजित पटेल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाने पर खुशी

वाराणसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कार्यकाल विस्तार पर पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा कहा कि जेपी नड्डा के नेतृत्व में कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के भाव-पथ पर चलते हुए प्रत्येक अभियान, कार्यक्रम तथा संगठनात्मक योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संकल्पित है। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, एमएलसी लक्ष्मण आचार्य व अशोक धवन, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ तिवारी, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, संतोष सोलापुरकर, रविप्रकाश जायसवाल, गोकुल शर्मा आदि ने भी खुशी जाहिर की है।

# जल्द होगा शुरू ट्रांसपोर्ट नगर का कार्य

## शहर के अंदर के ट्रांसपोर्टर आउटर में होंगे शिफ्ट

**पहल**

**ग्रामीणों से बातचीत कर निकाला जाएगा हल**

वाराणसी। मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर का कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। इसके लिए विकास प्राधिकरण (वीडीए) ग्रामीणों से वार्ता कर हल निकालेगा। इसकी तैयारी के लिए वीडीए उपाध्यक्ष ने विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके लिए प्लान भी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित होने के बाद शहर के अंदर संचालित होने वाले ट्रांसपोर्ट को विस्थापित किए जाने से शहर में भारी वाहनों का दबाव कम होगा। जिससे यातायात में सुधार होने के साथ जाम की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन उधर किसानों के विरोध की वजह से योजना धरातल पर उतरने में देरी हो रही है।



दरअसल यूनिटेक की अधूरी योजना को पूरा करने के लिए सरकार के हाथ बढ़ाने के बाद एक बार फिर से ट्रांसपोर्ट नगर योजना आकार लेने की तरफ है। जबकि हकीकत यह है कि 19 साल बाद भी जमीन पर कब्जा नहीं मिलने पर अधिकारी बातचीत से मामले को सुलझाने में लगे हैं। उनका कहना है कि किसानों ने मुआवजा ले लिया है, लेकिन जमीन देने को तैयार नहीं हैं। वहीं किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत अगर योजना पांच साल में नहीं लागू होती तो स्वतः निरस्त मानी जाएगी। वीडीए ने पुराने रेट पर जमीनें खरीदी है जबकि जमीनों का रेट बढ़ गया है। ऐसे में नई दर के हिसाब से मुआवजा मिलना चाहिए।

### जाम की समस्या की वजह

शहर के अंदर और लहरतारा समेत कई इलाकों में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था से जाम की समस्या होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए वीडीए ने मोहनसराय के आसपास चार गांवों के करीब 89 हेक्टेयर जमीन पर ट्रांसपोर्ट नगर बसाने का प्रस्ताव बनाया है। इसका मकसद शहर में बढ़ रहे वाहनों के दबाव को कम करना है।

### जमीन खरीदने के बाद मिला कब्जा

बीते अप्रैल 2003 में वीडीए ने इन चार गांवों के किसानों से 45 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। लेकिन किसानों के दूसरे गुट ने जमीन देने की बजाय आंदोलन शुरू कर दिया। विरोध के चलते वीडीए अधिकारी लाख प्रयास के बावजूद भी जमीनों पर कब्जा नहीं ले सकें। मामला अभी तक अधर में अटका था। लेकिन योजना की पहल के बाद ट्रांसपोर्ट नगर स्थापन के कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

> ट्रांसपोर्ट नगर को विकसित करने के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों से जल्द वार्ता शुरू की जाएगी। जिसके बाद कार्य की योजना तैयार कर तेजी से कार्य शुरू होगा।
>
> - अभिषेक गोयल, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण

# किसान सोलर पम्प के लिए कराएं पंजीकरण

**गुड न्यूज**

**पहले आओ-पहले पाओ के सिद्धांत पर पूरा किया जाएगा लक्ष्य : एके सिंह**

वाराणसी। उप कृषि निदेशक एके सिंह ने बताया कि सोलर पम्प के द्वितीय चरण में चयन के लिए सोलर पम्प के लिए किसानों को विभाग के पोर्टल www.upagriculture.com पर पंजीकरण कराना अनिवार्य हैं। किसानों की बुकिंग जिले के लक्ष्य की सीमा से 110 प्रतिशत तक पहले आओ-पहले पाओ के सिद्धान्त पर की जायेगी।

उन्होंने बताया कि सोलर पम्प के लिए ऑनलाइन बुकिंग 21 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से लक्ष्य समाप्त होने तक विभागीय वेबसाइट ६६६.४स्त्रँ१ू४'-३४९ी.ङ्क पर अनुदान पर सोलर पंप हेतु बुकिंग करें लिंक पर क्लिक कर की जा सकती है। ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के उपरान्त टोकन मनी के रूप में पांच हजार रुपये ऑनलाइन जमा करना होगा। किसानों को चालान के माध्यम से अवशेष किसान अंश की धनराशि एक सप्ताह के अन्दर इंडियन बैंक के किसी भी शाखा में जमा करना होगा अन्यथा उनका चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा। ऐसी दशा में टोकन मनी की धनराशि जब्त तक कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि 3 एचपीएसी/डीसी एवं 5 एचपीएसी के लिए छह इंच व 7.5 और 10 एचपीएसी पम्प के लिए 08 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग का खर्च किसान को वहन करनी होगी। सत्यापन के समय निर्धारित बोरिंग न पाये जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा आवेदन निरस्त हो जायेगा। उन्होंने बताया कि 3 एचपीएसी/डीसी के लिए 150 फिट गहराई, 5 एचपीएसी के लिए 200 फिट गहराई तथा 7.5 एचपीएसी तथा 10 एचपीएसी के लिए 300 फिट गहराई के सोलर पम्प उपयुक्त होते है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक टोकन प्राप्त कर योजना का लाभ उठाये।

# सड़क सुरक्षा से सम्बंधित संदेश जन-जन तक पहुंचे : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

**21 जनवरी को 'रन फार जी20' का आयोजन**

वाराणसी। जिलाधिकारी एस.राजलिंगम की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित राइफल क्लब सभागार में आगामी 23 जनवरी को सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित संदेश जन-जन तक पहुंचे। इसके लिए स्टेक होल्डर्स, सभी सरकारी विभागों, विभिन्न संगठनों नागरिक सुरक्षा, एनसीसी, एनएसएस, एनजीओ सिविल सोसायटी, नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल आदि कि सहभागिता सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुपालन में 05 जनवरी से 04 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर जनपद में पूर्वाह्न 11:00 बजे से कक्षा 8 से 12 तक के समस्त विद्यालयों के छात्रों एवं उच्च शिक्षा के सभी विद्यार्थियों को एक साथ मानव श्रृंखला बनाने एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम ब्लाक, तहसील तथा जनपद स्तर पर भी सम्पन्न कराने के साथ ही सड़कों पर पुलिस सिक्योरिटी पहले से सुनिश्चित कराया जाय।

21 जनवरी को रन फार जी-20 का भी आयोजन किया जायेगा। ये दौड़ रूद्राक्ष से भारत माता मंदिर तक किया जायेगा। सड़क सुरक्षा के इस कार्यक्रम की सहभागिता अधिक से अधिक लोगों द्वारा करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया जा सके।

## एसआईसी ने मामले की जांच को गठित किया टीम

वाराणसी। महिला अस्पताल में निराश्रित महिला से पैसा न मिलने पर बगैर बच्चा दिए भगाने के आरोप के मामले की जांच को एसआईसी ने चार सदस्यीय टीम गठित किया है। विदित है कि महिला अस्पताल में दशाश्वमेघ क्षेत्र में घूमकर जीवन यापन करने वाली महिला ने बीते गुरुवार को पुत्र को जन्म दिया था। आरोप था कि अस्पताल कर्मियों ने तीन हजार रुपये न मिलने पर महिला को बगैर बच्चा दिए ही अस्पताल से भगा दिया था। इस बच्चे को लेने के लिए कुछ अस्पताल कर्मियों समेत अन्य लोग जुगाड़ में लगे थे। पीड़िता की ओर से इसकी जानकारी होने पर महिला व्यापार मंडल की चांदनी श्रीवास्तव सोमवार को महिला अस्पताल में प्रसूता के साथ पहुंची। सूचना मिलने कोतवाली पुलिस भी पहुंच गयी थी। पुलिस ने लिखापढ़ी कर बच्चे को महिला को सौप दिया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला अस्पताल की एसआईसी डॉ मनीषा सिंह सेंगर ने सोमवार को मामले की जांच को डॉ संजीव वर्मा, डॉ आरएन सिंह समेत चार डॉक्टरों की टीम गठित किया।

# बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर वामपंथी दलों ने दिया पत्रक

**मांग**

**कहा कि इस बोझ को बर्दाश्त नहीं कर पायेंगे**



वाराणसी। बिजली की दरों में उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा बढ़ोतरी किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में वामपंथी दलों (सीपीएम, सीपीआई), कांग्रेस और जन संगठनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को मांग पत्र वाराणसी जिलाधिकारी (अपर जिला नगर मजिस्ट्रेट बच्चू सिंह) के माध्यम से दिया गया । पत्रक में कहा गया कि भीषण महंगाई व बेरोजगारी के बावजूद उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के बिजली की कीमत में बेतहाशा बढ़ोत्तरी किए जाने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा है, जबकि पहले से ही प्रदेश में विद्युत दरें अन्य राज्यों की अपेक्षा बहुत ज्यादा है । प्रदेश व देश में कोरोना महामारी के चलते गरीबों, मजदूरों, किसानों और मध्यम वर्ग के सामने रोजगार छीन जाने के कारण भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। ऐसी स्थिति में वर्तमान बिजली बिलों का भुगतान किसी तरह किया जा रहा है, फिर भी प्रदेश में लाखों विद्युत कनेक्शन धारकों पर करोड़ों का बकाया है और उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। अगर इसके बावजूद उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक के प्रस्ताव को सरकार मानकर विद्युत दर बढ़ा देगी तो गरीबों, मजदूरों और किसानों पर भारी बोझ पड़ेगा। किसी भी स्थिति में इस बोझ को सहन नहीं कर पाएगी और उनके सामने केवल आत्महत्या ही एकमात्र विकल्प बचेगा । इससे किसानों की कमर टूट जाएगी और इस बोझ को बर्दाश्त नहीं कर पाएगी। मांग पत्र देने में मुख्यतः विजय नारायण, कुंवर सुरेश सिंह, नंदलाल पटेल, जयशंकर पांडेय, दिग्विजय सिंह, मोबीन अहमद, अजय मुखर्जी, राधेश्याम सिंह, पीके दत्ता, राकेश पाठक, श्याम लाल सिंह, शिव बहादुर पटेल, प्यारेलाल, जय नारायण मिश्र, रूप किशोर सिंह, श्याम बली, राजबली राम आदि मुख्य थे ।

# पंत प्रशासनिक भवन पर छात्रों ने जड़ा ताला

**रोष**

**छात्रसंघ भवन बंद करने के विरोध में प्रदर्शन**

वाराणसी। काशी विद्यापीठ में सोमवार को छात्रसंघ भवन को बंद किए जाने को लेकर छात्रसंघ महामंत्री अभिषेक सोनकर के नेतृत्व में छात्रों ने मंगलवार को पंत प्रशासनिक भवन पर ताला जड़ दिया। जिसके बाहर बैठकर सभी विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन करने लगे। जिसे देर शाम आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया।



महामंत्री ने बताया कि 16 जनवरी को छात्रसंघ भवन बंद करने के लिए बात हुई थी, जिसका विरोध करने के बावजूद भवन को बंद कर दिया गया। उधर कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह ने बताया कि कुलपति के आदेश पर छात्रसंघ भवन पर तालाबंदी की गई है। छात्रों की मांग है कि 26 जनवरी को ध्वजारोहण करने तक भवन को बंद न किया जाए। जिस पर कुलपति से वार्ता पर सहमति के बाद छात्रों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने में छात्र नेता दया शंकर यादव, सचिन कुमार, साहिल यादव, मनोज सोनकर, आयुष, धनजय, कुंदन, राहुल, सोनू, हर्ष, मुकेश, आकाश, रोहित, ऋतिक, हेमंत और देवेश आदि मौजूद रहे।

# बीएचयू में विदेशी छात्रों का नामांकन पांच वर्ष में सबसे अधिक

**लोकप्रियता**

**जनवरी के पहले सप्ताह तक 276 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने कराया नामांकन**

वाराणसी। बीएचयू दुनिया भर से छात्रों और विद्वानों को आकर्षित करता रहा है। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के नामांकन की बढ़ती संख्या इसका प्रमाण है। शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के दौरान जनवरी के पहले सप्ताह तक 276 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने नामांकन किया है। जो पांच साल में सबसे अधिक है। इनमें से 83 छात्रों को आईसीसी आर स्कॉलरशिप श्रेणी के तहत प्रवेश दिया गया है। जबकि 193 छात्रों ने स्व-वित्त पोषित श्रेणी में प्रवेश लिया है। वर्तमान में स्नातक, स्नातकोत्तर, अनुसंधान और अल्पावधि प्रमाण-पत्र या डिप्लोमा जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में नए प्रवेश सहित अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की कुल संख्या 551 है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की इंस्टिट्यूशन ऑफ एमिनेंस पहल के तहत आईओई का दर्जा प्राप्त बीएचयू ने विदेशी छात्रों के नामांकन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। बीएचयू ने उन सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को 72,000 रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करने की एक नई योजना शुरू की है, जिनके पास कोई छात्रवृत्ति नहीं है। वे विद्यार्थी, जिन्हे इससे कम राशि की कोई छात्रवृत्ति प्राप्त होती है, उन्हें अंतर राशि प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय ने हाल ही में 400 सीटों के साथ अंतरराष्ट्रीय पुरुष छात्रावास आरंभ किया है। छात्रावास (जी+10) सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। छात्राओं के लिए छात्रावास की सीटों को बढ़ाने के लिए, पुरुष छात्रों के पुराने अंतरराष्ट्रीय छात्रावास परिसर महिला छात्रावास में परिवर्तित कर दिया गया है। इससे छात्राओं के लिए 176 सीटें बढ़ गई हैं। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय महिला छात्रावास की क्षमता 62 है। नये अंतरराष्ट्रीय महिला छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा होने के करीब है और इसमें 400 सीटों वाले 200 कमरे उपलब्ध होंगे। नया परिसर भी सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन लगातार विश्वविद्यालय में शैक्षिक और अनुसंधान तथा बुनियादी ढांचे के विकास और छात्र सुविधाओं में और सुधार करने पर अधिक जोर दे रहे हैं, ताकि बीएचयू अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के पंसदीदा संस्थानों में शामिल हो। अंतर्राष्ट्रीय केंद्र के समन्वयक प्रो. एसवीएस राजू ने कहा कि यह केंद्र प्रवेश प्रक्रिया के दौरान पंजीकरण संबंधी औपचारिकताओं में विदेशी छात्रों का सहयोग व मार्गदर्शन करता है। बीएचयू अन्य संस्थानों की तुलना में बहुत ही कम शुल्क में अंतरराष्ट्रीय मानकों की उच्च शिक्षा प्रदान करता है।

## कथक सम्राट पं. बिरजू महराज की मनी पुण्यतिथि

वाराणसी। कथक सम्राट पद्मविभूषण पं. बिरजू महराज की प्रथम पुण्यतिथि मंगलवार को नेहरू मार्केट स्थित लघु उद्यान में मानव एकता परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में मनायी गयी। इस मौके पर स्व. बिरजू महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि वे शास्त्रीय कथक नृत्य के लखनऊ कालका बिंदादीन घराने के अग्रणी नर्तक थे। उन्हें सर्वश्रेष्ठ नृत्य के लिए राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की ओर से उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। वह पद्मविभूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार व कालिदास सम्मान से भी सम्मानित थे।

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**वाराणसी**
**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक-पृथक ई-निविदा सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों/कार्यदायी संस्थाओं से दो भागों में आन-लाईन आमंत्रित की जाती है, जिसके भाग-प्रथम के खुलने की तिथि 17.02.2023 को 15.30 बजे तक निर्धारित है। (1) **ई-निविदा सूचना संख्या 85/वि0जा0ख0 (वि0)/वा0/2022-23** : -ओ0 एण्ड एम0 मद 2022-23 के अन्तर्गत भेलूपुर, वाराणसी परिसर में स्थित वितरण कार्यालय एवं कलेक्शन सेन्टर भवन में वार्षिक साफ-सफाई एवं जानपदीय अनुरक्षण का कार्य। निविदा शुल्क रू0 1000+18%GST-1180.00 कृपया विस्तृत जानकारी, डाउनलोड अन्य संशोधन, निविदा प्रस्तुत करने की तिथि विस्तारीकरण/शुद्धीकरण आदि संबंधी सूचनाओं हेतु ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in की साइट पर लॉग ऑन करें। पत्रांक सी-31/वि0जा0ख0(वि0)/वा0/टी-1, दिनांक 17.01.2023, अधिशासी अभियन्ता विद्युत जनपद खण्ड (वि0) पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0, विद्युतनगर, भिखारीपुर, डी0एल0डब्ल्यू0, वाराणसी-221004

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

यूथ वैलनेस कार्यक्रम 'युवा जोश' 19 और 20 को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 19 व 20 जनवरी को सामाजिक व्यवहारिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर यूथ वैलनेस कार्यक्रम 'युवा जोश' का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम काशी विद्यापीठ के शिक्षा शास्त्र विभाग के स्मार्ट क्लास रूम में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में ऋषिकेश एम्स के कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन के प्रमुख प्रो. संतोष कुमार प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी करेंगे। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभी छात्रों और अध्यापकों अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित है। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में भारत में फैल रहे गैर संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे हृदय रोग, फेफड़े रोग ,स्ट्रॉक्स, कैंसर, मधुमेह तथा इसके अतिरिक्त आज के समय में आत्महत्या के बढ़ते हुए मामलों एवं रोकथाम के लिए सभी को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# उत्तर कोरोना की कविताओं की विशिष्टता को किया रेखांकित

**आयोजन**

**जड़ता से चेतनशीलता की यात्रा की कविताएँ हैं : अरुण होता**

**उत्तर कोरोना समय और हिंदी कविता का बदलता परिदृश्य पर बीएचयू में हुई चर्चा**



वाराणसी। कोरोना पश्चात के समय की बदली हुई सामाजिक परिस्थितियों और उनके बीच हिंदी कविता के स्वरूप को लेकर मानस पत्रिका के संयोजन तथा प्रतिष्ठित आलोचक कमलेश वर्मा की अध्यक्षता में भोजपुरी अध्ययन केंद्र के राहुल सभागार में उत्तर कोरोना समय - हिंदी कविता का बदलता परिदृश्य शीर्षक से महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अरुण होता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए महत्वपूर्ण आलोचक अरुण होता ने उत्तर कोरोना की कविताओं की विशिष्टता को रेखांकित करते हुए कहा कि इस समय लिखी गयी कविताओं के गुणधर्म समान रूप से सभी कवियों में हमें मिल जाएँगे। प्रो. अरुण होता ने कहा कि जब सम्वेदनाएं बदलती हैं और नई अर्थसम्भावनाओं की सृष्टि होती है तो कविता के क्षेत्र में नई दस्तक होती है और उत्तर कोरोना कविता ऐसी ही नई दस्तक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रतिष्ठित आलोचक कमलेश वर्मा ने कहा कि कोरोना ने हमें सीख दी कि राजनीति, धर्म तथा विज्ञान की सत्ता से हटकर कवि अपनी शब्द सत्ता पर भरोसा करे और उत्तर के कवियों ने अपनी शब्द सत्ता पर सबसे ज्यादा भरोसा दिखाया है। स्वागत के साथ बीज वक्तव्य देते हुए वरिष्ठ कवि श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा यह एक सजग नागरिकता का दौर है जिसमें एक व्यक्ति अपने नागरिक अधिकारों के प्रति सजग हुआ है और उसी के अनुरूप उत्तर कोरोना के समय में हिंदी कविता अधिक आत्मनिर्भर और आत्मसजग हुई है। हिंदी कविता अपनी नागरिकता को लेकर अधिक गम्भीर हुई है और परिणामस्वरूप उसका परिवेश, उसका पास-पड़ोस अधिक जीवंत रूप में उभरकर उसमें आया है। प्रभाकर सिंह ने कहा कि कविता तात्कालिकता से मुठभेड़ करते हुए भविष्य के सरोकारों से भी बातचीत करती है और यही सफल कविता की पहचान है। युवा आलोचक प्रभात मिश्र ने कहा कि कोरोना से पहले यह कहा जाने लगा था कि कविता संकट में है लेकिन कोरोना और उसके बाद के समय में यह धारणा बिल्कुल बदल गयी और कहा जाने कि संकट में केवल कविता का ही सम्बल है और यह बदली हुई स्थिति है। धन्यवाद ज्ञापन आर्यपुत्र दीपक ने किया। कार्यक्रम का संचालन युवा आलोचक डॉ. विंध्याचल यादव ने किया। कुलगीत का गायन शोध छात्र अमरकृष्ण और कुमारी अलका ने किया।

कार्यक्रम में प्रो.नीरज खरे, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. महेंद्र कुशवाहा, डॉ. रविशंकर सोनकर, डॉ. राकेश पाण्डेय सहित तमाम शोधार्थी व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

**U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LIMITED**
[illegible]

The General Manager, Varanasi Zone invites for and on behalf of Managing Director U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. on the percentage rate bids in two bid systems for the following Construction work of Remaining Works in Different Projects at Varanasi:-

| Sl. No. | Name of Package | Tender Cost (Rs. in Lakh) |
| --- | --- | --- |
| 1. | Jaunpur (Package-III) [illegible]/GM/Vns. Zone)/ E-Tender/ RNN/22-23 | [illegible] |
| 2. | Jaunpur, U.P. (Package-IV) [illegible]/GM/Vns. Zone)/ E-Tender/RNN/22-23 | [illegible] |
| 3. | Varanasi, U.P. (Package-V) [illegible]/GM/Vns. Zone)/ E-Tender/RNN/22-23 | [illegible] |
| 4. | Ghazipur (Package-VI) [illegible]/GM/Vns. Zone)/E-Tender/ RNN/22-23 | [illegible] |

Last date and time of submission of bid [illegible] PM on [illegible]. The bid forms and other details can be obtained/download from the website: https://www.etender.up.nic.in. The NIT is also available on https://www.uprnn.co.in.

(Unit-In-Charge)
U.P.R.N.N.L.
Bhadohi Unit, Varanasi

# संदिग्धावस्था में फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के एलासगढ़ गांव में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया।

चर्चा है कि नवविवाहिता की शादी के अभी एक साल भी पूरे नहीं हुए थे कि नवविवाहिता की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। सूत्रों के अनुसार बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र के केंवटलिया कलां निवासी हरेंद्र साहनी की पुत्री उर्मिला (20) की शादी 15 फरवरी 2022 को मनियर थाना क्षेत्र के एलासगढ़ निवासी जयराम साहनी के पुत्र चंदन साहनी के साथ हुई थी।



मंगलवार की सुबह नवविवाहिता के कमरे से किसी प्रकार की आहट न होने पर परिजन जब उसके कमरे में घुसे तो नवविवाहिता का शव छत के कुंडी से गमछे से बंधा लटका मिला। किसी तरह से शव को नीचे उतारा और देखा की विवाहिता की मौत हो चुकी है। घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं, मृतका के दादा रामेश्वर साहनी ने ससुराल पक्ष के लोगों के ऊपर मृतका को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मनियर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका की सास सोनापति व पति चंदन साहनी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

### बालू लदा ट्रक पलटा, चालक-खलासी बचे

**बलिया।** गड़वार-नगरा मुख्य मार्ग रामपुर असली गांव के समीप सोमवार की देर रात बालू लदी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। इससे ट्रक पर लदा सारा बालू खेत में बिखर गया। जानकारी के अनुसार बिहार के भोजपुर जिले से सोमवार की रात में बालू लाद कर एक ट्रक गड़वार की तरफ से मऊकी तरफ जा रहा था। ट्रक अभी रामपुर असली गांव के राइस मिल के समीप पहुंचा ही था कि अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। इस घटना में चालक व खलासी को मामूली चोटें आईं। संयोग अच्छा रहा कि ट्रक में बैठे चालक व खलासी गंभीर रूप से चोटिल नहीं हुए।

### ठंड से अचेत युवक को पहुंचाया अस्पताल

**बिल्थरारोड।** बाहर नौकरी करके मंगलवार की भोर में स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद चौधरी चरण सिंह तिराहे पर ठण्ड लगने से अचेत पड़े युवक का एक युवक ने इलाज कराकर जान बचायी। जानकारी के अनुसार नरला गांव निवासी अभिनव यादव (24) पुत्र अभय यादव बाहर से कमाकर मंगलवार की भोर में बिल्थरारोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद पैदल चलकर गांव जाने के लिए वाहन पकड़ने के लिए चौधरी चरण सिंह तिराहे पर पहुंचा। अधिक ठण्ड लगने से वह अचेत होकर गिर गया। लगभग दो घण्टे तक वह बैग लेकर अचेत पड़ा रहा। इसी बीच वहां से गुजर रहे चौकिया निवासी चन्दन गुप्ता की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने ई-रिक्शा के माध्यम से उसे सीएचसी सीयर पहुंचाया। यहां डाक्टर ने ठण्ड लगने की बात बताई। इलाज के दौरान अचेत पड़े युवक को होश आया। उसने अपना नाम अभिनव यादव पुत्र अभय यादव निवासी नरला बताया। इसके बाद चन्दन गुप्ता एवं उनके दोस्तों ने युवक के परिजनों को सूचना दी। अस्पताल पहुंचे परिजन उसे लेकर घर चले गये।

# बिना लाइसेंस चल रही कीटनाशक की दुकानें

**मनमानी**

### जिला कृषि अधिकारी ने विक्रेताओं को दिया सुधार लाने का निर्देश

**बैरिया।** क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में बेरोकटोक बिना लाइसेंस के कीटनाशक की दुकानें संचालित हैं। नियम ऐसा है कि कीटनाशक विक्रेताओं को प्रतिमाह कीटनाशक की ब्रिकी व स्टाक का ब्योरा विभाग को देना होगा। किसानों के रसायन क्रय पर कैश मेमो, रसायन का नाम, बैज व विक्रय मूल्य अंकित कर न देने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही बिना लाइसेंस के कीटनाशक बेचने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन इस पर विभाग द्वारा ही अमल नही किया जा रहा है। विभागीय कृपा से अवैध रुप से कीटनाशक की दुकानें चल रही हैं।

इस सन्दर्भ मे जिला कृषि अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिह ने बताया कि कीटनाशक विक्रेताओं के दुकान/फर्म पर कई कमियां सामने आ रही हैं। उन्होंने सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। बताया कि कीटनाशक विक्रेता विक्रय किए जा रहे कीटनाशक स्टाक की बिक्री, वितरण की सूचना प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह को कार्यालय में उपलब्ध कराएं। किसानों के रसायन क्रय पर कैश मेमो, जिस पर रसायन का नाम, बैच नंबर, विनिर्माण तिथि व विक्रय मूल्य अंकित हों, जरूर उपलब्ध कराएं। साथ ही दवाओं के बारे में सही जानकारी दें। स्टाक व बिक्री रजिस्टर, कैश मेमो पूर्ण कर अपनी दुकान पर रखें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बिना कीटनाशक लाइसेंस के रसायन की बिक्री न की जाए। फर्मों के अधिकार पत्र फुटकर विक्रेताओं को उपलब्ध कराएं। बिना कंपनी के अधिकार पत्र के उस फर्म का व्यापार नहीं किया जा सकता है। जांच के दौरान कमी पाये जाने पर रसायनों को सीज कर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# एक आरोपी गिरफ्तार दूसरे के घर कुर्की

**लालगंज।** दोकटी थाना क्षेत्र के हृदयपुर (मुरारपट्टी) गांव में कुर्की के लिए गई टीम ने एक आरोपी को घर से गिरफ्तार किया तो दूसरे आरोपी के घर कुर्की की कार्यवाही किया गया। जहां योगेंद्र पुत्र काशीनाथ को गिरफ्तार किया गया, वही मनीष यादव पुत्र स्व. सीताराम यादव के घर न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्यवाही किया गया। कुर्क सामान को गांव के ही दिलीप यादव पुत्र संजय यादव को सुपुर्दगी में दे दिया गया।



आरोपी के घर सामानों की कुर्की करती पुलिस

थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल ने बताया कि कोर्ट में हाजिर नही होने के कारण न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्यवाही की गई है। आरोपी पर धारा 500, 504, 506, एससी/एसटी एक्ट, पास्को एक्ट में मुकदमा पहले से पंजीत था। उक्त मुकदमे में ये लोग हाजिर नही हो रहे थे। एक आरोपी योगेंद्र यादव पुत्र काशीनाथ यादव को घर से गिरफ्तार कर लिया गया तो दूसरे आरोपी मनीष पुत्र स्व. सीताराम यादव के घर के सामान को कुर्क कर दिया गया। इसके लिए लगभग एक महीने पहले नोटिस तामिला भी किया गया था। फिर भी न्यायालय में उपस्थित नही होने पर कुर्की का आदेश हुआ था। इस अवसर पर चौकी प्रभारी लालगंज परमानन्द त्रिपाठी व एसआई देवेंद्र यादव सदल-बल मौजूद रहे।

# पुलिस संरक्षा में आरआरसी सेंटर बनाने का आदेश

**बैरिया।** सरकार ने ग्राम पंचायतों के विकास के लिए तरह तरह की योजना लागू किया है। बावजूद इसके विकास में बाधा बनने वालो की कमी नही है। ग्राम प्रधान की मांग पर बैरिया ब्लाक अंतर्गत चकिया गांव में पुलिस संरक्षा में कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाने का आदेश दिया गया है। इस आशय का आदेश उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने प्रभारी निरीक्षक बैरिया को ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के आग्रह पर दिया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम प्रधान मनजी पासवान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील कुमार ने एक सरकारी जमीन के सम्बंध में प्रस्ताव रखते हुए बताया है कि यह जमीन सरकारी है, किंतु कतिपय लोग इसमें कूड़ा निस्तारण केन्द्र नही बनने दे रहे है। उपजिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक बैरिया धर्मवीर सिंह को आदेशित किया है कि प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी को पर्याप्त फोर्स उपलब्ध कराए, ताकि पुलिस संरक्षा में आरआरसी सेंटर का निर्माण हो सके। उप जिलाधिकारी के इस आदेश की ग्रामीणों ने भी सराहना की है।

# अमृत के समान है पतित पावनी का जल



जनसंदेश न्यूज

**बोले शिवेन्द्र बहादुर सिंह**

### गंगा की अविरलता के लिए प्रयास करने को दिलायी शपथ

**रसड़ा।** रामदल सूरजदेव फार्मेसी एवं नर्सिंग महाविद्यालय पकवाइनार, रसड़ा के प्रांगण में माघ कृष्ण नवमी तिथि को गंगा पुत्र भीष्म पितामह के जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एसएन पांडेय एवं प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह ने संयुक्त रूप से गंगा मैया के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

समग्र गंगा रसड़ा के जिला संयोजक विनय कुमार बिसेन ने युवाओं को मां गंगा एवं समस्त नदियों, तालाबों सहित सभी जल तीर्थों की अविरलता तथा निर्मलता के लिए प्रयत्न करने का संकल्प कराया। मुकेश सिंह ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी युवाओं को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। सह-संयोजक दीपक वर्मा ने युवाओं के स्वास्थ्य हेतु जल तथा वायु के महत्व पर प्रकाश डाला। व्यवस्थापक शिवेंद्र बहादुर सिंह कहा कि मां गंगा का जल अमृत है। इस अवसर पर अनूप कुमार गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, शुभम कुमार शुक्ला, सुधीर यादव, रीमा सिंह, अंकिता सिंह, सोनल भारती, अनुपमा यादव, कृष्णा पाटिल, किशोर गिरी, निकेश सिंह, अनुराधा सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, पल्लवी सिंह, विवेक शर्मा, बृजेश राजभर, विकास कुमार सिंह, रवि कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

# अरुण अध्यक्ष व मंत्री चुने गये प्रदीप

## लेखपाल संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ



सिकंदरपुर तहसील सभागार में लेखपाल संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते पूर्व अध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील सभागार में मंगलवार को लेखपाल संघ का चुनाव जिला मंत्री मुन्ना राम, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव एवं जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष निपेद्र मौर्य की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें तहसील अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ हुकुम सिंह को 22 मत एवं डा. सुनील कुमार को 18 मत मिला। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद के लिए अरुण कुमार सिंह को विजयी घोषित किया।

तहसील मंत्री पद के लिए हुए चुनाव में प्रदीप कुमार पासवान 22 मत व इंद्रजीत यादव को 19 मत मिला। चुनाव अधिकारी ने प्रदीप कुमार पासवान को विजयी घोषित किया। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय प्रकाश यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष एहतेशाम अहमद, उपमंत्री अमरनाथ, कोषाध्यक्ष प्रवीण मौर्य, आडिटर सुजीत कुमार गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पूर्व तहसील अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया। इस दौरान जिला मुख्यालय एवं अन्य तहसीलों से आए पदाधिकारियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राम पूजन राम, शैलेंद्र सिंह, निर्भय नारायण सिंह, अभय नारायण सिंह, लल्लन राम, सुधीर कुमार पांडे, आशुतोष, पवन पांडे, अखिलेश यादव, रितेश सिंह, लक्ष्मीकांत यादव, कौशल सिंह, मनोज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पशु आश्रय में अनियमितता देख भड़के विशेष सचिव

**बलिया।** कान्हा पशु आश्रय गौरा बंगहीं, मनियर का निरीक्षण राकेश कुमार मिश्रा विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन ने मंगलवार को किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में हुई अनियमितता एवं पशुओं के रख-रखाव पर संबंधित विभाग के कर्मचारियों से पूछताछ की। निर्माण कार्यों में मानक के अनुसार कार्य न कराए जाने पर परियोजना निदेशक बलिया को निर्देश दिया कि जिलाधिकारी को अवगत कराएं एवं ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जारी करें। उन्होंने घटिया टीन शेड व सफेद बालू, दो नम्बर के ईंट से हुए निर्माण कार्यों पर नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं के फर्श के नीचे होने पर नाराजगी व्यक्त की। भूसा स्टोर में सफेद बालू देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया। मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कुमार, डा. केपी नारायण, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रेमशंकर सिंह, सुरेश, शक्ति सिंह, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर रोस्टरवार होगा टीकाकरण

## बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने को चल रहा अभियान

**बलिया।** शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत 12 प्रकार के गंभीर बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए टीकाकरण किया जाएगा। बच्चों के टीके लग जाने पर वह जानलेवा बीमारियों से बचे रहते हैं।

शहरी क्षेत्र के दो नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल में सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा। यह अभियान सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार से रविवार तक चलाया जाएगा। इसके अलावा जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सब सेंटर पर रोस्टर के अनुसार टीकाकरण चलता रहेगा। यह जानकारी सीएमओ डा. जयंत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि टीकाकरण शिशु को 12 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया जाता है। शिशु और छोटे बच्चों को विशेष तौर पर बीमारियों का खतरा अधिक होता है। बताया कि जन्म के तुरंत बाद बच्चे को पोलियो की खुराक के साथ ही टीबी से बचने के लिए बीसीजी का टीका, हेपेटाईटिस बी का टीका, इसके बाद डेढ़, ढाई और साढ़े तीन माह पर पोलियो की खुराक, पेंटा का टीका, रोटा वायरस से बचाने के लिए रोटा का टीका और बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए पीसीवी का टीका के साथ ही इंजेक्टेबल पोलियो का टीका दिया जाता है। इसके बाद नौ माह पर खसरा और रुबेला का टीका के साथ ही बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाती है। इसके साथ ही इंजेक्टेबल पोलियो वैक्सीन की बूस्टर डोज भी दी जाने लगी है।

# पूर्वजों को याद करना हम सभी का धर्म

**बोले पुनीत पाठक**

### सहोदरी देवी की पुण्यतिथि पर हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**रेवती/सहतवार।** पूर्व मंत्री स्व. बच्चा पाठक की धर्मपत्नी स्व. सहोदरी देवी की द्वितीय पुण्यतिथि मंगलवार को सहतवार स्थित प्रख्यात श्री चैन राम बाबा समाधि स्थल प्रांगण में मनाई गई। इस दौरान पूर्व मंत्री स्व. बच्चा पाठक के पुत्र कांग्रेस नेता पुनीत पाठक द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारे के दौरान हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



सहोदरी देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते लोग

कांग्रेस नेता पुनीत पाठक ने कहा कि पूर्वजों को याद करना हमारा धर्म है। कहा कि एक सफल पुरुष के पीछे महिला का हाथ होता है। हमारे दादा जी पूर्व मंत्री स्व. बच्चा पाठक राजनीति के क्षेत्र में जो मील का पत्थर स्थापित किए, उनमें कहीं ना कहीं मेरी दादी स्व. सहोदरी देवी का भरपूर योगदान था। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रमुख पद्मदेव पाठक ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख पद्मदेव पाठक, पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राणा प्रताप यादव दाढ़ी, राजकिशोर यादव, कोटेदार संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिव जी पाठक, मनोज पाठक, प्रधान शंकर दयाल यादव, पीडी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कृष्ण देव मिश्रा, शिव इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मदन पांडेय, व्यापारी नेता विद्या शंकर गुप्ता, धनंजय सिंह, रविंद्र पांडेय, गोपाल पाठक, उमेश राजभर, राम रेखा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जोर-शोर से चल रही बद्रीनाथ सिंह के पुण्यतिथि की तैयारी

## कल कार्यक्रम में शामिल होंगे सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव

**रेवती/सहतवार।** समाजवादी पुरोधा रहे पूर्व चेयरमैन स्व. बद्रीनाथ सिंह के पुण्यतिथि कार्यक्रम की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। कार्यक्रम स्थल सहतवार स्थित बड़ा पोखरा प्रांगण को सजाने-संवारने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। प्रत्येक कार्यों पर स्व. बद्रीनाथ सिंह के पुत्र, बद्रीनाथ सिंह सेवा संस्थान के संरक्षक तथा सपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह गुड्डू की पैनी नजर बनी हुई है।

कार्यक्रम के संयोजक नीरज सिंह गुड्डू ने बताया कि आगामी 19 जनवरी को आयोजित पूर्व चेयरमैन स्व. बद्रीनाथ सिंह पुण्यतिथि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तथा विधायक शिवपाल सिंह यादव शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, पूर्व मंत्री नारद राय, पूर्व मंत्री तथा वर्तमान विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी, विधायक जयप्रकाश अंचल, संग्राम सिंह यादव आदि लोग शामिल होंगे। पुण्यतिथि के अवसर पर स्व. बद्री सिंह सेवा संस्थान के तत्वावधान में हजारों लोगों को कंबल वितरित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम गोलू राजा एवं अनुपमा यादव द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। बताया कि बद्रीनाथ सिंह चौराहे पर लगी स्व. बद्रीनाथ सिंह जी के आदमकद प्रतिमा स्थल को भी सजाया-संवारा जा रहा है। मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथि जन सर्वप्रथम स्व. बद्रीनाथ सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।



कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते नीरज सिंह गुड्डू



जिला सपा कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री नारद राय

### शिवपाल सिंह यादव के स्वागत को बनायी रणनीति

**बलिया।** जिला सपा कार्यालय पर बलिया नगर विधान सभा की आवश्यक बैठक मंगलवार को हुई। पूर्व मंत्री नारद राय ने 19 जनवरी को सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के आगमन पर भव्य स्वागत करने का आह्वान किया। साथ ही सहतवार में बद्री सिंह की पुण्यतिथि को सफल बनाने की अपील की। पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय ने कहा कि पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव का नगर विधान सभा क्षेत्र में ऐतिहासिक स्वागत किया जायेगा। तत्पश्चात मनन दूबे के अकास्मिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व्यासजी गोंड, यशपाल सिंह, साथी रामजी गुप्त, हीरालाल वर्मा, रवीन्द्र नाथ यादव, भीम यादव, मृत्युंजय राय, अकमल नईम खां मुन्ना, अनिल तिवारी, रामकेवल बिन्द, बलराम जी गुप्त, हरिहर गोंड, राकेश यादव, राजेश यादव, राजकुमार पांडेय, नंदजी यादव, सुशील पांडेय, सुभाष यादव, राजेन्द्र यादव, पल्लू जायसवाल, सत्यदेव बिन्द, दिलीप भाई, शकील अहमद, कमलेश राय, बबलू गोंड, चन्द्रिका यादव, परमात्मानंद पांडेय, मोहसीन रजा, गंगासागर, सुरेन्द्र यादव, अजीत यादव, उमेश कुमार, विपुल चौबे आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अजय यादव तथा संचालन जमाल आलम ने किया।

## संक्षेप

### सीएम ने युवा उद्यमी विनय सिंह को किया सम्मानित



**नगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार क्यांन डिस्टीलरी के सीएमडी को युवा उद्यमी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। बलिया के उद्यमी विनय कुमार सिंह को बदलते गोरखपुर में युवा उद्यमी के रूप में पुरस्कृत होने से जिले का मान बढ़ा है। प्रशस्ति पत्र प्रदान कर मुख्यमंत्री ने विनय कुमार सिंह को पूर्वांचल का उभरता उद्योग जगत का सितारा बताया। अपने स्नेहाशीष से अभिसिंचित करते हुए मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त किया कि विनय कुमार सिंह आने वाले समय में अत्यंत ऊर्जावान छवि से उद्योग जगत में बड़ी पहचान स्थापित कर बेरोजगार युवाओं के रोजगार के स्रोत पैदा कर प्रदेश के विकास में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर सांसद एवं विधायकों के साथ शहर के जाने-माने पत्रकार उपस्थिति रहे। मुख्यमंत्री के स्नेहाशीष से अभिसिंचित विनय कुमार सिंह ने सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए संकल्प व्यक्त किया कि वो पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ सबके उम्मीदों पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे।

### प्राथमिक विद्यालयों को बनाया जायेगा स्मार्ट



**बलिया।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि सभी प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए। आपरेशन कायाकल्प 2.0 के तहत प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के अनुकूल फर्नीचर जैसे टेबल, बेंच आदि उपलब्ध कराया जाए। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को परिषदीय विद्यालयों में मूलभूत और अवस्थापना सुविधाओं के संबंध में हुई बैठक में यह बात कही। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के अंतर्गत प्रत्येक विकास खंड में चार से पांच कंपोजिट विद्यालयों का चरणबद्ध तरीकों से आधुनीकीकरण कराया जाए। क्लास में कौशल विकास के मद्देनजर स्कूल हब सेंटर संचालित किया जाए। दिशा एवं निष्ठा जैसे कार्यक्रमों के द्वारा स्कूल लीडरशिप, डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षकों की क्षमता संवर्धन किया जाए।

### बालिकाओं को दिया सेल्फ डिफेंस का टिप्स



**बलिया।** सोतोकान कराटे एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय स्पेशल कराटे ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन मंगलवार को द होराइजन स्कूल गड़वार में एलबी रावत की देखरेख में किया गया। इसमें कराटे के नये-नये टेक्निक बताये गए। साथ ही बालिकाओं के लिए सेल्फ डिफेन्स का टिप्स दिया गया, ताकि बालिकाएं अपनी आत्म सुरक्षा के लिए निडर होकर सामना कर सके।

### आज तहसील पर धरना देंगे कांग्रेसी

**बांसडीह।** स्थानीय तहसील में गोंड जाति (अनुसूचित जनजाति) का प्रमाण पत्र बनाने में हो रही धांधली के खिलाफ 18 जनवरी, बुधवार को कांग्रेस पार्टी तहसील में धरना तथा उपजिलाधिकारी का घेराव करेगी। इसकी जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस के महासचिव अभिजीत तिवारी सत्यम ने बताया कि बांसडीह तहसील में कतिपय अधिकारियों द्वारा गोंड समाज के लोग के साथ भेदभाव करते हुए उनके जाति प्रमाण पत्र बनवाने में अवैध धन की वसूली की जा रही है। निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद भी गोंड समाज का जाति प्रमाण पत्र जारी नही किया जा रहा है। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता गोंड समाज के लोगों के साथ 18 जनवरी, बुधवार को बांसडीह तहसील में धरना प्रदर्शन एवं उपजिलाधिकारी का घेराव करेंगे। कांग्रेस पार्टी गोंड समाज के लोगों का मजबूती से लड़ाई लड़ेगी।

### सड़क जाम करने में 11 नामजद, 50 अज्ञात पर केस

**बलिया।** सुखपुरा में मारपीट में घायल किशोर को लेकर सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने लगभग पांच दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर धर पकड़ में जुट गयी हैं। बता दें कि पांच-छह दिनों पहले कुछ लोगों ने मनीष चौहान की पिटाई कर दी थी। इससे मनीष की हालत गंभीर हो गयी थी। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। हालांकि हालत ठीक होने पर वाराण्सी के डाक्टरों ने उसे घर भेज दिया। इसके बाद सोमवार को उसकी हालत बिगड़ गयी। इससे आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सुखपुरा चौराहा पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिया। इसके चलते करीब ढाई घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने घायल को सदर अस्पताल भेजवाया। इसके बाद मुख्य सड़क को जाम कर आवागमन ठप करने के आरोप में पुलिस ने 11 नामजद व 40-50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। इस मामले में एसओ अमित कुमार सिंह का कहना है कि इस प्रकरण की जांच करने के साथ ही आरोपितों की खोजबीन की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्त में होंगे।

### अपहरण व बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**बैरिया।** युवती के अपहरण व बलात्कार के आरोप में वांछित सोनू बिन्द निवासी बिन्द के टोला को मंगलवार की दोपहर बाद बैरिया पुलिस ने सुरेमनपुर काली मंदिर के पास से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि एक पखवारा पूर्व गांव के ही एक युवती को सोनू बिन्द अपहृत कर कही ले गया और जबरन उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाया। बाद में पता करके युवती के परिजन युवती को अपने घर ले आये और थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद धारा 376 बढ़ गया।

### नपं कार्यालय पर कर्मचारियों का धरना

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय पर सफाई कर्मी, सफाई नायक एवं कर्मचारी धरना पर बैठ गये। नारेबाजी करते हुए कहा कि चार माह होने जा रहा है, लेकिन अभी तक हम लोगों का वेतन नहीं मिला है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का 20 माह का पीएफ अभी तक नहीं मिला है। यहां पर अधिशासी अधिकारी नियुक्त करने तथा वेतन भुगतान करने की मांग किया जा रहा है। इस मौके पर नीरज कुमार, अजय कुमार, रानी देवी, राजू रावत, राजा रावत, परवेज आलम, लालजी आदि मौजूद रहे।

### बाइक के धक्के से बालिका घायल

**बैरिया।** स्थानीय थाना अंतर्गत सोनबरसा में मंगलवार को घर से निकल कर सड़क पर आ रही एक आठ वर्षीय नायरा पुत्री रामजी प्रसाद बाइक से टकराकर घायल हो गई। परिजनों ने उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां बालिका का उपचार चल रहा है। बालिका सोनबरसा में अपने नाना महेश माली के घर आई है।

### चोरों ने चटकाए कई दुकानों के ताले

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के नई पानी टंकी के सामने चोरों ने सोमवर की रात चाऊमीन, हार्ड वेयर आदि दुकानों का ताला चटकाने केबाद एक हार्डवेयर की दुकान में सेंध लगाने का प्रयास किए, लेकिन सफल नहीं हुए। दुकान का सामान तितर-बितर कर दिए तथा कुछ हजार रुपए नगदी भी चुराया। पीड़ित दुकानदार उमाशंकर पुत्र स्व. मोती गोंड़, सुधीर कुमार पुत्र मुन्ना गोंड़, रंजीत कुमार गुप्ता पुत्र ईश्वर लाल की तरफ से पुलिस को तहरीर दी गई है। दुकानदारों ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### नगरा में बंद पड़ी हैं आरओ मशीन

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने हेतु लगभग सात सार्वजनिक स्थानों पर आरओ प्लांट लगा है। इसकी उपयोगिता तो बहुत है, मगर यह आरओ प्लांट बंद पड़े हुए है। आरओ मशीन के लगे महज आठ माह हुए है, लेकिन एक तरफ आरओ लग रहा है तो दूसरी तरफ का आरओ बंद होते चले गये। इसे लेकर नगरवासियों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। मेन्टेनेंश एवं रख-रखाव में कार्यदायी संस्था सहित नगर पंचायत बेखबर है। नगरा नगर पंचायत के ब्लाक परिसर, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, मां काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, थाना परिसर, मिडिल स्कूल, जनता इण्टर कालेज परिसर में लगे आरओ बंद पड़े हुए है।

# फोरलेन कार्य को प्रारम्भ करवाने पहुंचे अधिकारी

**बातचीत**

### किसानों के विरोध से उल्टे पांव हुए वापस



**कोपागंज, मऊ।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा रेवरीडीह और सहरोज में फोरलेन के रुके कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए एनएचआई और राजस्व विभाग की तहसीलदार के नेतृत्व में 6 थानों की पुलिस बल एक गाड़ी पीएसी के साथ मंगलवार को पहुंची तो किसानो के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

किसान पहले मुआवजा फिर कार्य आदि का नारेबाजी करने लगे। किसानो के भारी विरोध को देखते हुए तहसीलदार ने दोनों पक्षों से वार्ता कर आगामी शुक्रवार को दोनों पक्षों को जिला मुख्यालय बुलाया है। बताते चले की कोपागंज क्षेत्र के रेवरीडीह के सैकड़ो किसानो का 2 हेक्टेयर 446 एयर जमीन निमार्णाधीन फोन लेंन में अधिग्रहित है। जिसका करोड़ रुपये का भुगतान अब तक किसानों को नही किया गया।

वही सहरोज के किसानो की 886 एयर जमीन फोरलेन में अधिगृहित किया गया है। जिसका कई करोड़ रुपये किसानो का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है। सभी जमीन को फोरलेन के लिए एनएचआई द्वारा 4 वर्ष पूर्व अधिगृहित कर लिया गया लेकिन चार वर्ष साल बीतने के बाद भी किसानो का भुगतान नहीं हुआ। इसके अलावा एनएचआई द्वारा अधिगृहित जमीन से अधिक जमीन जबरदस्ती अधिग्रहित कर शासन प्रशासन के बल पर जबरदस्ती कार्य करवाया जा रहा है। मंगलवार को एनएचआई और राजस्व विभाग तहसीलदार उमेश सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ रुके गए फोरलेन कार्य को प्रारम्भ करवाने पहुंच गयी लेकिन मौके पर मौजूद सैकड़ो किसान के विरोध का करना पड़ा। किसान अपने जमीन के मुवावजे की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। काफी देर बाद किसानो की समस्या को सुनते हुए तहसीलदार उमेश सिंह ने दोनों एनएचआई के अधिकारियो और किसानो को आगामी शुक्रवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय पर वार्ता करने लिए बुलाया है। इस अवसर दिनेश राय, रामकृत पाल, दशरथ पाल, मोहन खरवार, संजीव राय, विपिन राय, वीरेंद्र तिवारी, मुन्ना राय, प्रदीप, उमाकांत त्रिपाठी अन्य किसान मौजूद रहे।

# रेल अधिकारियों के साथ मंडल रेल प्रबंधक ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**बैरिया।** मुख्य संरक्षा आयुक्त रेलवे मुहम्मद लतीफ खान के साथ मण्डल रेल प्रबन्धक वराणसी रामाश्रय पाण्डेय ने रेल अधिकारियों के साथ बकुलहा से सहतवार तक व मांझी से गौतम स्थान रेलवे स्टेशनों तक दोहरीकरण, रेलवे ट्रैक, लाइन गेट, क्रासिंग, कर्व, टेक्निकल प्वाइंट, ज्वाइंट सिंग्नल व क्रासिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण यान से स्पीड ट्रायल भी किया गया। बुधवार से मांझी से गौतमस्थान तक दूसरा ट्रेक भी रेल गाड़ियों के परिचालन के लिए खोल दिया जाएगा। जबकि बकुलहा से सहतवार तक के दूसरी लाइन फरवरी महीने में ट्रेनों के परिचालन के लिए खुलेगा। स्पीड ट्रायल व निरीक्षण टीम में डीआरएम व संरक्षा आयुक्त के अलावा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पूरी सर्किल निर्माण राजीव कुमार उप मुख्य अभियंता निर्माण बीके सिंह, मुख्य अभियंता एके मिश्र, अधिशासी अभियंता निर्माण गोरखपुर एस के सिंह व एडीईएन बलिया सुयस द्विवेदी, पीओआरओ अशोक चैधरी, हिमांशु सिंह, सन्तोष कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। स्पीड ट्रायल व निरीक्षण के समय भारी संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के जवान व अधिकारी भी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### समरसता सहभोज में शामिल हुए लोग



**रतसर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मंगलवार को मकर संक्रांति उत्सव पर सामाजिक समरसता सहभोज का आयोजन स्थानीय नगर पंचायत स्थित बीका भगत के पोखरा पर किया गया। मुख्य अतिथि संघ के जिला प्रचारक अनुज जी ने कहा कि भारत उत्सवधर्मी देश है। यहां प्रत्येक दिन कोई न कोई त्योहार हम सब मनाते है। संघ भी इसी क्रम में वर्ष के छह त्योहार को मनाता है। जिस प्रकार खिचड़ी में भिन्न-भिन्न प्रकार की वस्तुएं मिल कर एक रुप होकर स्वादिष्ट एवं सुपाच्य हो जाती है, वैसे ही हमारे हिन्दू धर्म में विभिन्न जाति, आराध्य एवं जीवन शैली के उपरान्त भी हम एक रूप है, हिन्दू है। इस अवसर पर नगर कार्यवाहक आनंद, नगर प्रचारक दौलत जी, उपेन्द्र पाण्डेय, मदन राजभर, विनय सिंह, सतीश उपाध्याय, मनोज सिंह, उमेश सिंह, दीपक खरवार, अमित यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता देवानन्द सिंह एवं संचालन वेद प्रकाश खरवार ने किया।

### हृदयगति रुकने से विभागाध्यक्ष का निधन



**बेल्थरारोड।** देवेंद्र पीजी कालेज बेल्थरारोड के समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शिवाकांत मिश्रा का मंगलवार की सुबह हृदयगति रुकने से निधन हो गया। बताया जाता है कि सोमवार को डॉ. मिश्र महाविद्यालय पहुंचे थे और पूरी तरह से स्वस्थ थे। भोर में कुछ घबराहट महसूस हुई तो अपने पुत्र डा. उद्भव मिश्रा से मोबाइल से बात की। इसके बाद कार से बीआरडी मेडिकल कालेज देवरिया के लिए अपने पुत्र के साथ रवाना हुए। वह सलेमपुर में अपने पुत्र व ड्राइवर के साथ चाय भी पिये। इसके बाद बीआरडी मेडिकल कालेज देवरिया जहां उनका बेटा डा. उद्भव मिश्रा खुद रेजिडेंट डाक्टर है, वहां पहुंच गए। कार से उतर कर जैसे ही मेडिकल कालेज के गेट को पार कर रहे थे कि अचानक लड़खड़ा कर गिरे और उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर कालेज परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरेराम सिंह ने कहा कि प्रो. मिश्रा की अचानक मौत कालेज के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रबंधक सुशील कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ. हरेराम सिंह ने उनके परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

### एचएन शर्मा की तरफ से बंटा कंबल



**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के राजनीतिक सलाहकार रहे एचएन शर्मा की तरफ से बलिया नगर में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। श्री शर्मा के करीबी पीएन सिंह, सभासद सुभाष वर्मा, पूर्व सभासद राहुल रस्तोगी द्वारा जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। इस भीषण ठंड में एचएन शर्मा ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कराकर सराहनीय कार्य किया है। बलिया के विकास की सोच को लेकर हमेशा श्री शर्मा प्रयासरत रहते है। लखनऊ से दिल्ली तक बड़े नेताओं से मिलकर बलिया के विकास की बात प्राथमिकता से रखते है।

### 30 से पहले भाजपा की जिला कमेटी में होगा फेर बदल



**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी बलिया संगठन में बहुत जल्द फेर बदल होने की संभावना है। जानकारी यह भी मिल रही है कि 30 जनवरी से पहले भाजपा जिला कमेटी में फेर बदल होगा। ऐसे में जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष नये हो सकते है। हालांकि राजनीतिक गलियारे में यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि वर्तमान जिलाध्यक्ष भी रिपीट हो सकते है। यह तो भविष्य की बात है, लेकिन 1980 से अब तक जितने भी जिलाध्यक्ष रहे, उसमें एक मात्र क्षत्रिय चेहरे के रूप में विजय बहादुर सिंह ही जिलाध्यक्ष रहे है। ऐसे में यह भी चर्चा का विषय है कि भाजपा से कोई क्षत्रिय जिलाध्यक्ष भी हो सकता है। 1980 से अब तक यदि जिलाध्यक्षों के नाम पर गौर करें तो केशव देव, शिवभूषण तिवारी, राजनारायण पांडेय, कृष्ण शंकर पांडेय, शिवभूषण तिवारी, संग्राम भूषण मिश्र, पीएन तिवारी, शेषमणि राय, बृजनारायण राय, उपेंद्र तिवारी, देवेंद्र यादव, विजय बहादुर सिंह, देवेंद्र यादव, विनोद शंकर दुबे व वर्तमान समय में जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष है।

### वृद्ध के निधन पर शोक

**मझौवां।** स्थानीय ग्राम पंचायत की क्षेत्र पंचायत सदस्य शिखा देवी के श्वसुर क्रांति कुमार सिंह (81) का पैतृक आवास पर निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इनका अंतिम संस्कार गंगा घाट पचरूखिया पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र बृजेश सिंह ने दी। इस अवसर पर विशाल सिंह, बिट्टु सिंह, अनमोल सिंह, अंजय सिंह, हरेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बेधड़क हो रही हरे पेड़ों की कटाई

**दबंगई**

### पुलिस एवं वन विभाग की चुप्पी बनी चर्चा का विषय

जनसंदेश न्यूज



**बैरिया।** 'पेड़ है धरती का गहना' की अवधारणा अब धीरे-धीरे समाप्त होने लगी है। पर्यावरण को सन्तुलित करने के लिए सरकार द्वारा लगाये गये हरे पेड़ों को बैरिया तहसील क्षेत्र के विभिन्न सड़कों के किनारे अवैध तरीके से काटकर लकड़ी बाहर भेजे जाने का सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। पुलिस एवं वन विभाग की चुप्पी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बता दें कि कर्ण छपरा-धतूरी टोला-दलन छपरा मार्ग, सोनबरसा-दलन छपरा मार्ग, बैरिया-लालगंज मार्ग, मठ योगेंद्र गिरी-रानीगंज मार्ग, नौका टोला-लक्ष्मण छपरा मार्ग, चांददियर पुलिस चौकी- जयप्रकाश नगर मार्ग सहित एक दर्जन मार्गों की पटरियों पर खड़े हजारों हरे पेड़ों को वन माफियाओं द्वारा काटकर बेधड़क ट्रक पर लकड़ियों को लादकर बाहर भेजे जाने का सिलसिला पिछले छः महीने से खुलेआम जारी है। न तो पुलिस पेड़ काटने से रोक रही है और न ही वन विभाग। इस संदर्भ में पुलिस का कहना है कि पेड़ काटने से रोकना पुलिस के अधिकार से बाहर की बात है। इसलिए पेड़ों को काटने में पुलिस कोई हस्तक्षेप नहीं कर रही है। वहीं, वन विभाग का कहना है कि पुलिस सहयोग नहीं कर पा रही है। इसलिए हरे पेड़ों की कटाई हम लोग नहीं रोक पा रहे हैं।

> तीन दिन पूर्व हम लोगों ने सरकारी जमीन में खड़े पेड़ काटने वालों के खिलाफ दोकटी थाने में तहरीर दिया है, किंतु पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है।
>
> **राजेश श्रीवास्तव, वन क्षेत्राधिकारी बैरिया**

> मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।
>
> **मदन पटेल, थानाध्यक्ष दोकटी**

# मार्कण्डेय के बाद दयाशंकर बने भाजपा से विधायक

**राजनीति**

### बलिया नगर विधान सभा में पहली बार 1993 में खिला था कमल

**बलिया।** नगर विधानसभा क्षेत्र बलिया के राजनीतिक पृष्ठभूमि पर यदि गौर करें तो यहां पर पहली बार करीब 1993 में भाजपा से मारकंडेय सिंह ने कमल खिलाया था। उसके पहले इस विधानसभा क्षेत्र में कमल कभी नहीं खिला था। इसके बाद क्षत्रिय नेता के रूप में दयाशंकर सिंह 2022 में बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक बने। हालांकि इसके पूर्व 1996 और 2007 में मंजू सिंह निर्दल व बसपा से विधायक बनीं। बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक पृष्ठभूमि पर नगरवासियों ने क्षत्रिय समाज के रूप में मारकंडेय सिंह, मंजू सिंह व दयाशंकर सिंह को अपना नेता चुना। वक्त-वक्त की बात है जब 1993 में भाजपा से मारकंडेय सिंह विधायक हुए, उस समय भाजपा की सोशल मीडिया उतनी सक्रिय नहीं थी। लेकिन 2022 में मोदी लहर के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भाजपा के पक्ष में जबरदस्त लहर चली। कारण यह बना कि अब तक के इतिहास में एक लाख के अधिक वोटों से दयाशंकर सिंह बलिया नगर विधानसभा के विधायक बनें। वहीं, दयाशंकर सिंह 2007 में बलिया नगर विधानसभा से पहली बार चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें बुरी तरह से हार का मुंह देखना पड़ा। यहां से बलियावासियों ने मंजू सिंह को बसपा से चुनाव जीताकर विधायक बनाया। मारकंडेय और दयाशंकर सिंह का नाम बलिया नगर विधानसभा सीट से चर्चा में रहती रही। मारकंडेय सिंह के निधन के बाद मंजू सिंह को बलिया की जनता ने एक मौका दिया और वे विधायक बनीं। उसके बाद 2002 में विक्रमादित्य पांडेय का टिकट कटने के बाद सपा ने नारद राय को मैदान में उतारा और पहली बार नारद राय बलिया नगर विधानसभा सीट से विधायक बनें। उसके बाद 2012 में फिर

### दयाशंकर सिंह से है जनता को उम्मीद

बलिया। एक लाख से अधिक मतों से विधायक बने दयाशंकर सिंह वर्तमान समय में योगी सरकार में परिवहन मंत्री है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और बलिया की जनता दयाशंकर सिंह को विकास पुरूष के रूप में देख रही है। अब दयाशंकर सिंह बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र को कितना बेहतर करेंगे? यह तो वक्त की बात है, लेकिन बलिया में जो आवश्यकता है उसकी भी चर्चा राजनीतिक गलियारों में हो रही है। मेडिकल कालेज, एयरपोर्ट की तर्ज पर रोडवेज, भृगु कारिडोर, सुरहाताल का विकास, बाईपास का निर्माण, अच्छी सड़कें, बाढ़ व कटान से मिले निजात, कटहल नाला का विकास, शहर को जल जमाव से मुक्ति, अतिक्रमण, जर्जर लटकते विद्युत तारों से निजात, सीवरेज परियोजना का शुरू कराना तथा माडल सिटी के रूप में बलिया को विकसित करने का सपना बलिया की जनता देख रही है।

## संक्षेप

### रैली निकालकर दिया स्वच्छता और जीरो वेस्ट का संदेश



**मऊ।** नगर पालिका द्वारा नगर में 14 जनवरी से स्वच्छ विरासत अभियान चला जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका द्वारा नगर के पर्यटक एवं ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ धरोहर में स्थापित करने के साथ-साथ लोगों को स्वचछता के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को नगर पालिका कर्मी शीतला माता मन्दिर परिसर में जंगी पैमाने पर सफाई करते हुए दिखे तथा पालिका कर्मी बन्धा रोड से सेल्फी प्वाइंट, बलिया मोड़, भीटी व बालनिकेतन होते हुए हट्ठीमदारी तक रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता व जिरो वेस्ट का सन्देश दिया। रैली के दौरान पालिका अधिकारी व कर्मचारी लोगों को जीरो वेस्ट से जुड़ी जानकारियां दी तथा लोगों को सूखा व गीला कूड़ा को अलग-अलग एकत्र करने हेतु जागरुक किया। यह अभियान 24 जनवरी तक चलाया जायेगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में 14 जनवरी से 24 जनवरी तक पूरे प्रदेश में स्वच्छ विरासत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पालिका परिषद मऊ में शीतला माता धाम को स्वच्छ विरासत के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि हमारी जो विरासत है उसे संरक्षित और सुरक्षित करते हुए वहाँ साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाये। इस अभियान में मैराथन रन फॉर जी20 और स्वच्छता अभियान के साथ 24 जनवरी को प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर गौ पूजा के साथ इस अभियान का समापन किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने में पालिका के सफाई एवं खाद्य् निरीक्षक सत्य प्रकाश, नरेन्द्र कुमार व स्वच्छ भारत मिशन के डीसी मनीष सिंह व डीपीएम पियूष सिंह सहित पालिका के सफाई कर्मी पूरी लगन से कार्य कर रहें है।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** मंगलवार को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान लाडोपुर हाइवे के पास से मु0अ0सं0 408/22 धारा 411,413,420,467, 468,471 भादवि0 में वांछित अभियुक्त सूरज राम पुत्र अनिल राम निवासी गालिबपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### सड़क जाम करने के मामले में 11 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बेरुआरबारी।** सुखपुरा चैराहे पर घायल किशोर को चारपाई पर लेटा कर सोमवार को सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने 11 नामजद तथा 40 से 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। 11 जनवरी की रात कुछ लोगों ने मनीष चैहान की पिटाई कर दी और नहर के पास लिटा दिए। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने उसे एंबुलेंस से रात में ही जिला अस्पताल भिजवा दिया। इलाज के दौरान वह दूसरे दिन सुखपुरा थाने पर पहुंचकर मुकदमा पंजीकृत करने की बात कही। जिस पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया तथा 2 दिन बाद निरोधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय चालान आरोपी को कर दिया गया। जिला अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर पर आराम करने की सलाह डॉक्टरों द्वारा दिए जाने के बावजूद दो दिन घर रहकर किसी के सलाह पर उसके परिजनों ने वाराणसी में इलाज कराने लेकर चले गए। जहां डॉक्टरों ने दवा देकर पुनः घर पर आराम करने की सलाह देकर वापस कर दिया। इसी मामले को लेकर गांव में राजनीति शुरू हो गई कि इलाज के नाम पर अगर चक्का जाम किया जाएगा तो मोटी रकम मिल सकती है, इसी साजिश में आकर सोमवार को घर वालों के साथ गांव के कुछ लोगों ने चैराहे पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिया। जिसके चलते करीब ढाई घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने घायल को सदर अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसको पूरी तरह से स्वस्थ बताया। कुछ देर बाद ही अस्पताल परिसर में वह अकेले टहलने लगा और भोजन भी किया, जिसके बाद उसने बताया कि मेरी मां और कुछ गांव के ही लोगों ने समझा-बुझाकर यह चक्का जाम कराया था। लोगों ने समझाया था कि ऐसा करने पर इलाज के नाम पर तुम्हें अच्छा खासा पैसा मिल जाएगा। इसके बाद बेवजह बलिया सिकंदरपुर मुख्य मार्ग को जाम कर आवागमन बाधित किया गया, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसी मामले में पुलिस ने 11 नामजद और 40 से 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया की वीडियो देखकर लोगों को चिन्हित करने का काम तेजी किया जा रहा है और कठोर अनुशासनिक कार्रवाई किया जा रहा है। इसमें दर्जनों पुलिसकर्मी को लगाया गया है जो गांव में घूम-घूम कर वीडियो के सहारे लोगों की पहचान कर रहे हैं। पुलिस यह भी पहचान करने में जुटी है कि इसका मुख्य सूत्रधार जो इन लोगों को सड़क पर लाया है उसे भी मुख्य आरोपी के रूप में पुलिस पता लगा रही है।

# जिले के प्रत्येक गौआश्रय स्थल में हों सभी सुविधाएं : नोडल अधिकारी

**जायजा**

### वृहद गौशाला बगली पिजड़ा का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** मंगलवार को जनपद के नामित नोडल अधिकारी शेषमणि पांडे विशेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विकासखंड परदहा के अंतर्गत बृहद गौशाला बगली पिजड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशुओं के गोबर गौशाला के अंदर ही अलग-अलग जगहों पर रखा पाया गया एवं ठंड से बचाव हेतु कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने पर नोडल अधिकारी द्वारा ठंड से बचाव हेतु तत्काल व्यवस्था कराने के सख्त निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत गौशाला में पानी निकासी की उचित व्यवस्था ना होने पर उन्होंने इसका समाधान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गौआश्रय स्थल में स्थित जिन पशुओं का ईयर टैगिंग नहीं हुआ है, उनका ईयर टैगिंग कराने और गौआश्रय स्थल में समस्त मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा वहां पर कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए। नोडल अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त गौआश्रय स्थल में चारे की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

नोडल अधिकारी ने गौशाला में स्थित कुछ पशुओं को स्वयं गुड़ खिलाया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित है।

### मोबाइल टेस्टिंग लैब द्वारा जांचे गये 41 नमूनों में से 11 नमूने मानक के अनुरूप नहीं

**मऊ।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी फुड मोबाईल टेस्टिंग लैब वैन) द्वारा मंगलवार को जनपद के गाजीपुर तिराहा, रोडवेज, रेलवे स्टेशन, बलिया मोड़, पहसा तथा रतनपुरा में जागरूकता कैम्प लगाकर विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 41 नमूनों की जांच निःशुल्क की गयी। मोबाईल टेसि्ंटग लैब द्वारा मौके पर जांचे गये कुल 41 नमूनों में से 11 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाये गये। मोबाइल टेसि्ंटग लैब द्वारा विभिन्न स्थानों पर जांचे गये नमूने जिसमें दूध तथा दूध से निर्मित मिठाईयों के 33 नमूनों की जांच मौके पर की गयी, जिनमें 09 नमूनें मानक के अनुरूप नहीं पाये गये। अन्य खाद्य पदार्थों के 08 नमूनों की जांच मौके पर की गयी, जिनमें 02 नमूनें मानक के अनुरूप नहीं पाये गये। मौके पर उपस्थित समस्त खाद्य कारोबारकताओं तथा आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक भी किया गया। ऐसे खाद्य कारोबारकताओं जिनके प्रतिष्ठान से जांच हेतु लिए गये नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाये गये उन्हें कठोर चेतावनी देते हुये भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न किये जाने के सख्त निर्देश दिये गये।

## गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन का मतदान 30 को

> मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**मऊ।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान दिवस दिनांक 30 जनवरी 2023 को मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक मऊ जनपद में लोक शान्ति को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक मतदान कराये जाने के उद्देश्य से आबकारी दुकानों की बन्दी एवं मादक वस्तुओं के उपभोग को प्रतिबन्धित/नियंत्रित करने हेतु संगत नियमावली एवं लाइसेंस की शर्तो के अधीन कार्यवाही सुनिश्चत की जाये एवं अवैध मदिरा की तस्करी पर भी अंकुश लगाया जाएगा।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय के अंदर ही करें पूर्ण : डीएम

**निर्देश**

### निर्माणाधीन लघु सेतु, पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विकास खंड घोसी में इमिलिया घाट पर छोटू सरयू नदी पर निमार्णाधीन लघु सेतु, पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया।

इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 137.93 लाख रुपए हैं, जिसके तहत छोटी सरयू नदी पर 18 मीटर लंबे लघु सेतु का निर्माण कार्य के साथ ही 215 मीटर अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं 85 मीटर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य किया जाना है। इस परियोजना के पूर्ण हो जाने से डेराघाट गांव मुख्य मार्ग से जुड़ जाएगा। इस परियोजना पर 1 अक्टूबर 2022 से कार्य प्रारंभ हुआ एवं इसके पूर्ण होने की तिथि 30 अप्रैल 2023 निर्धारित है, परंतु अभी तक इस परियोजना की कुल भौतिक प्रगति लगभग 25 प्रतिषत ही हो पाई है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों के धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड) को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए इसे समय के अंदर ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। आवश्यक होने पर उन्होंने मजदूरों की संख्या भी बढ़ाने को कहा। उन्होंने सारे निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्रियों की भी जांच जिलाधिकारी ने की। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी (निर्माण खंड) को प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। शिकायत पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी (निर्माण खंड) के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जेएनसीयू के प्रतिभागियों ने जौनपुर युवा महोत्सव में की भागीदारी



जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 कल्पलता पाण्डेय ने विजेताओं को शुभकामनाएं और बधाई दी।

छात्र-छात्राओं ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में दो (12 और 13 जनवरी, 2023) दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में भागीदारी की। जिसके अन्तर्गत सोलो क्लासिकल म्यूजिक (शास्त्रीय एकल गायन)- द्वितीय स्थान, लाइट सोलो म्यूजिक (एकल सुगम संगीत)-द्वितीय स्थान, फोक ग्रुप संगीत-तृतीय स्थान, माइम-तृतीय स्थान, वाद विवाद में प्रवीण और वैभव ने सान्तवना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतिभागियों द्वारा सोलो क्लासिकल म्यूजिक में आनंद जी वर्मा द्वितीय स्थान, लाइट सोलो म्यूजिक में भी आनंद जी वर्मा द्वितीय स्थान, फोक ग्रुप संगीत में अमरेश यादव एण्ड ग्रुप तृतीय स्थान तथा माइम में क्रमानुसार संगीता तिवारी, रिमझिम, गीता, संगीता शर्मा, पुजा गुप्ता, अनिष कुमार रहें।

टीम के साथ कनीज फातिमा, हेमन्त कुमार सैनी और डॉ0 संतोष कुमार तिवारी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के साथ रहे। इस प्रतियोगिता की कोआर्डिनेटर डा0 प्रियंका सिंह ने खुशी जाहिर की और निदेशक शैक्षणिक डा0 पुष्पा मिश्रा सहित शिक्षकगण और कर्मचारियों ने बधाई दिया। महोत्सव की समस्त प्रतियोगिताओं में काशी विद्यापीठ वाराणसी प्रथम, पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वितीय, चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय तृतीय और जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया चतुर्थ स्थान पर रहा।

# 48 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कामयाबी**

### उड़ीसा से सस्ते दाम पर खरीद अन्य जिलो में करते थे धंधा

### यूपी 61-1515 नंबर की काली स्कॉर्पियों से हो रही थी तस्करी


कार्यालय में गांजा तस्कर को मीडिया कर्मियों के सामने पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

**गाजीपुर।** जिले में हेरोइन और गांजा तस्करों के कारोबार पर पुलिस का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। जिले में कई कुख्यात तस्कर है, जिनका अन्य जनपदों में रेकैट चलता है। पुलिस ने कई हेरोइन तस्करों पर बड़ी कार्रवाई कर चुकी है। जिन्होंने नशे के अवैध कारोबार से अकूत संपत्ति कमाई थी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार नशे के अवैध कारोबारियों शिंकजा कस रही है। इसी क्रम में खानपुर पुलिस व स्वाट टीम ने दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 48 किलोग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की कीमत चार लाख है। टीम ने तस्करों की स्कार्पियो भी जब्त कर ली है। खानपुर पुलिस व स्वाट टीम मंगलवार को ग्राम खरौना गोमती नदी पुलिया पर वाहन चेकिंग कर रही थी। सभी आने जाने वाले व्यक्तियों की सघन तलाशी ली जा रही थी। इस बीच करीब 08.15 बजे अभियुक्त राघव सिंह 24 पुत्र भरत सिंह निवासी ग्राम सीतापट्टी थाना करण्डा हाल पता पीर नगर कालोनी कोतवाली जनपद और हर्षदीप सिंह 20 पुत्र अनिल सिंह निवासी ग्राम उघरनपुर थाना करण्डा काले रंग की स्कार्पियो में 48 किलो गांजा छिपाकर ले जा रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ किया गया तो बताया कि यह गांजा हम लोग उड़ीसा से सस्ते दाम पर लाते है। उसको 2-2 किलो का पैकेट कर ऊँचे दाम पर अन्य जनपदों में बेचकर लाभ के हिस्से को आपस में बाँट लेते है। आज यह गांजा हम लोग वाराणसी ले जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि कुल 24 पैकेट में दो किलो गांजा भरकर सप्लाई करते है। काली रंग की स्कॉर्पियों की नंबर यूपी 61-1515 से यह धंधा किया जा रहा था।

# 15 हजार का इनामियां बदमाश गिरफ्तार

**कासिमाबाद।** कोतवाली पुलिस और बिरनो पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गैंगस्टर अधिनियम के तहत 15000 के इनामी अभियुक्त को मंगलवार को कुतुबपुर सिक्स लेन ओवर ब्रिज के पास से धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कासिमाबाद और बिरनो पुलिस संयुक्त रूप से मंगलवार को चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली की 15000 का इनामी बदमाश कुतुबपुर सिक्स लेन ओवर ब्रिज के पास मौजूद है और कही भागने की फिराक में है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देख अभियुक्त भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया ।पुलिस द्वारा पूछताछ में उसने अपना नाम दीनबंधु उपाध्याय पुत्र रामअवतार उपाध्याय निवासी ग्राम सराय मुबारकपुर धर्मपुरा थाना कासिमाबाद होना बताया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कासिमाबाद प्रभारी कमलेश पाल व बिरनो थानाध्यक्ष केपी सिंह, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव, अफसर अहमद, धन्नजय पाल, सुनील पांडेय, सनोज यादव, अनुराग बर्मा शामिल रहे।


कासिमाबाद पुलिस की गिरफ्त में इनामियां बदमाश।

# गौ आश्रय केंद्र का विशेष सचिव ने किया निरीक्षण सचिव निलंबित

**गाजीपुर।** डा. अखिलेश कुमार मिश्रा आई.ए.एस. विशेष सचिव उच्चशिक्षा उप्र शासन एवं नामित नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी आर्यका अखोरी, मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता ने तहसील जमानिया अन्तर्गत अस्थायी गो-आश्रय केन्द्र रेवतीपुर एवं कान्हा गौशाला जमानियां का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं के चारा, पानी एवं उनके बीमारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली, साथ ही पशुओं को ठंड से बचाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने रेवतीपुर में मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी के उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निलंबित करने का निर्देश दिया। नोडल अधिकारी द्वारा गो-आश्रय स्थल के स्थलीय निरीक्षण के दौरान गौ-आश्रय स्थल में उपस्थित पशुओं की संख्या, चारा पानी, की जानकारी ली। मौके पर पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पायी गई।

बताया गया कि पशुओं के लिए हरे चारे की बुवाई की गयी है तथा ठंड से बचाव हेतु शेड को चारों ओर तिरपाल से घेरा गया है तथा छोटे गोवंश के लिये बोरे से ढ़कने की व्यवस्था की गयी है । रात्रि में अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है तथा समय समय पर संक्रामक बीमारीयों से बचाव हेतु टीकाकरण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेख का अवलोकन किया गया जो ठीक मिले।

## पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

**भांवरकोल।** स्थानीय थाना पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को क्षेत्र के बुढाड़ीह तरांव मोड़ से चोरी की मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि बदौली गांव निवासी अरबिन्द कुमार मौर्य ने स्थानीय थाने में अज्ञात के खिलाफ मोबाइल चोरी का मामला पंजीकृत कराया था। एसआई रवि प्रकाश अपने हमराही के साथ मंगलवार की सुबह क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के मामले का आरोपी क्षेत्र के बुढाड़ीह ,तरांव मोड़ पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास चोरी की ओप्पो मोबाइल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अनिल उर्फ सोनू मुसहर बकुलियापुर, थाना कोतवाली गाजीपुर का रहने वाला है ।उसे वांछित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# धनावंटन के बावजूद प्रगति कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं:डीएम

**बैठक**


### राइफल क्लब सभागार में विकास कार्यों की डीएम ने की समीक्षा


राइफल क्लब सभागार में बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में सोमवार की साय काल में राइफल क्लब सभागार में मुख्यमंत्री जी की घोषणा, निर्माण कार्य, क्रिटिकल गैप्स, 50 लाख से अधिक एवं 50 लाख से कम परियोजनाओं, त्वरित आर्थिक विकास योजनाओं के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने माह दिसम्बर 2022 मे पूर्ण होने वाले कार्यो की जानकारी कार्यदायी संस्थाओं से ली तथा निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने वाले कार्यदायी संस्थाओं को अधूरे कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायं। जिलाधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित थे।

# नहीं रहे भाजपा के आधारस्तंभ प्रभुनाथ

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संवेदना प्रकट कर जताया दुख


प्रभुनाथ चौहान (फाइल फोटो)।

### बड़े जुझारू थे प्रभुनाथ चौहान, बचपन से आखिरी सांस तक किया संघर्ष

प्रभुनाथ चौहान 1980 में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता के साथ पार्टी के ग्राम इकाई अध्यक्ष से राजनैतिक शुरूआत कर1982 में शक्ति केन्द्र प्रमुख,1988 में मंडल महामंत्री बनें। 1962 में जन्में प्रभुनाथ चौहान अपने राजनीति जीवन में तमाम उतार चढ़ाव देखे। 61 वर्षीय प्रभुनाथ चौहान की मंगलवार को सुबह लगभग 8:30 बजे हृदयगति रुकने से निधन हो गया। यह गाजीपुर लोकसभा से 2009 मे भाजपा प्रत्याशी रह चुके है। प्रभुनाथ चौहान बहुत ही स्पष्टवादी नेता थे।

### भाजपा में शोक की लहर

बतादें, प्रभुनाथ चौहान की तबीयत रात्रि में अचानक कुछ खराब हुई। स्थानीय चिकित्सकों कि सलाह व दवा इलाज से सुधार हो गया। लेकिन अच्छे इलाज के लिए सुबह वाराणसी ले जाने की तैयारी चल ही रही थी कि अचानक उनका निधन हो गया। इस निधन से भाजपा में शोक की लहर व्याप्त है।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** भाजपा के पुर्व जिलाध्यक्ष एवं निवर्तमान उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग प्रभुनाथ चौहान की मंगलवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया।

भाजपा नेता के निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संवेदना प्रकट कर दुख जताया है। अंतिम संस्कार से पहले भाजपा कार्यालय छावनी लाइन पर शव दर्शनार्थ के लिए रखा गया।

जहां से शव यात्रा श्मशान घाट के लिए प्रस्थान किया।

उदारवादी और बेबाकी से कार्यकर्ताओं की बात उठाने वाले दिग्गज भाजपा नेता प्रभुनाथ चौहान की पार्थिव शरीर की एक झलक पाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इनकी पत्नी इन्द्रावती देवी के आलावा दो पुत्र रविकांत चौहान,शशिकान्त चौहान तथा एक पुत्री आभा चौहान है। जिनकी शादी हो चुकी है।

## ड्राइविंग सीट पर बैठे बैंककर्मी के गले के आर-पार हुआ बांस

**सैदपुर।** खानपुर थानाक्षेत्र के अमेदा निवासी 48 वर्षीय बैंककर्मी अमरेश सिंह आजाद पुत्र महेंद्र सिंह की चंद्रावती में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। अमरेश बैंक में कर्मचारी थे, वो कार चलाकर आ रहे थे। तभी चंद्रावती में एक भूसा लदे ट्रैक्टर से खतरनाक ढंग से बाहर निकला हुआ बांस कार का शीशा तोड़ते हुए उनके गले के आरपार हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उनका शव कार में बांस के चलते फंस गया था। जिसके बाद राहगीरों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकाला। इधर उनके मौत की खबर लगते ही गांव में लोग सन्न रह गए। आजाद की पत्नी शोभा दहाड़े मार रोने लगीं। मां गिरिजा देवी बेटे के मौत की खबर सुन बेहोश हो गई। छोटे भाई रणविजय ने अज्ञात वाहन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# कलेक्ट्रेट बार एसो.चुनाव के लिए नामांकन


कलेक्ट्रेट बार एसो चुनाव के लिए नामांकन पत्र सौंपते प्रत्याशी।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मंगलवार को पांच नामांकन पत्र भरा गया। अध्यक्ष पद के लिए अमर सिंह एडवोकेट और शंकर सिंह यादव, महासचिव पद के लिए मदन सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम सिद्दीकी ने नामांकन किया। नामांकन का कार्य बुधवार को भी किया जाएगा। नामांकन के बाद 23 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश सिंह यादव, उप मुख्य चुनाव अधिकारी श्यामनारायण कुशवाहा और परितोष तिवारी रहे। नामांकन का कार्य स्व. रामकरण यादव दादा स्मृति हाल वन में किया गया।

इस मौके पर अजय कुमार पाठक जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल, वंशीधर कुशवाहा जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व, पूर्व महासचिव मीता कुशवाहा, निवर्तमान अध्यक्ष दशरथ यादव, वर्तमान महासचिव धर्मचंद्र सिंह यादव, मुद्रिका यादव, लव कुमार सहित आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग की लापरवाही से किसानों की फसल जलमग्न


अधियारां बड़ौरा माइनर में जलमग्न खेत।

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** अधियारां बडौरा माईनर में सिंचाई विभाग के द्वारा क्षमता से ज्यादा तेज प्रवाह से पानी छोड़े जाने के चलते क्षेत्र के कई गाँवों के एक दर्जन किसानों के द्वारा खेतों में बोई गई गेहूं, प्याज, चना, मटर, सरसों, आलू, गन्ना, अरहर, हरिमिर्च ,सब्जियां आदि की करीब बीस बीघे फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गई। फसल के जलमग्न होने की जानकारी होते ही किसानों ने तत्काल इसकी सूचना सिंचाई विभाग के कर्मियों और अधिकारियों दी, जिसके बाद महकमें के द्वारा इस माइनर में पानी की आपूर्ति अगले आदेश तक बंद कर दिया गया। तब जाकर किसानों ने कुछ राहत की सांस ली, किसानों ने बताया कि महकमें की उदासीनता है कि प्रत्येक वर्ष इसी तरह लोगों की फसलें बर्बाद हो जाती है। जिसके चलते किसानों को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान उठाना पडता है । किसानों का कहना है कि उन्हें नहीं सूझ रहा है इस गम्भीर समस्या से कैसे निजात मिले ताकि वह अपने फसलों को सुरक्षित बचाया जा सके। लोगों ने मांग किया कि जरूरत के मुताबिक समय से अगर पानी छोड़ा जाता तो यह हश्र नहीं होता। इस संबंध में सिंचाई विभाग के अवर अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि माइनर में पानी बंद कर दिया गया है।

## कृषि अधिकारी ने किसानों को दी जानकारी

**गाजीपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया है कि इस समय सर्दी मौसम होने के साथ ही घना कोहरा एवं पाला भी पड़ रहा है जिसके कारण आलू की फसल में झुलसा रोग लगने की प्रबल सम्भावना है। झुलसा रोग की पहचान के लिए अपनी फसल की निरन्तर निगरानी करते रहें, यदि पत्तियों पर किसी प्रकार का दाग धब्बा दिखायी दे या रिंग के आकार का धब्बा बढ़ता जाय तो समझिये कि आप की फसल में झुलसा रोग लग गया है। आलू, मटर व सरसो की फसल को पाला से बचानें के लिए आलू की फसल में हल्की सिचाई करने की सलाह दी जाती है। झुलसा रोग के बचाव हेतु मैंकोजेब 75 प्रति.डब्लू.पी की 2 किग्रा मात्रा को 800 से 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से 15 दिन के अन्तराल पर छिड़काव करें। उन्होंने कृषकों को सूचित किया है कि समस्त रसायन जनपद की कृषि रक्षा इकाईयों पर उपलब्ध है। जिस पर कृषि विभाग की ओर से 50 प्रतिशत अनुदान भी देय है। जो डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में भेज दी जायेगी।

# नायब तहसीलदार ने राम मंदिर को बताया दुकानदारी

**फिसली जुबान**

### पूर्व विधायक सुनीता सिंह ने मुकदमा दर्ज कराने का किया ऐलान

**सेवराई।** तहसील के नायब तहसीलदार हिम्मत बहादुर का हिम्मत तो देखिए मंदिर में आस्था को बताया बेवकूफ और अयोध्या में निमार्णाधिन राम मंदिर को बताया डंके की चोट पर दुकानदारी। इसके बयानबाजी के बाद भाजपा नेताओं में आक्रोश व्याप्त है। पूर्व विधायक सुनीता सिंह ने मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है।


हिम्मत बहादुर।

सेवराई तहसील क्षेत्र के शक्तिपीठ के रूप में विख्यात मां कामाख्या धाम पर मंगलवार को दर्शन पूजन करने के लिए प्रदेश सचिव के साथ मुख्य विकास अधिकारी एसडीएम सहित अन्य अधिकारी पूजा करने पहुंचे हुए थे। अधिकारियों के साथ नायब तहसीलदार हिम्मत बहादुर भी वहां पर गए थे। मंदिर से लौटने के बाद नायब तहसीलदार हिम्मत बहादुर सेवराई तहसील मुख्यालय के पब्लिक प्लेस पर अपना हिम्मत दिखाते हुए लोगों के बीच देवी-देवताओं व मंदिरों में पूजा करने वाले लोगों का विरोध करते हुए मंदिर में पूजा करने वाले आस्था वालों को बेवकूफ बता रहे थे। जब मीडिया की नजर हिम्मत बहादुर के बदजुबानी पर पड़ी तो मीडिया वाले ने उसे अपने कैमरे में कैद करते हुए कुछ सवाल करना शुरू कर दिये । जिसका उन्होंने बेअदबी से जवाब देते हुए कहा कि मंदिर में आस्था रखने वाले लोग बेवकूफ हैं।

अयोध्या में बनने वाला राम मंदिर डंके की चोट पर कहता हूं कि दुकानदारी। उन्होंने मीडियाकर्मी को भी चुनौती देते हुए कहा कि जहां वीडियो भेजना है भेज दीजिए , किसी से डरने वाला नहीं हूं ,इतना कमजोर नहीं हूं। मौके पर उपस्थित लेखपालों ने जब देखा कि नायब तहसीलदार हिम्मत बहादुर काफी देवी देवताओं के ऊपर अनाप-शनाप कर रहे हैं तो उन्हें पकड़कर अंदर कमरे में ले गए ।

एसडीएम राजेश प्रसाद ने इस मामले में स्पष्ट शब्दों में कहा कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी की आस्था के साथ खिलवाड़ करने या बदजुबानी करने का हक किसी को नहीं है।

> करोड़ों लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी । जिलाधिकारी से वार्ता करने के बाद बदजुबान नायब तहसीलदार के ऊपर मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा ।
>
> सुनीता सिंह पूर्व भाजपा विधायक जमानिया विधानसभा

## संक्षेप

### नोडल अधिकारी ने बारा में गोशाला निर्माण पूरा करने के दिए निर्देश



**गहमर/बारा।** नोडल अधिकारी और विशेष सचिव ने मंगलवार को गहमर स्थित कामाख्या धाम मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद जिले की सीमा से सटे बिहार प्रांत के चौसा में स्थित आफगानी शासक शेराशाह सूरी और मुगल बादशाह हुमायूं के बीच हुए युद्ध ऐतिहासिक स्थल को देखा। इस दौरान उन्होंने बारा में निमार्णाधीन गोशाला का 30 जनवरी तक कार्य पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। नोडल अधिकारी और विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन अखिलेश कुमार मिश्रा ने सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता, एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया, बीडीओ भदौरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ कामाख्या धाम मंदिर में मत्था टेक दर्शन – पूजन किए। इसके बाद बारा में निमार्णाधीन गोशाला के बारे में मुख्य चिकित्साधिकारी व बीडीओ भदौरा से जानकारी ली। उन्होंने गोशाला निर्माण हर हाल में 30 जनवरी तक पूरा करने के बीडीओ को निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता, एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया, बीडीओ भदौरा राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**गहमर।** बच्चों के विवाद में दबंगों ने घर पर धावा बोलकर मारपीट कर दो लोगों को घायल कर दिया पुलिस ने घायल की मां के तहरीर पर गांव के ही छह लोगों पर मुकदमा दर्जकर घायल को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा भेज दिया। देवन्ती देवी पत्नी लालजी राजभर निवासी गांव हरकरनपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बच्चो के विवाद को लेकर मगरखाई (मठिया) के विश्राम राम, आशोक राम, पकंज राम, हरिकेश राम, अरुण राम, विनय राम सभी एक राय होकर लाठी-डण्डा हाकी व बैट से मेरे पुत्र रामप्यारे राजभर(23) को घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारने पिटने लगे। चीख पुकार सुनकर निरंजन कुमार पुत्र सन्तोष राय बीच बचाव करने पहुचे तो इन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिये। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बतायाया कि घायल की मां के तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला से छीना मोबाइल

**सुहवल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजकीय पशुचिकित्सालय के समीप बीते सोमवार की देर शाम को बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला का एंड्रायड मोबाइल जिसकी कीमत करीब पंद्रह हजार को छीनकर फरार हो गये,हुए इस छितैनी के बाद महिला जोर शोर से चिल्लाने लगी जिसके चलते मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई ।इसकी सूचना मिलते ही डायल 112 व थाने की पुलिस मौके पर पहुंच मामलें की छानबीन में जुटने के साथ ही बाइक सवार लुटेरों की तलाश में जुट गई । मगर पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। मंगलवार की दोपहर पीड़ित महिला ने थाने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ तहरीर दी,जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया। पिडित महिला निर्मला सिंह निवासी ताड़ीघाट ने बताया कि वह बीते शाम को अपने घर से झारखंडेय महादेव मन्दिर पैदल जा रही थी ,कि गाजीपुर सैयदराजा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मन्दिर से पहले पिछे से आए बाइक पर सवार दो युवकों ने जबरदस्ती मोबाइल छीनकर गाजीपुर की ओर फरार हो गये ।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि सूचना मिली है , छानबीन किया जा रहा है।

### पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

**भांवरकोल।** स्थानीय थाना पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को क्षेत्र के बुढाड़ीह तरांव मोड़ से चोरी की मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि बदौली गांव निवासी अरबिन्द कुमार मौर्य ने स्थानीय थाने में अज्ञात के खिलाफ मोबाइल चोरी का मामला पंजीकृत कराया था। एसआई रवि प्रकाश अपने हमराही के साथ मंगलवार की सुबह क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के मामले का आरोपी क्षेत्र के बुढाड़ीह ,तरांव मोड़ पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास चोरी की ओप्पो मोबाइल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अनिल उर्फ सोनू मुसहर बकुलियापुर, थाना कोतवाली गाजीपुर का रहने वाला है ।उसे वांछित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### शराब-तमंचा के साथ दो को दबोचा

**सैदपुर।** स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे दो बदमाशों को अवैध देशी तमंचे संग गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सूचना के आधार पर पुलिस बड़ागांव पहुंची। वहां से दो संदिग्धों को धर दबोचा। तलाशी में उनके पास से दो अवैध देशी तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद दोनों को थाने लाया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम रवि पांडेय पुत्र महेंद्र नाथ निवासी सुलतानीपुर चोलापुर व राहुल चौबे पुत्र अशोक चौबे निवासी चोलापुर वाराणसी बताया। जिसके बाद दोनों को सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया।

### सड़क पर उतरे मेडिकल कॉलेज के छात्र

**गाजीपुर।** महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज की छात्र-छात्राएं ने मंगलवार को यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नगर के मार्गों पर नुक्कड़ सभा के माध्यम से जागरूक किया गया। बिना हेलमेट एक बाइक पर तीन सवारी बिना सीट बेल्ट वाहन चालकों को नुक्कड़ सभा कर जागरूक करने का प्रयास किया गया। यातायात प्रभारी सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि नगर सहित विभिन्न मार्ग के चौराहे पर कालेज के विधार्थियों द्वारा नुक्कड़ सभा के माध्यम से यह सदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि बिना हेलमेट व एक बाइक पर तीन सवारी जोखिम भरा होता है। बिना हेलमेट के सफर करते समय दुर्घटना होने पर जान जाने का जहाँ खतरा होता है वही बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाना भी खतरनाक सबित है। नुक्कड़ सभा में जहाँ कई तरह के हादसों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

### 90 हजार की वसूली

**नंदगंज।** उपखण्ड कार्यलय नंदगंज के अन्तर्गत विद्युत विभाग द्वारा नंदगंज बाजार में बिजली बिल के बकाये विद्युत उपभोक्ताओं पर जारी की गई आरसी को मंगलवार को नायब तहसीलदार सैदपुर की मदद से तीन उपभोक्ताओं से कुल 90 हजार की वसूली की गयी। नंदगंज एसडीओ प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि नंदगंज बाजार में काटी गई आरसी में नंदगंज बाजार निवासी अजय के यहाँ से 1.25 लाख के एवज में 20 हजार, भारत के यहाँ से 41 हजार तथा एक अन्य से 29 हजार सहित कुल 90 हजार रुपये की वसूली की गई। टीम वसूली में नायब तहसीलदार आशीष सिंह, एसडीओ प्रदीप गुप्ता,अवर अभियन्ता सूर्यनाथ सहित अन्य विजय विद्युतकर्मी उपस्थित रहें।

### जिला कारागार में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** खेलकूद एवं विभिन्न रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा कारागार प्रशासन एवं बंदियों के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करने के उद्देश्य के क्रम में जिला कारागार गाजीपुर में पिछले एक पखवाड़े से अधिक समय से चल रहे जेल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मंगलवार को जेल प्रशासन की टीम व बैरक संख्या आठ की टीम के मध्य खेला गया। बैरक संख्या 8 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 10 ओवरों में 58 रन बनाकर जेल प्रशासन की टीम को जीत के लिए 59 रन का लक्ष्य दिया। जिसे जेल प्रशासन की टीम ने कप्तान जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा के कुशल नेतृत्व में 6 ओवरों में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। बंदीरक्षक सोहनलाल 32 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे उपजेलर रवींद्र सिंह यादव भी टीम का हिस्सा रहे। इस अवसर पर कारागार चिकित्साधिकारी, जेलर, उपजेलर व शिक्षाध्यापकों के अतिरिक्त काफी संख्या में बंदी भी दर्शकों के रूप में उपस्थित रहे।

### आज से आयोजित होगा बालिका सप्ताह कार्यक्रम

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला कल्याण विभाग के तत्वाधान में 18 से 24 जनवरी तक बालिका सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार सोनी ने बताया कि 18 जनवरी को हस्ताक्षर अभियान व शपथ कार्यक्रम किया जायेगा। 19 जनवरी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं स्टीकर चस्पा करने व ग्राम पंचायतों में कौशल विकास जागरुकता कार्यक्रम किया जायेगा। 20 जनवरी को स्कूलों में पोस्टर, स्लोगन राइटिंग, वॉल पेटिंग प्रतियोगिता, 23 जनवरी को बाल विवाह समाप्त करने की दिशा में धार्मिक गुरुओं के साथ सामुदायिक बैठकें, संवेदीकरण कार्यक्रम, स्वास्थ्य पोषण व पीसीपीएनडीटी एक्ट, एमटीपी एक्ट संबंधी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 24 जनवरी को समापन अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान खेल, शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय बालिका चैम्पियन, बीबीबीपी चैम्पियन के बारे में मीडिया में चल रही कहानियाँ का प्रसारण व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

### पत्रकार के निधन पर शोकसभा का हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** राहुल गांधी विचार मंच के बैनर तले पत्रकार त्यागी मुखदेव सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उनकेआत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में कौशलेंद्र नारायण सिंह कहा कि त्यागी मुखदेव सिंह निर्भिक पत्रकारिता करने वाले पहरी थे। शोक सभा में राम नगीना पाण्डेय, आशुतोष राय, सुभाष कुशवाहा, ओपी सिंह, डा.निहालुद्दीन, नवीन सिंह, हरकेश कुमार, डा. एसएस कुशवाहा आदि रहें।

जनसंपादकीय

# बीएचयू के क्रांतिकारी : दिगम्बर यशवंत लेले

शुभनीत कौशिक



बीसवीं सदी के आरम्भ में पंजाब और बंगाल में चले रहे क्रांतिकारी आंदोलन के बीच बनारस एक सम्पर्क सेतु का काम कर रहा था। शचींद्र नाथ सान्याल और रास बिहारी बोस जैसे क्रांतिकारी न केवल बनारस में क्रांतिकारी आंदोलन की कमान सँभाले हुए थे, बल्कि देश के दूसरे हिस्सों में चल रही क्रांतिकारी गतिविधियों से भी बनारस को अभिन्न रूप से जोड़े हुए थे। उसी दौर में बनारस में महाराष्ट्र से विष्णु गणेश पिंगले जैसे क्रांतिकारियों का भी आगमन हुआ। जो अपने साथ, वासुदेव बलवंत फड़के, चापेकर बंधुओं, अनंत लक्ष्मण कान्हेरे जैसे क्रांतिकारियों के बलिदानों से समृद्ध महाराष्ट्र की क्रांतिकारी विरासत लेकर आए। उन दिनों बनारस में हो रही क्रांतिकारी हलचलों का विस्तृत ब्यौरा शचींद्र नाथ सान्याल की प्रसिद्ध आत्मकथा 'बंदी जीवन' में मिलता है।

चालीस के दशक में महाराष्ट्र की उस क्रांतिकारी परम्परा से बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी को जोड़ने का काम दिगम्बर यशवंत लेले ने किया। धारवाड़ (बंबई प्रेसीडेंसी) में वर्ष 1920 में पैदा हुए दिगम्बर यशवंत लेले के पिता का नाम यशवंत गणेश लेले था। मैट्रिक तक की पढ़ाई दिगम्बर लेले ने जामखंडी राज के विभिन्न स्कूलों में की। मैट्रिक के बाद उन्होंने पूना के सर परशुरामभाऊ कॉलेज में दाखिला लिया। वहाँ के बाद वे उच्च शिक्षा के लिए बनारस आए, जहाँ उनका प्रवेश बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुआ। ह्यकद पाँच फुट, इकहरा शरीर, काली आँखें, काले बाल, चौड़ा चेहरा और आगे की ओर मुड़े हुए कानह्ल, सीआईडी की फाइल में दिगम्बर लेले की शारीरिक बनावट के बारे में यही बातें दर्ज.हैं।

तब दिगम्बर यशवंत लेले बीएचयू में विज्ञान से एम.एस-सी. कर रहे थे। पढ़ाई के दौरान दिगम्बर लेले पहली बार पुलिस की निगाह में तब आए, जब अगस्त 1939 में कम्युनिस्ट पार्टी के नेता महमूदुज्जफर के साथ उनका पत्राचार सेंसर विभाग ने देख लिया। यह पत्राचार बनारस में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के पत्र 'नैशनल फ्रंट' के बिक्री से जुड़ा हुआ था। ये वही महमूदुज्जफर थे, जिन्होंने वर्ष 1932 में छपे प्रसिद्ध कहानी-संग्रह 'अंगारे' में सज्जाद जहीर, अहमद अली, रशीद जहाँ के साथ एक कहानी लिखी थी, जिसका शीर्षक था - 'जवाँमर्दी'। आगे चलकर महमूदुज्जफर ने सज्जाद जहीर आदि के साथ 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना और उसके विस्तार में भी योगदान दिया था।

गौरतलब है कि फरवरी 1936 में रजनी पाम दत्त और बेन ब्रैडले द्वारा साम्राज्यवाद के विरुद्ध भारत में संयुक्त 'नैशनल फ्रंट' बनाने के पक्ष में दिए गए प्रस्ताव (दत्त-ब्रैडले थीसिस) के अनुरूप तब कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के साथ मिलकर काम कर रहे थे। इस दौरान साम्यवादी नेताओं को न केवल कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी में प्रवेश मिला, बल्कि दो प्रमुख साम्यवादी नेता सज्जाद जहीर और ईएमएस नम्बूदरीपाद कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संयुक्त सचिव भी बनाए गए थे। यही नहीं 1939 की त्रिपुरी कांग्रेस के लिए सुभाष चंद्र बोस को कांग्रेस का सभापति निर्वाचित करने में भी वामपंथी झुकाव वाले दलों की प्रमुख भूमिका रही थी।

दिगम्बर लेले युक्त प्रांत के प्रमुख साम्यवादी नेता रुद्र दत्त भारद्वाज के भी सम्पर्क में थे और साम्यवादी दल की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि रुद्र दत्त भारद्वाज खुद भी बनारस के सेंट्रल हिंदू कॉलेज और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के छात्र रह चुके थे। यूथ लीग के सचिव रहे रुद्र दत्त भारद्वाज ने जवाहरलाल नेहरू के साथ भी काम किया था, जो यूथ लीग के सभापति रहे थे। युक्त प्रांत में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की इकाई की स्थापना में अहम भूमिका निभाने वाले रुद्र दत्त भारद्वाज, पीसी जोशी और अजय घोष के साथ पोलित ब्यूरो के सदस्य भी थे। साथ ही, उन्होंने रेलवे वर्कर्स यूनियन और गिरनी कामगार यूनियन के संगठन का काम भी किया था। कम्युनिस्ट पार्टी के साप्ताहिक पत्र 'नया हिंदुस्तान' के प्रकाशन में भी उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी।

दिगम्बर लेले दक्षिण भारत के साम्यवादी छात्र समूहों से भी निरंतर पत्राचार कर रहे थे। यही नहीं उनका नाम सीआईडी को कम्युनिस्ट नेता कृष्णा स्वामीरेड्डी के पास से जब्त किए पत्रों में भी मिला था। जिससे साफ पता चलता है कि दिगम्बर लेले बनारस के साम्यवादी छात्रों में प्रमुखता हासिल कर चुके थे। उस समय बनारस में साम्यवादी छात्रों का नेतृत्व करने वालों में राजशेखर रेड्डी भी शामिल थे।

छात्रों के बीच राजनीतिक विचारों का प्रसार हो, वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय राजनीति में चल रही उथल-पुथल से परिचित हों, इस उद्देश्य से अक्टूबर 1940 से ही दिगम्बर लेले बीएचयू में स्टडी सर्किल भी चला रहे थे। गौरतलब है कि तब छात्रों की राजनीतिक सक्रियता से सशंकित अंग्रेजी राज की पुलिस द्वारा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में कई बार तलाशी भी ली जा चुकी थी।

दिगम्बर लेले इलाहाबाद के साम्यवादी छात्र नेता डीएन कचरू से भी सम्पर्क में थे। दिसम्बर 1940 में बीएचयू में गोपाल दास श्रीवास्तव के नेतृत्व में साम्यवादी रुझान वाले छात्रों ने जो नया गुट बनाया, दिगम्बर लेले उससे जुड़ गए। इसके बाद जनवरी 1941 से वे भूमिगत रूप से चल रही साम्यवादी दल की गतिविधियों को संचालित करने लगे। इसी क्रम में वे वीएस रानाडे और नुरूल हसन जैसे इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के साम्यवादी छात्र नेताओं के निकट सम्पर्क में आए। उनके साथ मिलकर वे गुप्त रूप से अंग्रेजी राज के विरुद्ध क्रांतिकारी गतिविधियां भी चला रहे थे।

युक्त प्रांत की स्पेशल ब्रांच द्वारा दिगम्बर लेले की क्रांतिकारी गतिविधियों की सूचना दिए जाने के बाद बम्बई की सीआईडी ने ने उनके माता-पिता को चेतावनी दी और इसके संभावित खतरों और दुष्परिणाम के बारे में आगाह किया। तब उनके अभिभावकों ने सीआईडी को आश्वासन दिया था कि दिगम्बर लेले को जल्द से जल्द बनारस वापस बुला लिया जाएगा। कुछ दिनों के लिए दिगम्बर लेले बनारस से धारवाड़ गए भी। मगर फरवरी 1941 में वे पुनः बनारस लौट आए और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में छात्रों को राजनीतिक रूप से संगठित करने और अंग्रेजी राज का विरोध करने में सक्रिय हो गए।

स्पष्ट है कि जहाँ एक ओर दिगम्बर लेले साम्यवादी दल के राष्ट्रीय नेताओं जैसे महमूदुज्जफर, रुद्र दत्त भारद्वाज आदि के सम्पर्क में लगातार थे, वहीं बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे छात्रों को भी वे राजनीतिक रूप से संगठित कर रहे थे। यही नहीं इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्र नेताओं के सहयोग से वे क्रांतिकारी गतिविधियों का संचालन कर रहे थे और उत्तर भारत के विश्वविद्यालय परिसरों में राजनीतिक चेतना को जगाने का काम निरंतर कर रहे थे।

**(लेखक बलिया के सतीश चंद्र कॉलेज में इतिहास के शिक्षक हैं.)**

# बुलडोजर राज पर अंकुश लगेगा?

समय- संदर्भ

सुभाष गाताडे



राष्ट्र की सबसे मजबूत सरकार,
अपने कदमों से जब नापती है एक राष्ट्र की आबादी
तो इसे वैज्ञानिक भाषा में बुलडोजर कहते हैं.
अब स्मृतियों और सपनों का
एक विशाल मलबा बनेगा एक राष्ट्र
और उस मलबे पर फहराएगा एक मजबूत ध्वज.
आ रही है हर दिशा से
मजबूत सरकार के कदमों की आहट..
मजबूत राष्ट्र में जो टूट नहीं पाए - फरीद खाँ

कुछ कुछ अदालती फैसले समूचे मुल्क में सुर्खियां बनते हैं ! गुवाहाटी उच्च अदालत के पिछले दिनों आए फैसले को लेकर यही कहा जा सकता है जिसमें उच्च न्यायालय - मुख्य न्यायाधीश आर एम छाया और न्यायमूर्ति सौमित्रा सैकिया की बनी की द्विसदस्यीय पीठ - ने असम के सलोनाबाड़ी गांव, जिला नागौन में की गयी गैरकानूनी तोडफोड को लेकर अपना सख्त फैसला सुनाया था।

मालूम हो कि न केवल इस द्विसदस्यीय पीठ ने बिना किसी प्रकियाओं का पालन किए किए जा रहे विध्वंस की भर्स्तना की बल्कि ऐसी कार्रवाइयों को 'गैरकानूनी' कहा और भाजपाशासित असम सरकार को यह निर्देश दिया कि वह विध्वंस से प्रभावित पीड़ितों को मुआवजा देने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर 'उचित कदम' उठाएं। खबरों के मुताबिक असम सरकार ने अदालत को यह आश्वासन दिया है कि वह पंद्रह दिनों के अंदर इसपर अमल करेगी।

निस्संदेह एक ऐसे माहौल में जबकि मुख्यतः भाजपा शासित सूबों में बुलडोजर के इस्तेमाल को लेकर जूनून सा बना है, उसे तुरंत न्याय दिलाने के उपकरण के तौर पर देखा जा रहा है, गुवाहाटी उच्च न्यायालय का फैसला उम्मीद की किरण बनकर आया है।

अगर हम ग्राम सलोनाबाड़ी - जहां मुख्यतः बंगालीभाषी मुसलमान रहते आए हैं, लगभग 3000 की आबादी है - में बीत साल के घटनाक्रम पर निगाह दौड़ाएं तो पता चलेगा कि लगभग आठ माह पहले नागौन पुलिस ने वहां सदलबल छापा डाला था, अपने साथ वह बुलडोजर लेकर भी आए थे और वहां उन्होंने कुछ घरों को तबाह भी किया, जिसमें सफीकुल इस्लाम का घर भी था - जिसकी महज एक दिन पहले ही पुलिस हिरासत में कथित तौर पर यातना के चलते मौत हुई थी - और उसके कुछ नजदीकी रिश्तेदारों के मकान भी थे।

दरअसल सफीकुल की मौत से आज भी रहस्य के पर्दे में है। बीस मई 2022 को सफीकुल - जो मछली का व्यापार करता था - अपने धंधे के सिलसिले में शिबसागर जिला जा रहा था, जहां रास्ते में ही उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस का आरोप था कि वह शराब पीए था।अगली सुबह तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस दौरान - उसके रिश्तेदारों के मुताबिक पुलिस ने उसकी रिहाई के लिए कुछ घूस की मांग की थी, जिसे देने की हालत में वह नहीं थे। उसकी मौत से उद्वेलित उसके रिश्तेदारों और बस्ती के लोगों ने बटाद्रावा पुलिस स्टेशन पर प्रदर्शन किया और पुलिस का कहना है कि उन्होंने उसमें आगजनी भी की।

सफीकुल इस्लाम के अंतिम संस्कार के बाद ही पुलिस ने बस्ती पर धावा बोल दिया, बुलडोजर भी पहुंच गए थे ; न केवल उसने कुछ मकानों का तबाह किया बल्कि सफीकुल इस्लाम की पत्नी और आठवीं कक्षा में पढ़ रही उसकी बेटी को तथा उसके भाइयों को भी थाने में एक दिन पहले हुई हिंसा के आरोप में गिरफतार किया। और सभी पर गंभीर आरोप भी लगे है।

गौरतलब है कि न केवल गांव के निवासियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए सुनियोजित हिंसा के आरोपों को सिरेसे खारिज किया बल्कि खुद पुलिस के अधिकारी भी इन मकानों के विध्वंस को परिभाषित करने को लेकर दिग्भ्रमित दिखे, पहले उन्होंने उसे अतिक्रमणविरोधी कार्रवाई बताया, लेकिन बाद में उसे 'सर्च आपरेशन' का हिस्सा घोषित किया। अगर हम बाकी मुल्क के घटनाक्रमों पर गौर करें, हम कह सकते हैं कि सलोनाबाड़ी में मकानों का विध्वंस कोई अपवाद नहीं था। यही वह दौर था जब बुलडोजर के जरिए उन्माद कई सूबों में उजागर हो रहा था

सूबा उत्तर प्रदेश से शुरू होकर, मध्यप्रदेश, गुजरात होता हुआ बाद में यह सिलसिला असम और कर्नाटक में भी पहुंचा था - यह महज संयोग नहीं था कि यह सब भाजपाशासित राज्य थे और - पुलिस एवं प्रशासन के लोग निर्द्वन्द होकर बुलडोजर का इस्तेमाल करते दिख रहे थे। तुरंत न्याय दिलाने के नाम पर समूची न्यायप्रणाली को ही पंक्चर किया जा रहा था। न सवाल पूछने की जहमत, न अदालती फैसलों के अंतहीन इन्तजार की जरूरत थी, अब हर 'अपराध' की एक ही दवा पेश की जा रही थी ।बुलडोजर..बुलडोजर। फिर वह चाहे वयस्क युगल का घर से भाग कर शादी करना हो, या कानून के साथ किसी विवाद में फंसने का मसला हो या सांप्रदायिक हिंसा का मसला हो, सामूहिक सजा का महिमामंडन तेजी से हो रहा है ।

सबसे विचलित करने वाली बात थी कि ऐसे तमाम तथ्य सामने आने के बावजूद कि राज्य की ऐसी कार्रवाइयां किस तरह प्राकृतिक न्याय के उसूलों का उल्लंघन करती हैं - जिसमें पूर्वसूचना का और पीड़ित की बात सुनने का प्रावधान शामिल रहता है - न्यायपालिका ने मकानों एवं संपत्तियों के इस 'गैरकानूनी किस्म' के विध्वंस पर एक अस्पष्ट सा रूख अपना रखा था।

निचली अदालतों को तो भूल जाएं, मुल्क के उच्च या उच्चतम न्यायालय भी इस मामले में ढुलमुल दिख रहे थे। पिछले ही साल जमीयत उलेमा इ हिंद ने उत्तर प्रदेश में मकानों,प्रतिष्ठानों के विध्वंस को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका दायर की थी। हालांकि यह जाहिर था कि कार्यपालिका ज्यादतियां कर रही हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी अंतरिम स्थगन का आदेश नहीं दिया और विध्वंस की प्रक्रिया मुख्यतः मुस्लिम बहुल इलाकों में बदस्तूर जारी रही। अगर हम इस समूची पृष्ठभूमि पर गौर करें तो गुवाहाटी उच्च अदालत के फैसले की अहमियत आसानी से समझ में आती है।

ऐसा कोईभी व्यक्ति जिसने सलोनाबाड़ी के मकानों के विध्वंस के मामले को लेकर अदालती कार्रवाइयों पर गौर किया हो तो वह बता सकते हैं कि पहली ही सुनवाई से अदालत ने अपना रूख स्पष्ट किया था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया था कि पुलिस जांच के नाम पर बिना अनुमति के किसी का भी मकान ध्वस्त नहीं कर सकती है और अगर यह सिलसिला जारी रहा तो इस मुल्क में कोई भी सुरक्षित नहीं बचेगा।

उसने यह भी जोड़ा, 'आप अपराध न्यायप्रणाली के किसी भी कोण से हमें समझाइए कि अपराध की जांच करने के नाम पर पुलिस किसी भी व्यक्ति को बेदखल नहीं कर सकती, बुलडोजर का प्रयोग नहीं कर सकती।' अदालत को कार्यपालिका के इस मनमानीपन की तुलना फिल्मों के साथ करने में भी कोई गुरेज नही था। उसने कहा, 'मुमकिन है कि फिल्मों मे आप ऐसी ज्यादतियां देखते हों, लेकिन एक सभ्य समाज में इनकी इजाजत नहीं दी जा सकती।'

क्या यह कहना सही होगा कि कानून के राज की बात पर गुवाहाटी उच्च अदालत का जोर और संवैधानिक सिद्धांतों को बरकरार रखने की उसकी पूरी बेचैनी, इसी वजह से देश के अन्य भागों की न्यायपालिका को भी अपने अस्पष्ट रूख को छोड़ना पडा और एक स्पष्ट स्टेण्ड लेना पड़ा।

साफ है ऐसा कोई सीधा प्रमाण मिलना मुश्किल है, लेकिन हम नहीं भूल सकते हैं कि गुवाहाटी मामले में अदालत के सख्त रूख के बाद ही पटना उच्च अदालत बुलडोजर द्वारा पटना के अंदर भी बुलडोजर के प्रयोग को लेकर सख्त टिप्पणियां की गयी। बिना किसी पूर्वसूचना के एक महिला का मकान ध्वस्त करने के मामले पर गौर करते हुए उसने साफ कहा कि इसमें उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।

जब याचिकाकर्ता स्त्री ने यह आरोप लगाया कि इस मकान को ध्वस्त क का काम किसी जमीन माफिया के इशारे पर हुआ है, तो न्यायाधीश संदीप कुमार ने पूछा कि ह्यक्या बुलडोजर यहां भी अब पहुंच गया है ? अदालत ने पुलिस से पूछा, 'आप किस की नुमाइंदगी करते हैं, राज्य की या किसी निजी व्यक्ति की ? किसी व्यक्ति का मकान बुलडोजर से ध्वस्त करके आप तमाशा कर रहे हैं।' इतनी दूर से इस बात का अंदाजा लगाना मुश्किल है कि सलोनाबाड़ी के निवासियों की - जितने भी वहां अब बचे हैं - उच्च अदालत के इस फैसले को लेकर क्या प्रतिक्रिया रही?

क्या वह जानते हैं कि उच्च अदालत ने उनके हक में फैसला दिया है ? जब इस बात पर आप सोचते हैं तो बरबस आप की आंखों के सामने साड़े चार साल की तुलतुल बेगम और दस साल के बड़े भाई आदिल का चेहरा आ जाता है, जिनके पिता रोफिकुल इस्लाम भी, उनके दूसरे चाचा, उनकी चाची - जो सफीकुल इस्लाम की पत्नी हैं - और आठवीं कक्षा में पढ़ रही सफीकुलचाचा की बेटी सभी जेल में बंद हैं। निश्चित ही बस्ती में वह एकमात्र बच्चे नहीं है जिनकी जिन्दगी रातोंरात बदल गयी है।

मुमकिन है तुलतुल बेगम को मुआवजे की बात या पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की बात बारीकी से समझ में न आती हो, लेकिन दोनों की सूनी आंखें फिलवक्त यही बताती हैं कि उनमें रौनक तभी लौटेगी जब उनके पिता, उनके चाचा ,उनकी चाची, उनकी चचेरी बहन सभी जल्द से जल्द घर लौटें। वही उनके लिए ईद होगी, वही उनके लिए जश्न की रात साबित होगी !

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार एवं सोशल ऐक्टिविस्ट हैं)**

# हिमालय मंच की साहित्य, संस्कृति यात्रा

जाता हुआ वर्ष

एस आर हरनोट



ऐसी बहुत कम संस्थाएं होती हैं जो सरकारी अनुदान और स्पोंसरशिप के बिना भी केवल सदस्य लेखकों के सहयोग से वर्ष भर राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय साहित्यिक आयोजन करती रहे। प्रख्यात लेखक, सोसिएल एक्टिविस्ट और हिमालय मंच के अध्यक्ष एस.आर.हरनोट की अगुवाई और परिकल्पनाओं से हिमालय साहित्य मंच गत 12 सालों से बहुत सक्रियता से साहित्य, संस्कृति, पर्यावरण और पारंपरिक लोक संगीत के क्षेत्र में यह भूमिका निभा रहा है। ऐतिहासिक गेयटी थियेटर, रोटरी टाउन हाल और विशेषकर सभागारों से बाहर आमजन के बीच हिमालय मंच ने कई अनूठे आयोजन किए हैं। इनमें चाहे बाबा भलखू कालका शिमला साहित्य रेल यात्रा हो, 75 से 85 वर्षीय सक्रिय लेखकों के साथ युवाओं के सम्मान हो, पंचायतों, स्कूलों और कॉलेजों में साहित्यिक उत्सव हो, पर्यावरण यात्राएं और पौध रोपण हो, छात्रों, नवोदित और युवा लेखकों के साथ साहित्य संवाद, गोष्ठियां हों या पुस्तक लोकार्पण व चचाएं हों या पारंपरिक लोक संगीत का भव्य आयोजन इन सभी के अनुशसित आयोजनों का श्रेय हिमालय मंच को ही जाता है।

वर्ष 2022 की बात करें तो अकेले हिमालय मंच ने बिना सरकारी और किसी संस्था के सहयोग के लगभग 16 बड़े आयोजन किए हैं। पूर्व सरकार के चार वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से साहित्य, कला और संस्कृति के लिए जहां उदासीनता का रहा वहीं जब प्रदेश सरकार के भाषा एवं संस्कृति सचिव श्री राकेश कंवर ने कार्यभार संभाला तो उनसे बहुत सी उम्मीदें जगी। परिणामस्वरूप उन्होंने साहित्यकारों की एक बैठक गेयटी सभागार में उस दिन आमंत्रित की जब लेखकों और संस्कृत कर्मियों को हिमाचल अकादमी पुरस्कार दिए गए। हिमाचल में ये पुरस्कार कभी समय रहते नहीं दिए गए और भाषा विभाग के राज्य सम्मान तो पिछले 15-16 सालों से बंद ही कर दिए गए थे। हिमालय मंच कई सालों से गेयटी सभागार को गोष्ठियों के लिए निःशुल्क देने की मांग कर रहा था। बुक केफे के निजीकरण का पुरजोर विरोध कर रहा था। शिक्षा विभाग में हुए 8 और 12 करोड़ के पुस्तक घोटालें में दोषियों को सजा देने का आग्रह कर रहा था और साथ यह भी पूछ रहा था कि करोड़ों के पुस्तक खरीद बजट में हिमाचल के लेखकों की पुस्तक खरीद का कितना हिस्सा रखा गया है। साथ ही यह मांग भी कर रहा था कि हिमाचल के लेखकों को एक ऐसी जगह उपलब्ध हो जिसमें एक छत के नीचे उनकी किताबें रहें और बिके। इस बैठक में सभी लेखकों के सुझाव के साथ जब एस.आर.हरनोट ने पुनः इन सभी मांगों को दुहराया तो राकेश कंवर जी ने गेयटी सभागार निःशुल्क कर दिया, गेयटी में ही किताब घर की स्थापना हुई जिससे पूर्व सरकार पर पुस्तक संस्कृति के प्रति उदासीनता तो कम हुई ही प्रदेश और प्रदेश से बाहर भी एक सकारात्मक संदेश गया। हरनोट ने कई मुद्दों के साथ एक बड़ा प्रश्न यह भी किया कि जब अकादमी पुरस्कार उसी के नाम से प्रत्येक क्षेत्र में दिए जा रहे थे तो ऐसा क्यों हुआ कि ये पुरस्कार अचानक भाजपा और आर एस एस के नेताओं और कुछ जुनियर चेहते लेखकों के नामों से दिए गए...?

जो संस्थाएं गेयटी में निःशुल्क कार्यक्रमों के लिए पंजीकृत की गई उसमें हिमालय मंच पहले स्थान पर था और प्रत्येक संस्था को वर्ष में बारह आयोजन इस शर्त पर दिए गए कि यदि कोई संस्था सरकारी विज्ञापन, सपांसरशिप या अनुदान लेकर गेयटी में कार्यक्रम करती है तो उसे सभागार और हॉल का पूरा किराया देना पड़ेगा जिसे सचिव भाषा एंव संस्कृति हिमाचल प्रदेश सरकार की 3 फरवरी, 2022 को जारी अधिसूचना के नियम क्रमांक 14 में स्पष्ट किया गया था .....हालांकि यह नियम मात्र कागजों में ही रहे और कुछ संस्थाओं ने खूब सरकारी अनुदान लेकर साहित्य की ह्यसेवाएंह्न कीं। परन्तु हिमालय मंच ने किसी भी साहित्यिक आयोजन के लिए कभी कोई सरकारी अनुदान नहीं लिया और अपनी 14 साहित्यिक गोष्ठियां राज्य स्तर से लेकर स्थानीय रूप से आयोजित की।

पहली गोष्ठी हिमालय मंच ने 13 फरवरी, 2022 में गेयटी सभागार में आयोजित की जिसमें वरिष्ठ लेखकों सहित 25 छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ किया। दूसरी गोष्ठी 21 फरवरी को स्थानीय युवा और वरिष्ठ लेखकों और गजलकारों के साथ आयोजित की गई। तीसरी गोष्ठी 7 मार्च, 2022 को हिमालय मंच ने नवल प्रयास संस्था के साथ मिलकर की जिसका अध्यक्षता प्रख्यात गजलकार डॉ.विनोद प्रकाश गुप्ता 'शलभ' ने की। चौथी गोष्ठी नवोदित और युवाओं के लिए 'कहानी कार्यशाला' के रूप में 13 मार्च, 2022 को आयोजित की गई जिसका संचालन डॉ.विद्यानिधि ने किया। इस में सुरेश शांडिल्य, गुप्तेश्वर नाथ उपाध्याय, दीप्ति सारस्वत, हरदेव सिंह धीमान, उमा ठाकुर, सुरेश चंद शुक्ला और रूपेश कुमार ने कहानी पाठ किए। हिमालय मंच का पांचवां अनूठा आयोजन प्रख्यात लेखक निर्मल वर्मा के जन्मदिवस 3 अप्रैल, 2022 को था जिसमें रिज मैदान पर स्थित बंद पड़े शिमला बुक कैफे के प्रांगण से कैथू स्थित भज्जी हाउस, जहां निर्मल वर्मा ने छात्र जीवन के 15 वर्ष गुजारे, तक आयोजित की गई। पूरे दिन के इस यात्रा और गोष्ठी कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक लेखकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

छठा आयोजन हिमालय मंच ने वरिष्ठ लेखक सुंदर लोहिया के 90 वें जन्मदिन पर गेयटी सभागार में आयोजित किया जिसमें भाषा संस्कृति सचिव राकेश कंवर जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान लोहिया जी की कविता पुस्तक ह्यएक अस्वीकार और अन्य कविताएंह्न को भी लोकार्पित किया गया। स्मरण रहे कि वरिष्ठ लेखकों के सम्मान के तहत अपने पहले आयोजन में हिमालय मंच ने जिन पांच लेखकों को ह्यजीवन उपलब्धि सम्मानह्न से नवाजा था उनमें सुन्दर लोहिया जी को भी सम्मानित किया गया था। यह भव्य आयोजन शिमला जिलाधीश कार्यालय के बचत भवन में हुआ था जिसमें तत्कालीन दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह जी बतौर मुख्य अतिथि पधारे थे। इस आयोजन में प्रख्यात कथाकार गौरीनाथ और इटली की प्रोफेसर 80 वर्षीय मेरिओला ओफरीदी भी विशेष अतिथि के रूप में पधारी थीं।

हिमालय मंच ने सातवां और आठवां आयोजन गेयटी सभागार में 2 और 3 मई को दो दिवसीय ह्यकथा संवादह्न के रूप में किया जिसमें प्रदेश भर से लगभग बीस लेखक पधारे। पहले दिन लेखकों ने एक दूसरे के रचनाकर्म पर बात की जबकि दूसरे दिन दस लेखकों ने अपनी कहानियां पढ़ीं और दस युवा और वरिष्ठ आलोचकों ने उन पर चर्चा की। इस कथा संवाद का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि राकेश कंवर जी ने किया जबकि मंच विशेष अतिथि के रूप में डॉ. देवेन्द्र गुप्ता ने साझा किया। उनके साथ डॉ. हेमराज कौशिक, डॉ.कर्म सिंह और वरिष्ठ उपन्यासकार गंगाराम राजी उपस्थित रहे।


हिमालय मंच का दो दिवसीय नौवां और दसवां राष्ट्रीय आयोजन 'बाबा भलखू कालका शिमला साहित्यिक रेल यात्रा' 13 और 14 अगस्त, 2022 को था जिसमें पहली बार देश भर से 15 प्रख्यात लेखकों सहित 30 से अधिक स्थानीय लेखकों ने भागीदारी कीं। पहले दिन चलती ट्रेन में साहित्य के कई सत्र आयोजित हुए और दूसरे दिन की यात्रा चायल स्थित झाझा गांव में बाबा भलखू के पुश्तैनी घर तक थी। चायल में इस दौरान कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। 13 सितम्बर, 2022 को प्रदेश के कॉलेजों से शिमला आए लगभग चालीस छात्रों के साथ हिमालय मंच ने हिन्दी दिवस पर कविता गोष्ठी और साहित्यिक संवाद का 11वां सफल आयोजन किया जिसकी अध्क्षता सेतु पत्रिका के संपादक और क्रिएटिव राइटर फॉर्म के अध्यक्ष डॉ.देवेन्द्र गुप्ता ने की। मंच का 12वां आयोजन अर्की कॉलेज के साथ मिलकर जिला स्तरीय अर्की उत्सव का रहा जिसमें हिमालय मंच के सदस्य लेखकों, स्थानीय लेखकों और कॉलेज के छात्र छात्राओं ने हिन्दी पहाड़ी कविता पाठ के साथ निबंध भी पढ़ें और खूबसूरत संगीत का कार्यक्रम भी हुआ। मंच ने अपना 13वां कार्यक्रम कांगड़ा ज्वाली में दिव्यांग लेखिका काव्य वर्षा के घर गांव दरकाटी में आयोजित किया जिसमें काव्य वर्षा का ह्यविलक्षण प्रतिभा सम्मानह्न से अलंकरण किया गया और साथ एक संगीत और काव्य गोष्ठी और संवाद का आयोजन भी हुआ। इसमें मंच के सदस्यों सहित कांगड़ा, बिलासपुर, धर्मशाला, मंडी, जोगिन्द्र नगर के युवा और वरिष्ठ साहित्यकारों ने भाग लिया।

हिमालय मंच का 14वां और 15वां राज्यस्तरीय आयोजन 10 दिसम्बर, 2022 को गेयटी सभागार में 'पुस्तक लोकार्पण-परिचर्चा और काव्य गोष्ठी' के रूप में हुआ। योजन में प्रदेश भर से 20 लेखकों ने भाग लिया। 16वां आयोजन 25 दिसम्बर क्रिसमिस के दिन किया गया जो हिमाचली पारंपरिक लोक गीतों पर आधारित था। इस तरह हिमालय मंच ने वर्ष 2022 को अपनी साहित्यिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक लोक संगीत के आयोजनों से सराबोर किए रखा जिसकी प्रदेश में ही नहीं देश भर में धूम रही।

**(लेखक जाने माने कथाकार हैं)**

## उन्हें साहित्य की समझ नहीं है

अजय तिवारी



जाहिल राजनीतिज्ञ समाज में विष घोलने के बाद साहित्य को लांछित करने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ मतिमूढ़ 'विचारकों' की भाँति एक राजनेता ने तुलसीदास की रामचरित मानस को मनुस्मृति और बंच ऑफ थॉट्स के समान बताया है। इस राजनेता को जातिवादी भावना भड़काने का जितना अनुभव है उसकी तुलना में साहित्य की समझ रत्ती भर नहीं है। इस मूर्ख के कुतर्क से बहस करने की जरूरत नहीं है। जिसे न इतिहास की जानकारी है, न साहित्य का विवेक, उससे क्या विचार विमर्श?

आज के जनतांत्रिक राजनीतिज्ञों में भी घोर अंतर्विरोध मिलता है, तब प्रारंभिक आधुनिकता के युग में कबीर-तुलसी को अंतर्विरोधों से मुक्त कैसे पाया जा सकता है? जिसे इतनी बुद्धि नहीं है कि किसी महाकाव्य या उपन्यास के खल पात्र के वचनों को रचनाकार के विचार नहीं माना जा सकता, उससे संवाद भी सम्भव नहीं है।समुद्र के मुख से 'ढोल गँवार.....' कहलाने वाले तुलसी राम से यह कहलाते हैं: 'रामहि केवल प्रेम पियारा, जानि लेहु जो जाननि हारा।'

या तो घृणा सच है या प्रेम। दोनों एक साथ सच कैसे हो सकते हैं? आरम्भिक तुलसीदास में ब्राह्मणत्व के जो संस्कार थे, वे परवर्ती तुलसीदास में क्रमशः क्षीण होते गये। यही तुलसीदास आगे चलकर ललकारते हैं: 'मोरे जाति-पाँति न चहां काहू की जाति-पाँति। कोऊ मेरे काम कौ न हौं काहू के काम कौ।'

लेकिन यह सब तो साहित्यकारों के लिए विचारणीय है, जाहिलों और मतिमूढ़ों के लिए नहीं। दुर्भाग्य से बिहार के इस जाहिल राजनीतिज्ञ की बिरादरी के जड़मति कुछ 'बुद्धिजीवी' साहित्य में भी घुसे हुए हैं। वे भी रामचरित मानस को मनुस्मृति और बंच ऑफ थॉट्स के समान, उससे ज्यादा घातक मानते, बतलाते हैं।

इससे यह तो सिद्ध होता है कि साहित्य की प्रभावकारी शक्ति धर्मग्रंथ और राजनीतिक प्रचार से ज्यादा होती है। यदि वह रचनाकार तुलसी हैं तो किसी का कोई मुकाबला नहीं। इसीलिए रह रह कर जाहिलों और मतिमूढ़ों को तुलसीदास सताया करते हैं।

बहस

# राम की मुक्ति और भविष्य का रामराज्य

रामप्रकाश कुशवाहा



रामराज्य के रूप में एक आदर्श राजा और उसके राज्य की अवधारणा वाले महा आख्यान के रूप में रामकथा सामन्तयुग के वांछित आदर्श चरित्र और प्रतिमानों को उपस्थित करने वाला एक यूटोपिया है । कुछ उसको आध्यात्मिक ग्रन्थ मानने के कारण और कुछ औपनिवेशिक सत्ता से संघर्ष के काल में सांप्रदायिक एकता बनाए रखने के नैतिक दबाव के कारण उसके प्रतीकात्मक, अन्योक्तिपरक उन संकेतों को समझने-समझाने से बचा गया जो मुगल शासकों के आधिपत्य को स्वीकार न कर पाने वाले एक जातीय कवि द्वारा उसके रावण राज्य के रूप में देखने यानी मनोविज्ञान की भाषा में प्रत्यक्षीकरण किए जाने को स्वीकार कर पाता।

दरअसल तुलसीदास का रचनाकार अपने जमाने में वही कर रहा था जो अंग्रेजी हुकूमत में अपने नाटकों के माध्यम से जयशंकर प्रसाद कर रहे थे । तुलसीदास की संवेगात्मक नापसंदी अपने समय के यथार्थ की उपज और असली है । इस द्दष्टिकोण से तुलसीदास एक अत्यधिक सजग राजनीतिक कवि हैं । इनके विपरीत आदिकाल के कवि गोरखनाथ और परवर्ती कबीर और नानक जैसे निर्गुण परम्परा के संत कवि सम्प्रदाय और जाति निरपेक्ष मानवतावाद के उद्घोषक गैरराजनीतिक कवि कहे जाएंगे । अपने समय के इतिहास में स्थित होकर रचनाशील होने के कारण तुलसीदास का राम चरित्र मानस राम के एक अवचेतन सांस्कृतिक मनोराज्य के संस्थापक और प्रेरक की भूमिका में भी हैं । इस अनचाहे संप्रेषण के बावजूद उनके जातीय सांस्कृतिक प्रतिरोध के कवि होने की ओर हमारा ध्यान इसलिए नहीं जाता कि सचेतन रूप से तुलसी का कवि राम के धीरोदात्त चरित्र और उनके पुरुषोत्तम शील-स्वभाव पर ही रीझा हुआ है । यह कृष्ण भक्ति काव्य का प्रभाव भी हो सकता है कि वे राधा-कृष्ण की तरह सीता-राम को भी अलग-अलग नहीं कर पाते । यह सच को अनदेखा करना तुलसीदास के कवि के साथ ज्यादती होगी कि वे राम की वानर सेना गठित करने की तरह जनयुद्ध की शैली के किसी प्रतिरोधी सैन्य संयोजन का सुझाव दे रहे थे, जिसका इतिहास में अनुसरण शिवा जी के द्वारा मराठा शक्ति की नीव रखने के रूप में सामने आया ।

विडम्बना यह है कि तुलसीदास के राम ऐतिहासिक शक्तियों के प्रभाववश सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अस्मिताबोध के प्रवर्तक बन गए हैं । राम की आंशिक मुक्ति वाल्मीकि के पुरुषोत्तम रूप में तो है, वाल्मीकि की रामकथा में सीता द्वारा राम के अस्वीकार के रूप में स्त्री की मुक्ति का आख्यान भी है लेकिन शंबूक वध के कारण वाल्मीकि के राम के पास सामाजिक मुक्ति सुरक्षित नहीं है । राम की आध्यात्मिक मुक्ति सिर्फ कबीर के पास है । कबीरदास के पास ही मानवजाति के आदर्श भविष्य का निर्माण करने वाले राम भी हैं । इसलिए कि सिर्फ कबीरदास ही यह देख पाते हैं कि समस्त भारतीयों के जातीय और नस्लीय पूर्वज एक ही हैं । फिर आपस में क्यों लड़ना और किससे लड़ना ! सिर्फ कबीर ही अस्तित्व और अस्मिता के साम्प्रदायिक मिथ्या विभाजन को सही-सही देख पाते हैं । देखना यह है कि कबीर के धर्म और सम्प्रदाय निरपेक्ष राम राज्य की राजनीति कब तक शुरू हो पाती है -क्योंकि भविष्य का राम राज्य तो सिर्फ कबीरदास के पास ही है ।

## तुलसी और कबीर के राम अलग- अलग

विंध्याचल यादव



तुलसीदास बेजोड़ कलाकार हैं। गजब के कवि। लेकिन चेतना के स्तर पर वे अपरकास्ट हिंदुओं के कवि हैं। ब्राह्मणवाद की पुनर्विजय के लिए संघर्षरत कवि। वे पूरी सचेतावस्था में गोरखनाथ,कबीर और रैदास की स्थापनाओं का विरोध करते हैं।

मैं उन्हें सिर्फ दो बातों के लिए स्वीकार करता हूं। पहला उत्कृष्ट कवित्व और दूसरा हमारे समाज के अपरकास्ट (सवर्ण) की लोक और संस्कृति के बेधक रचनाकार के नाते। उनकी कविताएं माना कि सवर्ण लोक का पर्याय हैं और उन्हीं के पक्ष से वे खड़ी होती हैं,पर मैं पूछता हूं कि क्या सवर्ण जनता हमारे समाज का हिस्सा नहीं है? वे जैसे भी हैं, हैं तो हमारे ही एक हिस्से।तो तुलसीदास उनकी पीड़ा के कवि तो हैं ही। देखा जाए तो तुलसी महज बीस फीसद जनता के कवि हैं पर वह बीस फीसद जनता इस देश की सबसे तगड़ी-पावरफुल जनता हमेशा से रही है। इसीलिए तुलसी जिनके खिलाफ पड़ते हैं उन्हें भी पता नहीं लगने दिया गया, वे भी उनका जयकार करते रहे हैं।और तुलसी के पास राम नाम की जो चिंतामणि थी, उसका प्रयोग कबीर, रैदास और अवर्ण जनता भी बड़े प्यार से करती आ रही है। राम के नाम के बल पर तुलसी ने वैदिक धर्म की तमाम सड़ी गली चीजें भी चलाईं और वह चल गईं।राम हमारे स्पीरिचुअल हीरो रहे, तुलसी ने उन्हें कल्चरल हीरो बनाया,आज संघ उन्हें पोलिटिकल हीरो बना चुका है।

## तुलसी के समय को नजरंदाज न करें

जगन्नाथ दुबे



साहित्य संस्कृति के मोर्चे पर सक्रिय लोग जब राजनीतिक लाभ-लोभ के लिए की जाने वाली बयानबाजियों के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने लगते हैं तब वही होता है जो आज तुलसीदास के संदर्भ से हो रहा है। तुलसीदास किसी राजनीतिक बयानबाजी या टूल के इस्तेमाल की चीज नहीं हैं। उनके लिखे की तुलना 'मनुस्मृति' और 'बंच ऑफ थॉट' के साथ भी नहीं हो सकती। वे हमारी भाषा के श्रेष्ठ कवि हैं। उनका लेखन उसी तरह 'मध्यकालीन बोध' से ग्रसित है जैसे दूसरे मध्यकालीन कवियों का है। ऐसा होना कोई अपराध नहीं है। मध्यकालीन कविता को हम आज के सामाजिक मूल्यों के आधार पर परखें यह जरूरी है लेकिन उस परखने में सबकुछ वैसा ही हो जैसा हम चाहें यह भी तो जरूरी नहीं। तुलसी की वर्णव्यवस्था पर बात करते हुए हम यह क्यों भूल जाते हैं कि स्त्री को लेकर कबीर की दृष्टि भी उसी मध्यकालीन बोध का शिकार है। वर्ण और जाति के सवाल पर इतना मुखर कबीर स्त्री पर बात करते हुए पुरुष वर्चस्ववादी मन का शिकार हुए बिना नहीं रहते। तुलसी जिस कुल में पैदा हुए, पले-बढ़े उसके 'संस्कार' को नहीं त्याग सके ठीक उसी तरह जैसे कबीर पुरुष होने के 'संस्कार' को नहीं त्याग सके। अपनी सम्पूर्ण चेतना में वर्णव्यवस्था के पोषक तुलसी इस सामाजिक सच्चाई को भी जानते थे कि 'सबसे अधिक जाति अपमाना'। तुलसी पर जब सम्पूर्णता में बात होती है तब उनकी उत्तरवर्ती रचनाओं पर भी बात होती है जहां वे वर्ण और जाति की नहीं दुःख और करुणा की बात करते हैं,भूख की बात करते हैं। मध्यकाल का कोई दूसरा कवि नहीं है जो पेट की आग पर इतनी मार्मिक कविता लिख सका हो जितनी तुलसी ने लिखी है।

# सिने तारिका शबाना आजमी को ग्रामीणों ने दी विदाई



शबाना आजमी को विदा करते मेजवां गांव के ग्रामीण।

जनसंदेश न्यूज

फूलपुर (आजमगढ़)। मुम्बई से पैतृक गांव मेजवा पहुंची सिने तारिका शबाना आजमी मंगलवार को मुम्बई के लिए रवाना हो गयी। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी।

सिने तारिका शबाना स्व.कैफी आजमी की 104वीं जन्म दिवस पर पहली बार पैतृक गांव मेजवा के फतेह मंजिल पहुंची जहां ग्रामीणों ने अपनी बेटी बहन को फूल मालाओं से स्वागत किया आरती उतारी। दो दिन मेजवा में काफी चहल पहल रही शुभचिंतकों का जमावड़ा लगा रहा। मंगलवार को पुनः बाम्बे जाने की सूचना पर ग्रामीण सहित शुभचिंतक महिला पुरुष इकट्ठा हो गए और बोले दीदी फिर कब आओगी, जल्दी आना। जल्दी आने का वादा कर फिल्म तारिका शबाना आजमी कार में बैठकर बाबतपुर के लिए प्रस्थान कर गयीं। इस अवसर पर आशुतोष त्रिपाठी, तृप्ति सिंह, प्रज्ञा सिंह, प्रिया त्रिपाठी, मुकेश सिंह, गोपाल, सीताराम, सुरेन्द्र, संयोगिता, संगीता, सरिता आदि उपस्थित रहीं।

## चित्रकला प्रतियोगिता 23 जनवरी को

आजमगढ़। जिलाधिकारी/विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय आजमगढ़ के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। विद्यालय के प्राचार्य ने बैठक में बताया कि आगामी 23 जनवरी को परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में एक आन स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित होनी है, जिसमें जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय सहित सीबीएसई बोर्ड, यूपी बोर्ड के कुल 17 स्कूलों के 100 प्रतिभागी भाग लेंगे। इस चित्रकला प्रतियोगिता का विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुस्तक एग्जाम वारियर्स में उनके द्वारा बताये गए 25 मंत्रों पर आधारित होगा। प्रतियोगिता का समय प्रातः 10 से 12 बजे के बीच होगा। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया और विद्यालय के संचालन, विकास और अन्य मुद्दों पर सविस्तार चर्चा की गई। बैठक का संचालन डॉ.शांति भूषण पांडेय ने किया।

# मुठभेड़ के दौरान पशु चोर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। थाना मुबारकपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक दर्जन अभियोग में वांछित पशु चोर को मुठभेड़ में घायल करते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से मोटर साइकिल, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ।

बीते दो दिसम्बर को भुवाल पुत्र जगरनाथ यादव निवासी भगवानपुर थाना मुबारकपुर द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी कि 29 नवम्बर की देर रात अज्ञात चोरो द्वारा दो राशि भैंस चोरी कर ली गयी है। सूचना के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। पुलिस ने उक्त मुकदमें में अभियुक्त मोहम्मद आसिफ उर्फ आरीफ उर्फ राजू पुत्र सुफियान निवासी बम्हौर थाना मुबारकपुर को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस अलीनगर तिराहे पर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि भैंस चोरी करने वाले दो व्यक्ति मुहम्मदाबाद की तरफ से आयेगें और, जीयनपुर जायेंगे। इस सूचना पर पुलिस दरियाबाद पुल पर चेकिंग करने लगी। थोड़ी देर बाद एक मोटर सायकिल मुहम्दाबाद मऊ की तरफ से आती दिखायी दी। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो चालक ओझौली वाले रास्ते पर गाड़ी मोड़ कर भागने लगा और पुलिस टीम को लक्ष्य कर- के जान मारने की नियत से फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के बायें पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान सलीम पुत्र अकरम निवासी देवापार थाना जीयनपुर के रूप में हुयी। उसका एक साथी रईश पुत्र रियाजुद्दीन निवासी ग्राम खालीसपुर थाना जीयनपुर अन्धेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने घायल अभियुक्त को हिरासत में ले लिया।

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत

**दुखद**

### परिजनों ने लगाया आरोप थाने में दी तहरीर

जनसंदेश न्यूज

संजरपुर (आजमगढ़)। सरायमीर थाना क्षेत्र के संजरपुर बाजार में एक नर्सिंग होम पर डॉक्टर की लापरवाही से प्रसव के बाद महिला की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

तहबरपुर थाना क्षेत्र के लेडुवा (नसीरुद्दीनपुर) गांव निवासी रामविचार मौर्य पुत्र विश्वनाथ मौर्य सोमवार की सुबह अपनी पत्नी सुशीला मौर्य की प्रसव पीड़ा के दौरान डिलीवरी कराने के लिए संजरपुर स्थित जूनियर हाई स्कूल के नजदीक एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जब घर से पत्नी को लाया तो ठीक-ठाक हालत में थी। नर्सिंग होम के डॉक्टर द्वारा यह बताया गया कि पत्नी ठीक है नॉर्मल डिलीवरी करा दी जाएगी। डॉक्टर के कहने पर सुशीला के स्वजनों ने सुशीला को डिलीवरी के लिए उक्त नर्सिंग होम में भर्ती कर दिया। शाम लगभग 4 बजे डॉक्टर द्वारा बताया गया कि मरीज की हालत ठीक नहीं है ऑपरेशन से ही बच्चा निकाला जाएगा जिस पर परिजन ऑपरेशन कराने के लिए तैयार हो गए। शाम को फिर डॉक्टर द्वारा यह कहा जा रहा है कि हालत ठीक नहीं है इनको दूसरी जगह ले जाना पड़ेगा। रामविचार ने अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि मेरी पत्नी का अस्पताल में ही मौत हो गयी थी लेकिन हम लोगों से छिपा कर डॉक्टर ने अपने निजी ब्रेजा गाड़ी में लादकर अपने परिचित के नर्सिंग होम पर घुमाता रहा। जब वहां बात नहीं बनी तो दलालघाट आजमगढ़ स्थित सिटी हॉस्पिटल के पास हम लोगों को गाड़ी के साथ छोड़कर फरार हो गया।

हम लोगों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में रखवा दिया। रामविचार मौर्य ने बताया कि मेरी पत्नी 3 बच्चे की मां थी पहले महीने से ही इसी नर्सिंग होम से दवा चल रही थी।

इस संबंध में सरायमीर थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि स्वजनों द्वारा तहरीर दे दी गई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा लिख कर कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता, छानबीन में जुटी पुलिस

अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के खानपुर फतेह निवासी श्रीराम के मकान में 4 दिन पहले आए युवक सत्यजीत वर्मा 32 वर्ष पुत्र स्व.त्रिभुवन वर्मा निवासी दौलतपुर एकसारा, पोस्ट डीहवा दौलतपुर थाना इब्राहिमपुर केदार नगर जनपद अंबेडकर नगर 15 जनवरी को अपने घर जाने के लिए किराये के मकान से अपना बैग और सामान लेकर निकला लेकिन अपने घर नहीं पहुंचा। किसी अनहोनी की आशंका के कारण लापता युवक का भाई रविंद्र वर्मा पुत्र त्रिभुवन द्वारा स्थानीय थाने पर



स्थानीय लोगों से जानकारी लेती पुलिस।

तहरीर दी गयी है।

थाने पर दिये गये तहरीर में रविन्द्र वर्मा ने बताया कि सत्यजीत वर्मा अपने घर के लिए निकला था लेकिन अभी तक घर नहीं पहुंचा। ऐसे में उसकी मोबाइल भी लगातार स्विच ऑफ बता रही है जिससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। मौके पर थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह व हमराहियों द्वारा उक्त मकान के मालिक व आसपास के किरायेदारों से जानकारी हासिल की तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज भी इकट्ठा किए। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक सत्यजीत वर्मा अभी 4 दिन पहले ही किराए के मकान में आया था इसके पहले इसका छोटा भाई रविन्द्र वर्मा 7 माह पहले से आया था जो शिव बाला पान सुपारी का सेल्समैन था और घूम-घूम कर दुकानों से आर्डर लेता था। वही काम सत्यजीत भी करने के लिए 4 दिन पहले से आया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि सत्यजीत अक्सर मोबाइल में अकेले ही तीन पत्ती गेम खेला करता था, किराए के मकान से कब निकला उसका कुछ पता नहीं चला। थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह लगातार स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रहे हैं वहीं सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे जा रहे हैं।

## विकास कार्यों की जांच की उठायी मांग

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के मझगांवा गांव में जहां घर-घर पेयजलापूर्ति का कार्य अधर में लटका है वहीं लाइट, हैंडपंप मरम्मत आदि के भी कार्य नहीं हो सके। मामले में मण्डलायुक्त को पत्रक देकर कार्यों का सत्यापन कर खर्च धन की मांग की है।

मझगांवा गांव में गांव में हर घर जलापूर्ति योजना के तहत टंकी का निर्माण अधर में पड़ा हुआ है। ब्लाक क्षेत्र के अन्य गावों में जहां लाइट लगने से गांव उजाले में है वहीं मझगावा में अभी तक लाइट नहीं लग सकी। यही हाल कागजों में ही हैंडपंप मरम्मत और अन्य कार्य भी हो गये। चकरोड, खड़ंजा की भी दयनीय दशा है। गांव में विकास कार्य न होने से ग्रामीणों में रोष है। गांव के राजेश कुमार सिंह ने मण्डलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर गांव में विकास कार्य पूरा कराने और खर्च धन की कार्य के सत्यापन के तहत जांच की मांग की है।

# चार किलो गांजा के साथ चार गिरफ्तार

### जिला कारागार में पहुंचाई जा रही थीं खेप

आजमगढ़। थाना सिधारी पुलिस ने जिला कारागार में चोरी छिपे गांजा तस्करी करने वाली 4 अभियुक्ता को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके कब्जे से 4



सिधारी थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

किलो नाजायज गांजा बरामद हुआ। जेल में बंद दो अभियुक्तो के विरुद्ध भी मुकदमा पंजीकृत किया गया।

मंगलवार को सिधारी पुलिस को सूचना मिली कि इटौरा तिराहे पर तीन महिलायें आटो से उतरी हैं तथा इटौरा तिराहे पर होटल में बैठकर आपस में बात कर रही थी कि आज जेल में बन्द अरमान पुत्र दिलशाद तथा इस्माईल पुत्र निसार से मुलाकात कर गांजा देना है। जिसके लिये अरमान ने कल मुलाकात में रुपये दिये थे। वे सभी हाथ में झोला भी लिये थी। इस सूचना पर क्षेत्राधिकारी नगर को अवगत कराते हुए इटौरा तिराहा पहुंच गयी। जहां 4 महिलायें जेल की तरफ जाती दिखाई दी। नाम पता पूछने पर पहली महिला ने अपना नाम शबनम पुत्री सदरुद्दीन, दूसरी महिला ने शबाना पुत्री सदरुद्दीन तथा तीसरी महिला ने अपना नाम शहनाज पुत्री सदरुद्दीन निवासीगण बरहतिर जगदीश थाना जहानागंज बताया। चैथी महिला ने अपना नाम मदीना पत्नी मुन्तजिल बताया। जामा तलाशी के दौरान चारों के पास से कुल चार किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार चारों को संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

## क्रीड़ा मैदान, पंचायत भवन पर अवैध कब्जे का आरोप

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चकखैरुल्लाह गांव में जहां खेलकूद मैदान, पंचायत भवन और देवस्थली पर अवैध अतिक्रमण नहीं हट सका वहीं ग्रामीणों की फरियाद पर तहसील प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई की रिपोर्ट पर तीन माह बाद भी अमल नहीं हो सका। ग्रामीणों ने मण्डलायुक्त से गुहार लगाई है। चकखैरुल्लाह गांव में खेलकूद मैदान, पंचायत भवन के साथ ही देव स्थल ठाकुरजी मंदिर पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए ग्रामीण कई बार गुहार लगा चुके हैं। यही नहीं मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। हर बार तहसील प्रशासन कार्रवाई हेतु आख्या प्रस्तुत कर शांत हो जाता है। समाधान दिवस पर ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिया तो तहसील प्रशासन ने रिपोर्ट लगाई की मामला संवेदनशील है और पुलिस बल के साथ कार्रवाई की जायेगी परन्तु अक्टूबर माह का आदेश आज तक हवा में है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। कार्रवाई के अभाव में मंदिर के आसपास गंदगी की भरमार है। पंचायत भवन आज तक गांव में नहीं बन सका। गांव के संजीव चौहान, रवि चौहान, संजय चौहान, शैलेश कुमार आदि ने मण्डलायुक्त को पत्रक भेज कर गुहार लगाई है।

# एमएलसी चुनाव में मनोयोग से लग जाएं कार्यकर्ताः सुभाष यदुवंश

जनसंदेश न्यूज





बैठक को संबोधित करते प्रदेश मंत्री सुभाष यदुवंश।

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सदर ध्रुव सिंह की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को खण्ड स्नातक निर्वाचन के सम्बन्ध में आजमगढ़ व लालगंज की संयुक्त मंडल संयोजक और सह संयोजक की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री सुभाष यदुवंश व विशिष्ठ अतिथि के रूप में खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

प्रदेश मंत्री सुभाष यदुवंश ने कहा कि हमारे प्रत्याशी देवेन्द्र प्रताप सिंह पिछले छः वर्षों से लगातार लोगों के बीच रह कर उनकी समस्याओं का निराकरण करवाने का काम करते रहें हैं। इसलिए जन-जन में लोकप्रिय हैं। जन सहयोग व कार्यकताओं की मेहनत से पुनः चुनाव में प्रचंड मत से विजय प्राप्त होगी। हमारे कार्यकताओं का मनोबल बहोत ऊंचा है। बूथों पर हमारी सशक्त तैयारी है। सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी पूरे मनोयोग से चुनाव में लग जाएं। अगले पांच दिनों में विधानसभा स्तर पर मतदान सम्मेलन करना है। इस अवसर पर ऋषि कांत राय, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, अरविंद जायसवाल, विनोद राय, श्याम नारायण सिंह, प्रेम प्रकाश राय, श्रीकृष्ण पाल, माला द्विवेदी, लक्ष्मण मौर्य, संतोष सिंह टीपू, सूरज श्रीवास्तव, मनोज यादव, राकेश सिंह, तेजाराम, हेमेंद्र सिंह, स्वतंत्र देव सिंह, मुन्ना, संजय राम, पंकज सिंह कौशिक, चंदू सरोज, विनोद उपाध्याय, रामकरण राय, नन्हकू राम सरोज, डा.अशोक सिंह, बृजेश यादव, दुर्ग विजय यादव, अनीश चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे। संचालन महेश्वरी कांत पांडेय ने किया।

# प्रमुख सचिव के आगमन की सूचना पर चला सफाई अभियान

**पहल**

### सफाई कर्मियों ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। संचारी रोगों को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी के आदेश के क्रम में प्रमुख सचिव के दौरे को देखते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा विकास खंड के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया गया।

सफाई कर्मियों ने रोड के दोनों पटरी पर पॉलिथीन व कचरा हटाते हुए झाड़ू लगाया। इस समय जो तरह-तरह का प्रकोप चल रहा है उसे देखते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई किया जा रहा है। सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे कि संचारी रोग का बढ़ावा न हो और उससे निदान पाया जा सके। इसी क्रम में मंगलवार को सफाई कर्मियों ने बवाली मोड़ से करतालपुर चैराहे तक करतालपुर चैराहे से भवरनाथ मंदिर तक भवरनाथ मंदिर से हाफिजपुर चैराहे तक सफाई करते हुए लोगों को जागरूक किया।



सड़क के किनारे सफाई करते सफाई कर्मी।

उन्होंने कहा कि पॉलिथीन का प्रयोग न करें, झोले का प्रयोग करें, सरकार की मंशानुरूप ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जा रहा है जिससे कि रोगों से निदान पाया जा सके। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सीपी यादव, मीडिया प्रभारी गुलाब चैरसिया, सेक्टर प्रभारी अभय चैहान, सुनील यादव, सेक्टर प्रभारी अनिल मौर्या, सेक्टर प्रभारी रामाश्रय कुमार, सेक्टर प्रभारी रतन कुमार यादव, राज बहादुर चैधरी, सेक्टर प्रभारी बलवंत कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, मनोरमा आदि मौजूद रहीं।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दी गयी जानकारी

बूढ़नपुर (आजमगढ़)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना अंतर्गत विकास खंड कोयलसा में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की दो दिवसीय प्रशिक्षण के समापन समारोह कोयलसा प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षित कर उन्हें उनके कर्तव्य और दायित्व के बारे में बताया गया। साथ ही ग्राम सभा के विकास के लिए अब क्षेत्र पंचायत सदस्य कार्य योजना बना कर क्षेत्र पंचायत निधि से गांव का विकास करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गांव में अत्यंत आवश्यक कार्य को हर क्षेत्र पंचायत सदस्य डिमांड के माध्यम से ब्लॉक प्रमुख को अवगत कराएगा। प्रमुख द्वारा 10 लाख से अधिक के बजट के भी कार्य क्षेत्र पंचायत निधि से किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह ने बताया कि सरकार ग्राम सभा का समग्र विकास कराना चाहती है, इसलिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी ग्रामसभा के विकास के लिए सुनहरा अवसर प्रदान कर रहे हैं। लाखों रुपए खर्च करके हर क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने गांव में सीसी रोड खड़ंजा इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य पोखरी का सुंदरीकरण से लेकर के गरीब व्यक्तियों को खाद्यान्न से लेकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा सकता है। सहायक विकास अधिकारी (पं) अमरजीत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.दीपक सिंह, मास्टर ट्रेनर रमेश चंद्र सिंह, कमला कांत राय, रामनयन यादव, अमित कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, श्रीराम यादव, बसंता मौर्य आदि उपस्थित थे।

# लगते ही जल जा रहा ट्रांसफार्मर

### 80 घरों में अंधेरा, बिजली विभाग उदासीन

जनसंदेश न्यूज

पवई (आजमगढ़)। स्थानीय विकास खंड के शाहदुल्लाहपुर गांव में लगा ट्रांसफार्मर एक सप्ताह पहले जल गया जिससे गांव के करीब 80 घरों में अंधेरा छा गया है। परंतु बिजली विभाग सब कुछ जानने के बाद भी कुंभकर्णी निद्रा में सो रहा है।



शाहदुल्लाहपुर गांव में लगा ट्रांसफार्मर।

शाहदुल्लाहपुर गांव में लगे इस 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से करीब 80 घरों में बिजली आपूर्ति की जाती है और करीब आधा दर्जन नलकूप भी इसी ट्रांसफार्मर से संचालित हैं। इस ट्रांसफार्मर का आलम यह है कि चार माह में करीब 15 बार जल चुका है। इसके जलने से इस ठंड के मौसम में लोग अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। यही नहीं किसानों की फसलों की सिंचाई बिजली के न रहने से बाधित हो रही है। इस बार यह ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से जला है लोग अंधेरे में जी रहे हैं पर बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इसे बदलने की बजाय कुंभकर्णी नीद में सो रहे हैं। गांव के खलील, अली अहमद, सेराज अहमद, दानिश अख्तर समीउल्लाह, अलाउद्दीन, रईस, जहीर आदि ने अविलंब ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। इस संबंध में जेई बागबहार राधेश्याम सरोज का कहना है कि ओवरलोड की वजह से यह समस्या आ रही है। इस ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने हेतु स्टीमेट बना कर डिविजन में भेज दिया गया है। ट्रांसफार्मर के वहां से आते ही लगा दिया जाएगा।

## संक्षेप

### गोष्ठी व रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अतरौलिया (आजमगढ़)। विश्वभर की युवा शक्ति के साथ सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक जगत को अपने जीवन के मात्र 39 वर्षों में झकझोर कर एक नई दिशा देने वाले महान विचारक व युगद्दष्टा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर नेहरू युवा केन्द्र आजमगढ़ व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में विकास खंड अतरौलिया के नगर पंचायत अतरौलिया स्थित आर्य शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य विवकानंद पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक उत्कर्ष पाण्डेय ने किया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने भी छात्रों को संबोधित किया। अंत में प्रबंधक सुनीता चैरसिया ने अथितियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वैभव चैरसिया, रामअजोर भारती, रामदरश यादव, रोशनी, साक्षी, पिंकी आदि उपस्थित रहीं। इसी क्रम में मदियापार स्थित स्ट्रगल कोचिंग इंस्टीट्यूट में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के जन्म दिवस पर नेहरू युवा केन्द्र के सार्टिफिकेट व मेडल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान दिनेश तिवारी, विपिन तिवारी, विकास यादव, वसीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

### नवागत अपर आयुक्त ने किया कार्यभार ग्रहण



आजमगढ़। नवागत अपर आयुक्त कमलेश कुमार अवस्थी ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। मूलरूप से जनपद झांसी निवासी तथा 2012 बैच के पीसीएस अधिकारी श्री अवस्थी इससे पूर्व जनपद संभल में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मंगलवार को मण्डल मुख्यालय पहुंचकर मण्डलायुक्त मनीष चैहान के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत किया। वह पूर्व में ओखला, नई दिल्ली में एस्टेट आफिसर, बदायूँ में सिटी मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर में डिप्टी कलेक्टर आदि पदों पर भी कार्यरत रह चुके हैं।

### एसडीएम सगड़ी ने पट्टेदार को दिलाया कब्जा



महराजगंज (आजमगढ़)। स्थानीय ब्लाक के रूपयनपुर ग्राम सभा के जलालपुर गांव में एसडीएम सगड़ी राजीव रत्न सिंह ने पट्टे की जमीन पर पट्टेदार को कब्जा दिलाया। उक्त गांव के जिलाजीत राजभर को सन 1987 में सरकारी जमीन पर पट्टा आवंटित किया गया था। परन्तु पट्टेदार का गांव में न रहने के कारण उसके द्वारा अभी तक कब्जा नहीं किया गया था जिसको लेकर पट्टेदार के परिवार द्वारा विगत दो तीन साल से जमींन पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। पट्टेदार ने उक्त सरकारी आराजीयात का बिना सीमांकन के ही आराजी पर बने पंचायत भवन परिसर पर लगातार कब्जे का प्रयास कर रहा था जिसके फलस्वरूप गांव वाले बिना सीमांकन के उसके कब्जे का विरोध कर रहे थे। उक्त प्रकरण में जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सगड़ी, तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार महराजगंज, थाना प्रभारी महराजगंज व अधिवक्ता सत्यप्रकाश चतुवेर्दी, राजेंद्र प्रसाद मौके पर पहुंच कर गांव वालों की उपस्थिति में मामले का पटाक्षेप किया तथा सीमांकन कर पट्टेदार का अंश नाप कर उसे कब्जा दिलाया। एसडीएम सगड़ी ने कहा कि आवंटन सिर्फ कृषि कार्य के लिए हुआ है इसलिए आवंटी अपने अंश पर सिर्फ कृषि कार्य ही करेगा। किसी प्रकार का कोई स्थायी या अस्थायी निर्माण नहीं करेगा।

### समीक्षा बैठक में एसपी ने मातहतों को दिया दिशा निर्देश



आजमगढ़। रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित सभागार अपर पुलिस अधीक्षक यातायात (नोडल अधिकारी) एएचटीयू की देखरेख में क्षेत्राधिकारी नगर की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के एएचटीयू, एसजेपीयू के अधिकारी कर्मचारीगण, आरपीएफ, जीआरपीएफ एवं समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सीडब्लूसी, प्रोवेशन अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, सहायक अभियोजन अधिकारी, जेजे बोर्ड अध्यक्ष, चाइल्ड लाइन, वन स्टाफ सेन्टर, महिला कल्याण विभाग, आली संस्था, एसआरएसपी संस्था व अन्य शाखा के लोग मौजूद रहे। में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 द्वारा जारी एस ओ पी, अनुसंधान, जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, एसबीआर रिपोर्ट के सम्बन्ध में व पाक्सो एक्ट की विवेचना सम्बन्धित बारीकियों मेडिकल केयर तथा आयु निर्धारण सम्बन्धित तथ्यों के बारे में बैठक में चर्चा की गयी। पोक्सो एक्ट में पंजीकृत अभियोगों की सूचना सीडब्लूसी को देने के सम्बन्ध में समस्त स्टाफ होल्डरो के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने के सम्बन्ध में बताया गया तथा बाल कल्याण अधिकारी के कर्तब्य व दिशा-निर्देश का पालन करने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जनपद में मानव तस्करी एवं गुमशुदा बच्चों के तथा नशामुक्त अभियान व बंधुआ मजदूरों के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करने के विषय में चर्चा की गयी व दिशा-निर्देश दिये गये।

### शांतनु जी महाराज ने किया बाल संवाद



अंजान शहीद (आजमगढ़)। सगड़ी तहसील अंतर्गत स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में बाल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आचार्य शांतनु जी महाराज ने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र बताया। वहीं बच्चों से बाल संवाद में छात्रों द्वारा प्रस्तुत महिषासुर मर्दिनी श्लोक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय स्कूलों में भारतीय संस्कृति व भाषा अनिवार्य हो अमेरिकी संसद में गूंजते हैं वेद मंत्र किंतु भारत में अंग्रेजी पद्धति की तरफ झुकाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर माता, पिता और गुरु बच्चों को अपनी इच्छा अनुसार विषय थोप देते हैं जिसके चलते छात्र कुंठित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति हमारी पहचान रही है। इसको पुनर्स्थापित करना पड़ेगा तभी शिक्षा का मूल लक्ष्य प्राप्त होगा। अमेरिका की संसद वेद के मंत्रों से शुरू होती है लेकिन हम भारतीय अपने वेद मंत्रों को भूलते जा रहे हैं। कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा आचार्य का माल्यार्पण और अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने वेद मंत्रों के उच्चारण से आचार्य का स्वागत किया। बाल संवाद में छात्र-छात्राओं के अलावा विद्यालय के डायरेक्टर संजय पाठक, अरविंद कुमार, भाजपा नेता संतोष सिंह टीपू, नागेंद्र यादव, रमेश राय, रूपेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### पॉक्सो ऐक्ट का आरोपी गिरफ्तार



आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए रौनापार पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। एक महिला द्वारा थाना कोतवाली महाराजगंज में शिकायत किया गया कि वादिनी की पुत्री को मनोज कुमार द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाया गया है। उसे भगाने में पंकज निषाद द्वारा सहयोग किया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस मनोज कुमार पुत्र भोने उर्फ भोना निषाद व पंकज पुत्र संतराज निषाद निवासीगण भीमाकोल थाना महाराजगंज के विरुद्ध पंजीकृत कर तलाश में जुट गयी। मंगलवार को अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र भोने उर्फ भोना निषाद को करखिया मोड़ चालाकपुर तिराहा से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता पर बनारपुर ने जमाया कब्जा

लालगंज (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के बसही अकबालपुर में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का बनारपुर ने बसही की टीम को शिकस्त देकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। इस मौके पर दर्शकों में काफी उत्साह दिखाई दिया और उन्होंने 3 दिन तक भरपूर क्रिकेट का आनंद लिया। अंडर आर्म क्रिकेट टूनार्मेंट का क्षेत्र में चलन काफी बढ़ता जा रहा है।

# वसूली की खराब प्रगति पर आठ अधिकारियों से स्पष्टीकरण व एक को दी गयी चेतावनी

**बैठक**

**पांच वर्ष से अधिक वादों व 122बी. के प्रकरणों का गम्भीरता से करे निस्तारण : डीएम**


बैठक में अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल द्वारा मंगलवार को राजस्व विभाग सहित अन्य राजस्व से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर कर-करेत्तर, मुख्य देय, विविध देय, तहसील न्यायालयों में वादो का निस्तारण सहित अन्य बिन्दुओं पर प्रगति समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान कर एवं करेत्तर की समीक्षा करते हुये आबकारी मद में मासिक एवं वार्षिक दोनों के लक्ष्य प्रगति खराब पाये जाने पर जिला आबकारी अधिकारी को कड़ी चेतावनी देते हुये मासिक लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार वसूली के खराब प्रगति वाले विभागों में वाणिज्य कर, परिवहन, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर, वन विभाग, सिचाई विभाग सिरसी प्रखण्ड, उप निदेशक मण्डी, उद्योग तथा नायब तहसीलदार भुइली से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये जनवरी माह की प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के सभी तहसीलों नायब तहसीलदारों की तैनाती कर दी गयी है अतएव बकायें की धनराशि आर.सी. के सापेक्ष वसूली अदि कार्यो में लगाकर वसूली की प्रगति में सुधार लाया जाय। उन्होने कहा कि सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार 122बी. के सभी प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये अपने क्षेत्र के सभी तालाबों से अवैध अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यदि किसी के क्षेत्र में तालाबों ग्राम समाज की जमीनों आदि पर अवैध कब्जा पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने कहा कि सभी नायब तहसीलदार व तहसीलदार सहित, उप डीएम अपने-अपने न्यायालयों में 05 वर्ष से अधिक प्रकरणों को चिन्हित करते हुये निस्तारण सुनिश्चित करायें। वसूली प्रकरण में 10 बड़े बकायेंदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये धनराशि जमा कराये अन्यथा जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर डीएम भू-राजस्व सत्य प्रकाश सिंह, वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, उप डीएम सदर चन्द्रभान सिंह, चुनार नीरज पटेल, मड़िहान अश्वनी कुमार, लालगंज नवनीत सेहारा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# अराजक तत्वों ने लगाई आग पल्सर व ट्रैक्टर जलकर राख

**जनसंदेश न्यूज**


आग से जली बाइक व टैक्टर

**अदलहाट।** क्षेत्र के नेवादा गांव में बीती रात भूसा के गोदाम पर चारदिवारी के अंदर खड़ी ट्रैक्टर और पल्सर में शरारती तत्वों ने आग लगा दिया। जिससे पल्सर और ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों के प्रयास से पास में खड़ी दूसरी ट्रैक्टर में आग लगने से बचा लिया गया। वाहन स्वामी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है।

पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी अखिलेश सिंह पुत्र लालचंद का गांव से सटे बाहर भूसा का गोदाम है। सोमवार की रात्रि अपनी ट्रैक्टर और बाइक को ऊंची चहारदिवारी के अंदर खड़ा कर अपने पुराने घर में सोने चले गए। रात्रि में अज्ञात शरारती तत्वों ने ट्रैक्टर और पल्सर में आग लगा दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी की ठंड में घरों के अंदर सोए ग्रामीणों के अंदर तक प्रकाश जाने से आस पास के ग्रामीण जगे और वाहन स्वामी को सूचित किया।

भारी संख्या में ग्रामीण बाल्टी की पानी लेकर आग को बुझाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जल चुके थे।

# गवाहों की उपस्थिति के साथ अधिक से अधिक अभियुक्तों को दिलायें सजा : डीएम

**बैठक**

**महिलाओं के विरुद्ध घटित घटनाओं के प्रति गम्भीर होकर पैरवी करे शासकीय अधिवक्ता**

**एसपी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिक से अधिक दिलाई जाये सजा**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अभियोजन समिति की बैठक कर शासकीय अधिवक्ताओं को विभिन्न मामलों में अधिक से अधिक अभियुक्तों को सजा दिलाये जाने का दिशा निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं के घटित घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुये अधिवक्तागण पैरवी करें ताकि दोषियों को अधिक से अधिक सजा दिलाया जा सकें। इसी प्रकार गैंगेस्टर एक्ट मामलें, खनिज मामलों, गुण्डा एक्ट आदि मामलों में मा. न्यायालय से समन्वय स्थापित कर कम अन्तराल पर तिथि लगवाते हुये मुकदमों निस्तारण करायें। उन्होने कहा कि गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जब गवाह न्यायालय में आये तो उनकी गवाही अवश्य लिया जाय। पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र के द्वारा पाक्सों एक्ट के मुकदमों के निस्तारण की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि ऐसे मुकदमों में अधिवक्तागण मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये अधिक से अधिक दोंषियों सजा दिलायें।

उन्होने कहा कि मुकदमों में की गयी कार्यवाही में वार्षिक रिर्पोट बनाकर बैठक में रखा जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, संयुक्त निदेशक अभियोजन सहित शासकीय अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

## बाजार में गिरा पेड़, बाइक सवार सास बहु समेत 5 घायल

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के गणेशगंज बाजार में पुराना नीम का पेड़ मंगलवार को अपराह्न धराशा यी हो गया। पेड़ की चपेट में आने से एक ही परिवार की सास बहू समेत पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा गया। मौके पर पहुंचीं नगर पालिका की टीम पेड़ को काट कर हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। गणेशगंज सब्जी मंडी में स्थित पुराना नीम का हरा अचानक जड़ से उखड़ कर गिर गया। इस दौरान सड़क से गुजर रहे देहात कोतवाली क्षेत्र के पिपराडाड़ जमुनिया निवासी अंकुर पुत्र शिवपुरी, सोना देवी पत्नी झुमरी, गर्भवती सुमन पत्नी अंकुर, सुमन का पुत्र निखिल घायल हो गए। बाइक से अंकुर अपनी पत्नी सुमन, मां सोना देवी व ढाई साल के बेटे निखिल के साथ गणेशगंज सब्जी मंडी पहुंचा था। इसी बीच अचानक पेड़ गिरने से पेड़ की चपेट में बाइक आ जाने से सभी घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस से मंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहां उनका अभी भी उपचार चल रहा है। अन्ततः मंगलवार को वह जमीन पर गिर पड़ा। जिसे काट कर आवागमन बनाएं रखने के लिए नगर पालिका परिषद की टीम जुटी हैं।

# सरकार के मनमाने रवैये से तंग आकर प्रधानों ने किया प्रदर्शन

**रोष**

**प्रधानों ने प्रदर्शन कर बीडीओ को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन**

**जनसंदेश न्यूज**


जमालपुर ब्लॉक पर प्रदर्शन करते प्रधान

**जमालपुर।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की बैठक मंगलवार को ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। जिसके बाद प्रधानों ने एक जुटता का परिचय देते हुए जिन्दाबाद के नारा लगाते हुए अपनी समस्यायों को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी मनरेगा पवन सिंह व रविन्द्र नरायण सिंह को सौंपा।

मांग पत्र को लेकर यह अपेक्षा की गई कि यह समस्या शासन स्तर पर अवगत कराते हुए निस्तारण किया जाय। दिए गए मांग पत्र की माध्यम से बताया गया कि मनरेगा मजदूरों की हाजिरी को लेकर नेटवर्किंग इत्यादि की विषंगतियों से उत्पन्न होने वाली परेशानियां, मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार 5 लाख की वित्तीय स्वीकृति के साथ भुगतान ग्राम सचिवालय से हो लेकिन वर्तमान में नहीं हो रहा है, संविदा कर्मियों का भुगतान, बिजली बिल का भुगतान पंचायत से न कराया जाय। राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार के मनमाने रवैये के कारण ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों को करने में दिक्कतें आ रही है जिससे हम सभी प्रधानों में रोष व्याप्त है।

इस दौरान प्रधान सतीश कुमार सिंह, कमलापति सिंह, मुकेश सिंह, रवि गुप्ता, निर्मला गुप्ता, दिनेश बियार, सुरेन्द्र सिंह, विरेन्द्र यादव, मनोज सिंह,कुमारी देवी, अभिनव, अनिल सिंह, श्याम लाल यादव सहित तमाम प्रधान मौजूद रहे।

# वृहद गौ आश्रय स्थल का हाल जानने धमके अपर निदेशक

**निरीक्षण**

**व्यवस्था देख जताई संतुष्टि**

**जनसंदेश न्यूज**


निरीक्षण करते अपर निदेशक

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र स्थित बृहद गौ आश्रय स्थल पटेहरा कला का अपर निदेशक प्रबंधन एकाडमी लखनऊ महेंद्र कुमार वर्मा द्वारा मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निदेशक द्वारा गौ आश्रय स्थल में बीमार गौवंशों, हरा चारा की उपलब्धता, पानी, भूषा की उपलब्धता रखने के साथ एफएमडी पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु प्रभारी पशु चिकित्सक डाक्टर संदीप कुमार सिंह को निर्देश दिया।

बीडीओ शरद कुमार सिंह द्वारा निमार्णाधीन गौ आश्रय गढ़वा के बारे में बृहद जानकारी दी गई। डाक्टर संदीप के द्वारा 94 गोवंश जरूरत मंद को वितरण और 30 गोवंश वितरण की फाइल लंबित बताया गया निदेशक द्वारा हर पहलू पर विस्तृत जानकारी लेकर संतुष्टि जताते हुए जरूरत मन्दो को गौ वंश वितरण को उचित ठहराया और सभी कर्मचारियों को गौ आश्रय की समुचित व्यवस्था देख सराहा। निरीक्षण में अपर निदेशक आईएएस महेंद्र कुमार वर्मा के साथ अपर निदेशक पशु पालन डाक्टर वीके सिंह, डीडीओ श्रवण कुमार राय, एडी मंडल मीरजापुर डाक्टर वीके सिंह, मुख्य पशु चिकित्सक डाक्टर राजेश कुमार व ब्लाक से बीडीओ शरद कुमार सिंह, एडीओ पंचायत श्रीकृष्ण उपाध्याय, प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज कोल, सचिव विद्यानन्द सिंह आदि लोग रहे। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा। अपर निदेशक के निरीक्षण की सूचना पर विकास खण्ड कर्मियों में निरीक्षण तक अफरा तफरी बनी रही। सभी ने निरीक्षण सकुशल सम्पन्न होने के बाद राहत की सांस ली।

## सहकारिता निदेशक ने किया निर्माणाधीन कोविड वार्ड का निरीक्षण

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र के नई बाजार मोहल्ले में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में बन रहे कोविड-19 वार्ड का निरीक्षण सोमवार की देर शाम सहकारिता निदेशक ए के सिंह ने किया। इस दौरान निर्माण में भारी खामियां मिली। जिसको उन्होंने एक सप्ताह के भीतर ठीक कराने के निर्देश दिया। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निर्माण कार्य में खामियां पाएं जाने पर स्थानीय अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। बतादें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास ही 32, 46 लाख रुपए की लागत से कोविड-19 वार्ड का निर्माण सरकार द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य यूपी आर एनएसएस है। सोमवार की देर शाम सहकारिता निदेशक एके सिंह ने मौके पर पहुंच गए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा तो पाया की दरवाजे और खिड़कियों की ग्रिल की मोटाई मानक के अनुसार नहीं है। इसके साथ ही टाइल्स की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। उन्होंने निर्माण में प्रयोग गिट्टी सहित अन्य मटेरियल की भी जांच किया और मौके पर मौजूद एक्सईएन को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता ठीक कर हमें सूचित करें अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा महिला मोर्चा ने रंगोली बनाकर लहराया तिरंगा


रंगोली बनाती भाजपा नेत्रियां

**बैठक**

**भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने पर खुशी का किया इजहार**

**मीरजापुर।** दुनिया के सर्व शक्तिमान बीस देशों की बैठक की अध्यक्षता का जिम्मा भारत को मिलने से हर्षित भाजपा महिला मोर्चा ने रंगोली बनाकर तिरंगा लहराया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री गुंजन गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने शहर के घंटाघर के पार्क में जी 20 रंगोली बनाकर खुशी व्यक्त किया। भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने पर खुशी का इजहार करते हुए भारत माता के जयकारे लगाए।

श्रीमती गुप्ता ने कहा कि यह पहला मौका है जब दुनिया के सर्व शक्तिमान बीस देशों की बैठक की अध्यक्षता का जिम्मा भारत को सौंपा गया है। यह सब देश के आम जनता गरीबों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे योजनाओं का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल नेतृत्व, क्षमता व लोकप्रियता का परिणाम है। इंडिया वेलकम लिखे तख्ती और पोस्टर से खुशी का इजहार किया। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया राष्ट्र को नमन किया। इस मौके पर महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष साधना गुप्ता, सुनीता शर्मा, डॉली अग्रहरि, संतोषी निषाद, राधा, अनिता गुप्ता, शिखा अग्रवाल, मीनू गुप्ता, दीपमाला साहू, गूंजा गुप्ता ऊमर, एवं भावना बरनवाल आदि मौजूद रहीं।

# चयनित पराविधिक स्वंय सेवकों का पांच दिवसीय विधिक प्रशिक्षण


कार्यक्रम का शुभारम्भ करते जनपद न्यायाधीश

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय मीरजापुर तथा तहसील विधिक सेवा समिति सदर चुनार, मड़िहान व लालगंज में गरीब, असहाय वृद्धो मंदबुद्धि एवं महिलओं को विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविरों के कार्य सम्पादन हेतु नामित पैरालीगल वालेंटियर्स को पांच दिवसीय विधिक प्रशिक्षण का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल, अपर जिला जज / त्वरित न्यायालय प्रथम एवं अपर जिला जज एफ.टी.सी. / सचिव लाल बाबू यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर में चयनित कुल 46 पराविधिक सेवकों को विभिन्न विधिक विषयों पर पांच दिवसीय विधिक प्रशिक्षण न्यायिक अधिकारीगण द्वारा दिया गया। विधिक प्रशिक्षण में प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी, विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. बलजोर सिंह, अपर जिला जज, एफ.टी.सी.प्रथम वायु नन्दन मिश्र, अपर जिला जज, एफ.टी.सी./ सचिव लाल बाबू यादव, अपर सिविल जज (सी. डि.) प्रज्ञा सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजूम शैफी, सिविल जज (जू. डि.) / एफ.टी. सी महिला उत्पीड़न सुश्री प्रिया सिंह, नायब तहसीलदार सदर लाल चन्द, लेखपाल ओम प्रकाश उपाध्याय, वरिष्ठ सहायक दीपक श्रीवास्तव द्वारा चयनित पैरालीगल वालेंटियर्स को विधिक प्रशिक्षण दिया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, 33 पशुओं की मौत

**जांच**

**सीओ सदर ने मौके का किया निरीक्षण**

**थानाध्यक्ष को तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत करने का दिया निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**


मौके पर जांच करते सीओ सदर

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के भरपुरा गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों मड़ई में आग लगने से कई दर्जन से अधिक बकरियां व 3 भैंस 2 पड़वा जलकर खाक हो गये। घटना के सम्बंध में बताया गया पशुपालक भरपुरा गांव निवासी नाजिर पुत्र स्व0 रसीद घर के सामने मड़हे में 126 बकरियां व 4 भैंस, 3 पड़ीया व 2 पड़वा प्रतिदिन की भांति बांधता था। जब सोमवार की रात आग की लपटें देखकर मवेशी चीख पुकार करने लगे। चीख पुकार सुनकर परिजन व अगल बगल लोग जग गए।

अचानक आग की लपट देखकर लोग पुलिस को सूचना देते हुए जब तक आग पर काबू पाते तब तक 100 से अधिक बकरिया, 3 पड़ीया, 2 पड़वा जलकर खाक हो गये।

सुबह होते होते घटना स्थल पर भारी भीड़ लग गई। उधर सूचना मिलते ही पशु चिकित्साधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह ने मौके पर पशुओं के पोस्टमार्टम के दौरान बताया कि पशुपालक के 28 बकरिया व 4 भैंस एक पड़वा मृत है और 30 बकरिया व 4 भैंस घायल है। आग की लवर देख और बकरियां पानी की तलाश में कुछ दूर पांच सौ मीटर की इर्द गिर्द में चली गई है। मृत पशुओं का का पोस्टमार्टम व घायल पशुओं का दवा उपचार किया जा रहा है। घटना की जांच करने मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर शैलेंद्र त्रिपाठी पशुपालक नजीर से बात करने के दौरान बताया कि गांव के ही एक महिला व दो पुरुष द्वारा पुरानी रंजिश द्वारा मड़हे में आग लगाकर घटना को अंजाम दिया गया है। क्षेत्राधिकारी सदर ने थानाध्यक्ष माधव सिंह को निर्देशित किया कि पशुपालक से तहरीर लेकर जांच पड़ताल करते हुए मुकदमा पंजीकृत करते हुए उचित कानूनी कार्यवाही करें।

घटना में पशुपालक के जलकर मरे बकरियों व भैंस से लगभग 5 लाख रुपए की आर्थिक नुकसान हुआ है। जिसके लिए मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल सुनील मिश्रा ने अपनी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही, जिससे पशुपालक को उचित मुयावजा मिल सके। घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चचाएं हो रही है। थानाध्यक्ष माधव सिंह ने बताया कि पशुपालक द्वारा 1 महिला समेत 2 पुरुष के खिलाफ नामजद तहरीर दिया गया है। पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा मरे हुए मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षेप

### पुरानी इमली के पेड़ में लगी आग



**सीखड़।** अदलपुरा चौकी क्षेत्र के अदलपुरा गांव में स्थित पुराना इमली के पेड़ में आग लगने से पूरा पेड़ धधक कर जलने लगा। ग्रामवासियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी लेकिन दो घंटे के बाद भी समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के लिए कोई गंभीर प्रयास होता नहीं दिखाई दिया। घटना स्थल के आसपास ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। पेड़ के पास ही एल टी लाईन का बिजली का खंभा स्थित है जिसमें करंट प्रवाहित है। गांव के ही 85 वर्षीय बलई सिंह ने बताया कि 150 साल से भी अधिक का पेड़ हो सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बगल में स्थित घूर की राख की चिंगारी से आग लगी होगी।

### बोलेरो की टक्कर में अधेड़ की मौत

**लालगंज।** थाना क्षेत्र के दुबार कलां पुलिस चौकी अंतर्गत लालगंज कलवारी रोड पर दुल्ही तालाब के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सोमवार की शाम अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पहुंचकर पोस्टमार्टम के लिए शव को कब्जे में ले लिया। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कला निवासी 55 वर्षीय सुबराती पुत्र मोहम्मद रफी सोमवार को शाम 7 बजे बजे अपने घर के सामने रोड क्रास कर घर की तरफ आ रहे थे, कि लालगंज से कलवारी तरफ जा रही अज्ञात बोलेरो वाहन ने धक्का मार दिया। जिसमें सुबराती गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में आसपास के लोगों की मदद से परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाल लालगंज लेकर गए जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुबराती घर पर रहकर गांव गांव से कपड़े लेकर सिलाई का काम करते थे उसी से अपने परिवार का जीवन यापन करते थे। उनकी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कार्रवाई में जुट गई। चौकी प्रभारी दुबार कला श्री राम पटेल ने बताया कि सीसी कैमरे की मदद से बोलेरो वाहन की पहचान कराई जा रही है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### टीबी मरीजों के बीच बांटा गया कम्बल

**चुनार।** विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार में अधिकारियों व कर्मचारियों के आर्थिक सहयोग से कुष्ठ रोगियों, क्षय रोगियों एवं अन्य असहाय लोगो में कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चुनार अनुराग सिंह, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि एक ओर जहां सरकार असहाय गरीब लोगों को ठंड में राहत पहुंचाने के लिए प्रयासरत है ऐसे में हॉस्पिटल की तरफ से कंबल वितरण एक सराहनीय कार्य है। यहां पर कुष्ठ रोगी, क्षय रोगी नारायणपुर ब्लॉक और सीखड़ ब्लाक के लगभग 100 लोगों को कंबल वितरित किया गया। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबोधित करते हुए बताया कि क्षय रोगियों को सरकार प्रतिमाह 500 उनके खानपान के लिए देती है। हमें ऐसे लोगों का सदैव सहयोग करना चाहिए जिससे इनके अंदर आत्मविश्वास बना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष नगर अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता ने किया। कार्यक्रम व्यवस्था में सर्वेश सिंह (एच.एस.) लगे रहे। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार पटेल, डॉ. वी बी मौर्य, संजय गुप्ता, डा0 चन्द्रशेखर, मंजरी सिंह, अंकित सिंह सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**हलिया।** मंगलवार को खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने ब्लॉक सभागार में संबंधित सचिव रोजगार सेवक एवं टीए के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में बताया कि वर्ष 2022 -23 में 1621 प्रधानमंत्री आवास के सापेक्ष में 1022 आवासों की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। 27 लोगों की दूसरी किश्त जारी करनी है। संबंधित सचिवों को निर्देशित किया कि आवास की द्वितीय किस्त एक हफ्ते में लगा दी जाए। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 597 आवास शासन से मुहैया कराया गया था जिसमें 57 की तृतीय किस्त अवमुक्त हो गई है शेष 33 आवासों की द्वितीय किस्त बाकी है। एक हफ्ते में संबंधित सचिवों को उनके खाते में भेजने को कहा गया है। यह भी बताया कि विकास खंड में पशु आश्रय स्थल बनाने हैं जिसमें गोर्गी, बबुरा रघुनाथ सिंह, नैड़ी कठारी, हरबरा, नौगवा गांव शामिल हैं। इसके अलावा सभी सचिवों को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर का कार्य एक हफ्ते में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में प्रारंभ करा दिया जाए। माड्यूल गाँव के विकास कार्यों मे तेजी लाए। लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, एडीओ एजी नरेंद्र, सचिव अमर बहादुर, राजेन्द्र, शिव शंकर, विवेक, विध्येश्वरी आदि लोग मौजूद रहे।

### संयुक्त विकास आयुक्त ने विकास कार्यों का किया सत्यापन

**हलिया।** विकास खंड में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत कराए गए विकास कार्यों का मंगलवार को संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र ने स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों का सत्यापन किया। संयुक्त विकास आयुक्त ने चककोटार गांव में नाले पर बने 22 लाख की लागत से कराए गए चेक डैम तथा अहुँगी कला गांव में अदवा नहर से मुसहर बस्ती तक बनाई गई 500 मीटर ईंटरलाकिंग अनुमानित लागत 24.20 लाख व हथेडा गांव के धरकार बस्ती 700 मीटर इंटर लाकिंग अनुमानित लागत 33.60 लाख रुपए के कार्यो का जेई एमआई विजय कुमार के साथ स्थलीय कराए गए कार्यों का निरीक्षण कर नापी आदि करवाई। इस मौके पर जेईएमआई विजय कुमार सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन में यात्रा के दौरान बिगड़ी बच्चे की हालत

**मीरजापुर।** ट्रेन में यात्रा के दौरान 14 महीने के बच्चे की हालत बिगड़ गयी। स्टेशन मास्टर ने प्लेटफार्म नंबर 3 पर ट्रेन रुकवा कर उपचार कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 10:30 हावड़ा से अहमदाबाद यात्रा कर रहा कोलकाता सोनापुर निवासी एक परिवार जोकि 14 महीने के बच्चा सागर कुमार गुप्ता पुत्र गौरव कुमार गुप्ता पत्नी व मां के साथ गर्भा एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे कि बच्चे की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने टीटी के माध्यम से कंट्रोल को सूचना दिया। जहां कंट्रोल की सूचना पर गर्भा एक्सप्रेस जो कि मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकती है। बच्चे की तबीयत ज्यादा खराब होने की वजह से उसे मीरजापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर रोका गया। जहां मौके पर पहुंचे डॉक्टर द्वारा उसका उपचार कराया गया। जिसके बाद ट्रेन को यथाशीघ्र रवाना किया गया। इस मौके पर डॉ. बीके सिंह, टीटीई सुधीर यादव, टीटीई शकील, पोर्टर व अन्य रेलवे कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

### 15 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज ज्ञानू प्रिया मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र से अभियुक्त धर्मराज पुत्र स्व0 कंचन निवासी खजुरी थाना लालगंज मीरजापुर को 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1) उ.प्र.गिरोह बन्द में कार्यवाही करते हुए मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक अहरौरा कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त रामप्रताप यादव पुत्र स्व0 संकठा यादव निवासी भगन्दा रामगढ़ थाना चैनपुर भभुआ बिहार को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### नहर की कटिंग कर खेत की सिंचाई करने वालों के खिलाफ पड़ी तहरीर

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत हिनौता पड़रवा में नहर की अवैध कटिंग कर अपने खेत की सिंचाई करने वाले किसानों पर स्थानीय गांव निवासी किसान ने राजगढ़ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया है। किसान ने तहरीर के माध्यम से आरोप लगाया है कि स्थानीय गांव के किसानों ने अपनी फसल सिंचने के लिए नहर के भीटे को अवैध रूप से काटकर खेतों की सिंचाई कर लिए जिसके बाद बगल के खेतों में भी पानी भर गया जिससे गेहूं का फसल बर्बाद हो रहा है।इस दौरान आपत्ति जताने पर दबंग किस्म के किसान मारने पीटने व गाली गलौज दे रहे हैं। इस तरह से किसान धनंजय सिंह पुत्र जय सिंह ने स्थानीय गांव के ही दो लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है।

### एसटीएफ की टीम ने पुआल से गांजा किया बरामद

**जिगना।** एसटीएफ और जिगना पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार की शांम 7 बजे तबड़तोड़ छापेमारी कर शिवराजपुर गौरा गांव निवासी राज बिंद पुत्र नंद लाल बिंद के घर के बगल रखे पुआल से गांजा बरामद किया गया। संयुक्त टीम ने बिना नंबर मोटरसाइकिल को भी अपने कब्जे में लिया। इस दौरान एसटीएफ प्रभारी व थाना प्रभारी जिगना अरविंद कुमार सरोज हल्का एसआई सच्चिदानंद राय द्वारा यह संयुक्त रूप से यह कार्यवाही की गई। टीम राज बिंद को रंगे हाथ पकड़ कर ले गई। इलाके में अबैध कारोंबार में लगे लोगों में हडकंप मचा गया।

### वारंटी को भेजा न्यायालय

**हलिया।** न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने पर मंगलवार को हलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र के धमौली गांव निवासी वारंटी इरफान अली को मतवार चौकी प्रभारी लल्लन यादव व हेड कांस्टेबल अजय यादव ने मंगलवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि किसी मुकदमें में सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायालय के आदेश पर धमौली गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# सब्जी मंडी खाली कराने जेसीबी लेकर पहुंचा रेल प्रशासन

**सख्ती**

**व्यवसाइयों में आक्रोश बोले पांच दशक से लग रही हैं दुकानें**

**लोगों के हस्तक्षेप से अभियान पर रेलवे ने लगाई रोक**

जनसंदेश न्यूज

**चोपन।** नगर के रामलीला मैदान में वर्षों से चल रही सब्जी मंडी को हटाने के लिए रेलवे पूरी फोर्स के साथ मंगलवार को रामलीला मैदान में आ धमका।

एक दिन पहले अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम देने के बाद रेलवे विभाग के अधिकारी आरपीएफ के साथ मौके पर पहुंचे। टीम के समझाने के बाद भी जब कुछ लोग वहां से हटने को राजी नहीं हुए तो टीम ने अतिक्रमण वाले स्थान पर जेसीबी चला दी। इस पर लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। मामले की सूचना पर भाजपा नेता व समाजसेवी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने रेलवे और आरपीएफ के अधिकारियों से वार्ता कर मामले को शांत कराया। सब्जी विक्रेताओं का दावा है कि नगर के रामलीला मैदान में सब्जी की मंडी लगभग 50 वर्ष से भी अधिक समय से लग रही है तथा चोपन सब्जी मंडी में लगभग सैकड़ों गांव के गरीब कृषि व्यवसायी सब्जी बेचकर अपना रोजी रोजगार चलाते हैं।

जिसमें रेलवे के कर्मचारी भी उक्त सब्जी मंडी से सब्जी की खरीदारी करते हैं। रेलवे ने एक दिन पहले अल्टीमेटम जारी कर अचानक जगह खाली करने के लिए कह दिया। लोगों का कहना था कि वर्षों से उनके परिवार का गुजर बसर उक्त स्थान पर फल और सब्जियां बेचकर हो रही है। यदि रेलवे उन्हें यहां से हटाता है तो वे कहां जाकर व्यवसाय करेंगे। उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। बहरहाल लोगों के हस्तक्षेप के बाद रेलवे ने अतिक्रमण हटाने का काम रोक दिया और सब्जी विक्रेताओं को पुनः सब्जी मंडी लगाने की अनुमति मिल गई।


सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटाता जेसीबी व मौके पर जुटी भीड़

## निःक्षय दिवस पर टीबी के खात्मे का दिलाया संकल्प

**दुद्धी।** टीबी मुक्त भारत के तहत हर माह मनाये जाने वाले एकीकृत निःक्षय दिवस स्थानीय सीएचसी परिसर में मनाया गया। सीएचसी अधीक्षक डा. शाह आलम अंसारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 2025 तक देश से इस बीमारी को दूर भगाना है। कहा कि निक्षय दिवस पर क्षय रोगियों की जल्द पहचान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और रोगियों के लिए संचालित योजनाओं के प्रति उन्हें जागरूक किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर स्क्रीनिंग करेंगी। टीबी से मिलते-जुलते लक्षण वालों के स्पुटम (बलगम का नमूना) कलेक्ट कराएंगी। सीएचओ सैंपल को टीबी केंद्र पर जांच के लिए भेजेंगे और रिपोर्ट देंगे। इस मौके पर डॉ. गिरधारीलाल, डा. मिथलेश, डा. अनिमा, विष्णु दयाल, जय शंकर पाण्डेय, आशीष शुक्ला, पूजा, हर्षित समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण

**सोनभद्र।** सदर ब्लॉक के लोढ़ी गांव के ग्रामीणों ने सात किमी सड़क निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव की मुख्य मार्ग से दूरी सात किमी है, जिसपर कोई भी सम्पर्क मार्ग नहीं बना है, जिससे उन्हें जिला मुख्यालय व अस्पताल आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव में जाने हेतु जिला अस्पताल लोढ़ी से हाईवे से पश्चिम तरफ रोड निर्मित है, जो खुशबू बाग नर्सरी तक समाप्त हो जाती है। खुशबू बाग नर्सरी से गांव तक जाने को कोई रास्ता नहीं है।

पगडंडी का सहारा लेकर उनको आना जाना पड़ता है। यदि गांव में कोई डिलेवरी व अन्य गंभीर बीमारी हो जाती है तो एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीज को चारपाई पर लादकर जिला अस्पताल ले जाया जाता है। कई बाद पत्रक देने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड की नापी करके स्टीमेट भी बनाया, लेकिन खुशबू बाग नर्सरी के बाद वन विभाग की भूमि आ जाने से एनओसी नहीं मिल पा रही है। जिससे सड़क निर्माण में अड़चन पैदा हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से सड़क निर्माण कराने की गुहार लगाई है। इस मौके पर कौशल्या, छोटे लाल, सोनी देवी, सुरेश, रामलखन, देवमती, किस्मतिया, बुद्धिराम, रामचन्द्र, सुनीता, संजय आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शिव विवाह कथा सुन श्रद्धालु हर्षित


रामकथा सुनाती विष्णु प्रिया

**रामगढ़।** चतरा ब्लॉक के सेहुआ गांव में रुद्र महायज्ञ एवं राम कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन में वेद मंत्रों की ध्वनि से क्षेत्र गुंजायमान हो जा रहा है। वही गांववासी क्षेत्रवासियों द्वारा यज्ञशाला की परिक्रमा की जा रही है। जिसका श्रेय पूरे क्षेत्रवासियों को जाता है। अयोध्या से आयी विष्णु प्रिया शास्त्री ने शिव सती प्रसंग, शिव पार्वती विवाह का वर्णन किया। एक बार त्रेता युग के समय भगवान सती मैया के साथ कथा सुनने के लिए कुंभज ऋषि के पास उनके आश्रम गए। जब भगवान महादेव कथा सुनने के लिए जा सकते हैं तो हम सब मनुष्यों को चाहिए कि राम कथा को सुनें और सुनकर अपनी जीवन चरित्र में उतारने का प्रयास करें, जीवन धन्य हो जाएगा। इस मौके पर डॉ जटाशंकर देव पांडे, विकास मिश्रा, रत्नेश पांडे, राधेश्याम पांडे, अमरेश चंद्र पांडे, अरुण मिश्रा, शिवानी पांडे आदि मौजूद रहे।

### ऋण संबंधित प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण पर चर्चा

**सोनभद्र।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के विश्राम कक्ष में जनपद के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में ऋण संबंधित प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें लीड बैंक प्रबंधक ए के पाण्डेय द्वारा सुझाव दिया गया कि नोटिस सेवित कराए जाने हेतु पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत में उपस्थित होकर अपना प्रकरण निस्तारित करा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सत्यजीत पाठक ने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त प्रकरणों का निस्तारण जनपद न्यायालय परिसर में करें। इस तरह के प्रकरण के निस्तारण हेतु दुद्धी एवं ओबरा में कोई कार्यवाही नहीं होगी। समस्त बैंक ऋणि को प्रेषित किए जाने वाले नोटिस को 27 जनवरी तक आवश्यक रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर संतोष कुमार चतुवेर्दी मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, भोला पाठक शाखा प्रबंधक आर्यव्रत बैंक, राहुल कुमार उप प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, अरुण कुमार सिंह, रितेश कुमार, शशि कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ अपर जिला जज एफटीसी सत्यजीत पाठक ने दी।

### अवैध परिवहन में 40 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 16 जनवरी को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध में सघन जांच किया गया, जिसमें कुल 40 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 25 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### पत्नी का हत्यारा आरोपी पति गिरफ्तार

**सोनभद्र।** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जुगैल थाने पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना जुगैल क्षेत्रान्तर्गत बीते 14 जनवरी को रामदयाल गौड़ पुत्र दलसिंगार गौड़ निवासी जुगैल टोला गरदा का शराब के नशे में अपनी पत्नी बटुली देवी 27 से खाना बनाने को लेकर विवाद में रामदयाल गौड़ ने पत्नी की बोतल से मारकर हत्या कर दी। जिसपर पुलिस संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। इस क्रम में मंगलवार को घटना में संलिप्त आरोपी पति रामदयाल गौड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### तीन किलो गांजा संग दो गिरफ्तार

**ओबरा।** मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में कस्बा चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी व एसआई धर्मनाथ सिंह ने पुराने थाने के पास तथा शारदा मन्दिर के समीप घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकड़ लिया। अभियुक्तों के पास रखे झोले में तलाशी के दौरान तीन किलो गांजा बरामद हुआ। अभियुक्तों ने अपना नाम राजेंद्र बैसवार उर्फ साधु बैसवार निवासी ग्राम कुरेश नगर भलुआ टोला प्राइमरी विद्यालय, ओबरा व छोटू जायसवाल निवासी भलुआ टोला, ओबरा बताया। पुलिस ने दोनों का एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया।

### एटीएम बदल लगाया सवा लाख का चूना

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में मंगलवार को दोपहर पैसा निकाल रहे एक व्यक्ति से जालसाज ने पैसा निकालने में सहयोग करने के नाम पर देखते ही देखते ही एटीएम बदलकर वहां से चंपत हो गया और एक लाख 14 हजार रूपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित तेज प्रताप मिश्र पुत्र लाल जी मिश्र निवासी भरूहां, घोरावल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

### एनटीपीसी सिंगरौली में पतंग महोत्सव का आयोजन

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में स्पोट्र्स काउंसिल द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आवासीय परिसर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी कार्यकारी निदेशक द्वारा किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली के कर्मचारियों, बच्चों एवं परिवार जन द्वारा रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाईं गयी एवं पतंग उड़ाने की प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग किया गया। बसुराज गोस्वामी द्वारा स्पोट्र्स काउंसिल के सदस्यों को पतंग महोत्सव के सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई। इस अवसर पर स्पोर्ट काउंसिल के सभी सदस्य, एनटीपीसी के वरिष्ठ कर्मचारीगण, परिवार जन एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### बोलेरो के धक्के से बाइक सवार समेत दो घायल

**डाला।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के शीतला मंदिर के पास मंगलवार की देर सायंकाल अज्ञात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार समेत पैदल जा रहे दो लोग घायल हो गए।दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि डाला बाजार आ रहे बाइक सवार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने धक्का मार दिया, टक्कर के बाद अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने सड़क के किनारे खड़े व्यक्ति को धक्का मार दिया।

## पावर कप 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**ओबरा।** स्थानीय अंबेडकर स्टेडियम में पांचवें पावर कप 20-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि रमेश कुमार सिंह तथा नपं अध्यक्ष प्रान मति देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय कर खेल का शुभारंभ कराया। प्रतियोगिता का पहला मैच लखनऊ तथा बलिया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनायी। सर्वाधिक संदीप ने 6 चौकों की मदद से 29 रन व विकास ने 4 चौकों की मदद से 28 रन तथा दीपक ने 1 छक्के की मदद से 21 रन बनाया। गेंदबाजी करते हुए बलिया के मयंक ने 3 ओवर में 20 रन 2 विकेट तथा लोकेश ने 4 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जवाबी पारी खेलने उतरी बलिया की टीम 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 127 रन पर सिमट गई। सर्वाधिक मुरारी ने पांच चौके और दो छक्के की मदद से 51 तथा विशाल ने तीन चौकों की मदद से 21 रन बनाया। गेंदबाजी करते हुए लखनऊ के बृजेश तथा तोयाज ने क्रमशः दो-दो विकेट लिया।

# छात्राओं ने स्कूटी रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**सड़क सुरक्षा माह**

**परिवहन विभाग के अधिकारियों ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ,विंध्य कन्या पीजी कालेज में सड़क सुरक्षा माह आयोजित**

**सोनभद्र।** सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता फैलाने के लिए मंगलवार को विध्य कन्या पीजी कालेज की छात्राओं ने शहर में स्कूटी रैली निकाली। रैली को एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव, क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पांडेय, संभागीय निरीक्षक आलोक यादव, टीआई प्रमोद यादव व कोतवाल बालमुकुंद मिश्रा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के जरिए स्कूटी चलाने वाली बालिकाओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया, उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

साथ ही उनका पालन करने का आह्वाहन किया गया। ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव ने कहा कि पांच जनवरी से चार फरवरी तक चलने वाले माह के अंतर्गत यातायात नियमों का पालन करने को लेकर लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। सीओ राहुल पांडेय ने कहा कि जागरूकता के साथ-साथ यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन स्वामी-चालक के विरूद्ध ओवर स्पीडिग, नशे की हालत में ड्राइविंग, गलत साइड ड्राइविंग करना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, हेलमेट व सीट बेल्ट न धारण करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। आरआई आलोक यादव ने कहा कि जागरूकता अभियान निरंतर चलता रहेगा, ताकि पूर्व की अपेक्षा आगे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके एवं सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम किया जा सके। टीआई प्रमोद यादव ने कहा कि यातायात नियमों का पालन सभी को करना चाहिए। ताकि वह खुद के साथ-साथ दूसरों को भी सुरक्षित रख सकें। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधक अजय सिंह, प्राचार्य अंजली विक्रम सिंह, आनंद सिंह, सारथी अशोक पांडेय आदि मौजूद रहे।


स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाते अधिकारीगण

## आर्ट, पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न कराने को हुआ मंथन


बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि व अन्य

**सोनभद्र।** बोर्ड परीक्षा से पूर्व परीक्षा पर चर्चा के उद्देश्य से विद्यार्थियों के मन से बोर्ड परीक्षा के भय को समाप्त करने एवं परीक्षा के लिए तैयार करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से राजा शारदा महेश इंटर कालेज राबर्ट्सगंज प्रांगण में आयोजित कराने को लेकर मंगलवार को बैठक संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों को शामिल कराने के लिए विचार विमर्श किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्यों से अपने विद्यालय से कम से कम 25 छात्रों को शामिल कराने के लिए प्रेरित किया। बैठक में कृष्ण मुरारी गुप्ता, कमलेश चौबे, कन्हैया जायसवाल, सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, अजीत जायसवाल, रंजना शुक्ला, उमाकांत मिश्र, आलोक सिंह, आरपी मौर्य, अवधेश चतुवेर्दी, अमरेश कुमार, शिवनारायण लाल, संतोष कुमार, राकेश शुक्ल, श्वेता यादव, रविंद्र देव पांडेय, उमाकांत शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# पेड़ से टकरायी बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल

**विंढमगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरूखांड़ में सोमवार की रात अनियंत्रित बाइक पीपल के पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार विष्णु 20 पुत्र अजय हरिजन, निवासी ग्राम जमुई, नगर उटारी, गढ़वा झारखण्ड की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा सवार दिलीप 21 पुत्र विनोद राम, निवासी ग्राम बुटबेढवा, विण्ढमगंज गम्भीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गयी। देखते ही देखते आस पास के लोग जमा हो गये और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस से इलाज हेतु अस्पताल भेजवाकर मृतक का शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।

### हाईवा की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत ओबरा डैम रेलवे स्टेशन के समीप बीते सोमवार को अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि हाथीनाला थाना क्षेत्र के बेलहत्थी गांव निवासी 26 वर्षीय रामदेव पुत्र लक्ष्मण खरवार एक नीजी कम्पनी सौरभ कुमार एंड ब्रदर्स में मजदूरी का काम करता था। बीते सोमवार की दोपहर रामदेव ओबरा डैम रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित हाईवा ने उसे धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में स्थानीय लोगो ने गंभीर रूप से घायल रामदेव को चोपन सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सोमवार की देर शाम उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के पश्चात पीएम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि घटना में शामिल हाईवा को कब्जे में ले लिया गया है तथा मृतक के पिता लक्ष्मण खरवार की तहरीर पर हाईवा चालक प्रमोद भारती के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## पावर हिटर्स और पिच स्मेसर्स ने जीता मैच

**ओबरा।** जेईपीएल सीजन-12 के दसवें दिन मंगलवार का पहला मैच ओबरा राइजर्स और पावर हिटर्स के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर इं शशि वर्मा की कप्तानी में ओबरा राइसर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में सभी विकेट खोकर 40 रन बनाया। जवाब में इं संतोष यादव की कप्तानी में उतरी पावर हिटर्स की टीम 8 ओवरों में ही मैच को 6 विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच इं सुरेंद्र पटेल रहे जिन्होंने 20 गेंदों पर 11 बाउंड्री के साथ 24 रन बनाया। एक ओवर में 6 बाउंड्री लगाकर सीजन 12 में नया कीर्तिमान बनाया। दूसरा मैच पिच स्मेसर्स और सुपर स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर इं सर्वेश यादव की कप्तानी में पहले बल्लेबाजी करते हुए पिच स्मेसर्स ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 47 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी सुपर स्ट्राइकर्स की टीम इं अतुल मौर्या की कप्तानी में निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर मात्र 30 रन पर सिमट गई। पिच स्मेसर्स ने यह मैच 18 रनों से जीत लिया।इं रवि भूषण तिवारी द्वारा तीन विकेट चटकाने पर प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

# बरसात से कनहर नदी में नहीं आयेगा बाढ़ के पानी के साथ बालू

**तैयारी**

**खनन पर नहीं लगी रोक तो कनहर नदी अस्तित्व पर आ सकता है संकट**

**दुद्धी।** अमवार में कनहर नदी पर बन रहे बहुद्देशीय सिंचाई परियोजना का कनहर परियोजना का निर्माण अंतिम चरण में है। बायीं रॉकफील का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है और 15 जून से पूर्व इसके पूर्ण होने का दावा कंपनी व सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा की जाने लगी है। जहां बांध निर्माण के अंतिम कार्य अग्रसर होने से किसानों के चेहरे पर मुस्कान है तो वहीं पर्यावरण कार्यकर्ताओं के चेहरे पर निराशा देखी जा रही है। कनहर की अविरल धारा के बंध जाने से नदी में बाढ़ के पानी के साथ बालू नदी में अब इस वर्ष से नही आएगा और कनहर नदी की सुंदरता अब धीरे-धीरे धूमिल होती चली जायेगी। बालू साइटों की आड़ में वैध व अवैध खनन से अब नदी में जगह-जगह नदी की अंतिम सतह मिट्टी दिखाई देने लगी है। मकर संक्रांति के मेले में गए पर्यावरण कार्यकर्ताओं की नजर वर्ष भर पूर्व बालू से भरे नदी की सतह के स्थान पर जब मिट्टी की कठोर सतह दिखी तो उन्हें काठ मार दिया, जो काफी चिंतित हो उठे। उनका कहना है कि अब सैकड़ों वर्ष की मकर संक्रांति के मेले की परम्परा भी खत्म हो जाएगी। जब नदी में बालू ही नही बचेगा तो मेला कहां लगेगा और बच्चे, बूढ़े और नौजवान मस्ती कैसे करेंगे। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कर त्वरित हस्तक्षेप करते हुए नदी में सभी वैध व अवैध खनन बंद कराये जाने की मांग किया है। कहा कि अब अमवार में डैम की बायीं रॉकफिल बन जाने से नदी के पानी के बहाव में पांच प्रतिशत भी बालू अब कनहर नदी में नही आएगी और अब इसका तनिक भी स्वरूप बचाना है तो नदी में सभी प्रकार के खनन को तत्काल रोक लगना जरूरी है।

## पारिश्रमिक भुगतान को लेकर डायट प्राचार्य से मिले परीक्षक

**सोनभद्र।** डीएलएड उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन सत्र 2017 से 2019 तक के पारिश्रमिक भुगतान को लेकर समस्त परीक्षक (जांचकर्ता) बेसिक शिक्षा विभाग ने उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट से मिला। जांचकर्ताओं ने डायट प्राचार्य को अवगत कराया कि बेसिक के शिक्षकों का डीएलएड प्रशिक्षुओं के उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन हेतु द्वितीय चरण से छठें चरण तक कार्यालय द्वारा ड्यटी लगाई गई थी। मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा विभिन्न चरणों में सैकड़ों कापियों का मूल्यांकन किया गया। जिसका पीएनपी कार्यालय द्वारा प्रति उत्तर पुस्तिका 11 रूपए निर्धारित थी। मूल्यांकन कार्य सम्पन्न हुए एवं पावना भरे 3 वर्ष से ऊपर हो गया किंतु शिक्षको का मूल्यांकन पारिश्रमिक अद्यतन अप्राप्त है। मांग किया कि जल्द से जल्द भुगतान किया जाये। इस दौरान कमलेश गुप्ता, साधना सांरग, नीलमा त्रिपाठी, कमलेश जायसवाल, सिंधु मिश्रा, अनुराग तिवारी, दिलीप सिंह, संतोष चौरसिया, प्रमोद कुमार, कृष्ण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# एनटीपीसी रिहंद ने ग्रामीणों में वितरित किया कंबल


महिला को कंबल वितरित करते लोग

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद के नैगम सामाजिक दायित्व अनुभाग द्वारा म्योरपुर ब्लॉक के पंचायत भवन में प्रधान के सहयोग से जरूरतमन्द ग्रामीणों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने किया। इस अवसर पर पंकज मेदिरत्ता महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण द्वारा मंत्री का सम्मान तुलसी के पौधे तथा अंगवस्त्र देकर किया गया। ग्रामीणों को ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से एनटीपीसी रिहंद द्वारा 450 लाभार्थियों को कंबल वितरित किया गया। राज्यमंत्री ने एनटीपीसी रिहंद की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे दूरस्थ स्थान पर एनटीपीसी जैसे संगठन ही है जो अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत लोगों की उन्नति के लिए कार्य करती हैं। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक मानव संसाधन रवीन्द्र सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन सत्यनारायण बहेरा, उप प्रबन्धक मानव संसाधन अरविंद कुमार शुक्ल, कार्यपालक नैगम सामाजिक दायित्व मोक्षदा जोगी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पिपरडीह बालू साइट की एसडीएम ने की जांच

**मिली खामियां**

**बालू साइट का सीमांकन किये जाने का दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** पिपरडीह बालू साइट पर मंगलवार को एसडीएम शैलेन्द्र कुमार मिश्रा व सीओ आशीष कुमार मिश्रा दर्जन भर राजस्वकर्मियों व सुरक्षाकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच जांच किया। अधिकारियों के अचानक पहुंचने से वहां हड़कंप मच गया।

एसडीएम ने नक्शे के माध्यम से खनन रकबे को राजस्वकर्मियों से बारीकी पूर्वक समझा और वर्तमान में हुए खनन की स्थिति ,नदी में बाधित धारा और साइट पर मौजूद पोकलेन मशीनों का नजरी नक्शा बनाने को निर्देशित किया। जांच में कनहर नदी में कई स्थानों पर अस्थाई मार्गों को बनवाकर नदी की धारा को बाधित कर खनन कार्य होते मिलने के साथ ही दर्जन भर पोकलेन साइट पर खड़ी मिली। एसडीएम व सीओ ने पिपरडीह में चल रहे खनन रकबे का निरीक्षण किया और फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराई। एसडीएम ने कानूनगो व लेखपालों को निर्देशित किया कि अभी कुछ समय बाद पहुँच रही खनन विभाग की टीम के साथ खनन रकबे का सीमांकन करवाते हुए उसकी रिपोर्ट उन्हें सौंपी जाए ,इसके बाद अधिकारी द्वय वहां से रवाना हो गए। उधर दोपहर बाद पुनः पहुँची खनन विभाग व राजस्व विभाग की टीम ने साइट पहुँच कर साइट के सीमांकन में जुटे रहे।


पिपरडीह बालू साइट की जांच करते एसडीएम

## बालू खनन के खिलाफ जअपा ने खोला मोर्चा, सीएम को भेजा पत्र

**सोनभद्र।** ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम अगोरी खास व महलपुर में हो रहे अवैध बालू खनन के खिलाफ जन अधिकार पाटी ने मोर्चा खोल दिया है। इससे संबंधित शिकायती पत्र मुख्यमंत्री भेजते हुए मामले की जांच करा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है। सीएम को भेजे शिकायती पत्र में जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष डा. भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा है कि ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम अगोरी खास व महलपुर में संचालित बालू साइडों पर पट्टा धारकों द्वारा शासन द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल से काफी आगे बढ़कर बालू का खनन मनमाने ढंग से किया जा रहा है। न्यू इंडिया मिनरल्स द्वारा अपने क्षेत्र से हटकर उत्तर एवं पूर्व दिशा में स्थित ग्राम करगरा में सोन नदी वन भूमि में बेखौफ अवैध खनन किया जा रहा है। एनजीटी एवं सरकार का आदेश है कि बालू खनन के लिए किसी भी दशा में नदी की जलधारा को मोड़ा नहीं जाय। मशीन का भी प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित है। इससे नदी के अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है वहीं दूसरी तरफ प्रतिदिन असंख्य जलीय जीव जंतुओं का जीवन समाप्त हो रहा है जो पर्यावरण के लिए खतरा है। पत्र में कहा गया है कि इसकी शिकायत खनन अधिकारी से की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई इससे प्रतीत होता है कि खनन विभाग इसमें संलिप्त है।

# नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़

**खुलासा**

### दो आरोपी गिरफ्तार, खाली बोतल और 11 लीटर नकली शराब बरामद

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस और आबकारी टीम ने मंगलवार को जांच के दौरान जगदीशसराय गांव में दबिश देकर नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ 11 लीटर नकली शराब और बड़ी मात्रा में खाली बोतल और उपकरण बरामद किया। वहीं तीन आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दिया गया है।

बतादें कि सदर कोतवाल राजीव सिंह और आबकारी निरीक्षक शरद कुमार के नेतृत्व में टीम जगदीशसराय गांव के समीप एनएच के अंडरपास के समीप जांच कर रहे थे। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि जगदीशसराय गांव के राजेश सिंह के मकान में कुछ लोग नकली शराब बना रहे है। ऐसे में टीम ने मौके पर पहुंच जगदीशसराय के अनुज सिंह और सुनील केशरी को हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम ने मौके से 56 शीशी में पैक 11.20 लीटर नकली शराब, 363 खाली शीशी, 459 ढक्कन और एक पेचकस और एक चाकू बरामद किया। वहीं जगदीशसराय गांव के तीन अन्य आरोपी राजेश सिंह, पतालू सिंह और शिव कुमार सिंह उर्फ आलू सिंह पुलिस टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गए।

वहीं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि नकली शराब बनाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ गैंगस्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम ने राजीव सिंह सिंह, एसआई सहिपाल यादव, अखंड प्रताप सिंह, बंटी सिंह, चंद्रशेखर सिंह, मो. फुरकान शामिल रहे।


चंदौली कोतवाली पुलिस में पकड़े गए अभियुक्त संग पुलिस।

# अध्यक्ष जय प्रकाश व महामंत्री बने राजबहादुर

**डेमोक्रेटिक बार**

### डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव गहमागहमी के बीच संपन्न

**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को सभागार में निर्वाचन समिति द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस दौरान बार सभागार में भारी गहमागहमी का माहौल रहा। सर्वसम्मति से निर्वाचन समिति ने जयप्रकाश सिंह को अध्यक्ष, सुल्तान अहमद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा राजबहादुर सिंह को महामंत्री के पद पर चयन की घोषणा की। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बार सभागार में मौजूद अधिवक्ता साथियों ने नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया।

उधर, नए पदाधिकारियों ने अधिवक्ता हित, चंदौली कचहरी की समस्याओं के निराकरण जैसे मुद्दे पर मुखर होने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। निर्वाचन समिति की ओर से अभिनव आनंद सिंह को उपाध्यक्ष, अनुरूद्र प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार पटेल को कोषाध्यक्ष, मु0 अकमल खान को संयुक्त सचिव/मीडिया प्रभारी, फिरोज खान को पुस्तकालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में पंचानन पांडेय, लाल प्यारे श्रीवास्तव, रमाकांत सिंह, शहाबुद्दीन, राजेंद्र प्रसाद पाठक, विद्याचरण सिंह, आनन्द कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, अरुण कुमार श्रीवास्तव, मु0 अकरम, जन्मेजय सिंह, शमशुद्दीन को जगह दी गई। निर्वाचन संबंधित सभी प्रक्रियाएं पांच सदस्यी निर्वाचन समिति द्वारा सम्पन्न करने के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने कहा कि अधिवक्ता हित व उसका संरक्षण प्राथमिकता होगी। इसके अलावा चंदौली कचहरी में व्याप्त समस्याओं को दूर करने के लिए अधिवक्ताओं के साथ व सहयोग से संघर्ष को जारी रखा जाएगा। कहा कि जिस संकल्प व उद्देश्य को आत्मसात कर डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार का गठन एवं उसका संचालन किया जा रहा है उसकी पूर्ति के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने नए पदाधिकारियों के निर्वाचन पर शुभकामनाएं दी। कहा कि जनपद मुख्यालय पर जो भी कार्य अधूरे हैं उसे नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में पूर्ण किया जाएगा।


निर्वाचन के बाद डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## संक्षेप

### उपजिलाधिकारी ने तीन बालू लदे ट्रक को किया सीज

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के मोहनपुरवा गांव के पास मुख्य मार्ग पर बालू ले जा रहे तीन ट्रकों को पकड़कर उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने सीज करने की कार्यवाही की है। इससे अवैध बालू ढोने वाले बालू माफियाओं में हड़कम्प मचा हुआ है। क्षेत्र में अवैध बालू ढोने वाले बालू माफियाओं पर पजिलाधिकारी ने शिकंजा कस दिया है। विगत कई महीनों से बालू ढोया जा रहा था। क्षेत्र के मोहनपुरवा गांव में मंगलवार की सुबह अवैध बालू की सूचना पर पजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय व बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह बिहार से आ रही सैदपुर की तरफ ले जा रहे तीन ट्रकों को पकड़ लिया। एसडीएम मनोज पाठक ने तीनों ट्रकों को सीज करने का निर्देश दिया।


मोहनपुरवा में पकड़े गये ट्रक के साथ एसडीएम,सीओ व बलुआ इंस्पेक्टर।

### सकारात्मक कार्रवाई के आश्वासन पर माने लॉकरधारी

**चंदौली।** इंडियन बैंक पर पीड़ित लॉकरधारियों द्वारा किया जा रहा अनिश्चतकालीन धरना प्रदर्शन मंगलवार को जारी रहा। इस दौरान पुलिस ने मामले में एक सप्ताह के भीतर सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन देने के बाद कार्रवाई करने के लिए तैयार हो गयी। मौके पर पहुंचे चंदौली कोतवाली के पुलिस इंस्पेक्टर और तीनों मामलों के विवेचना अधिकारी अरविंद यादव और सैयदराजा थानाध्यक्ष शेषधर पांडेय ने पीड़ित लॉकरधारियों को इस बात का आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर चंदौली कोतवाली में बैंक के खिलाफ लॉकरधारियों द्वारा दर्ज कराए गए सारे मामलों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करते हुए कार्यवाही कर दी जाएगी। लॉकरधारियों ने कहा कि पुलिस प्रशासन के द्वारा 23 जनवरी दिन सोमवार तक इस मामले में सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है तो 24 जनवरी को एक बार फिर से लॉकरधारी बैंक में अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद किसी भी आश्वासन पर कोई चर्चा नहीं होगी। प्रदर्शन करने वालों में संघर्ष समिति की अध्यक्ष रेखा सिंह, रचना सिंह, प्रभा सिंह, रिंकू कुमारी, कीर्ति सिंह, चुनमुन सिंह, श्रीकांत सिंह, विजय प्रताप सिंह, गौतम तिवारी, अमित गुप्ता, लोकनाथ सिंह, आरके सिंह एडवोकेट, अश्विनी सिंह मौजूद थे।

### एनपीएस के विरोध में शिक्षकों का धरना प्रदर्शन आज

**चंदौली।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान बुधवार को पर एनपीएस के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त व लेखाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी जानकारी जिला महामंत्री संजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में एनपीएस के विरोध में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रायोजित है। बताया कि पिछले 30 दिसम्बर को एनपीएस के विरोध में जनपद के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर भी धरना प्रदर्शन किया जा चुका है।उन्होंने जनपद के सभी संगठनो के पदाधिकारियों, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील करते हुए कहा कि शिक्षक हित के लिए अधिक से अधिक संख्या में बीएसए कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### लटांव में मनबढ़ों ने छात्राओं की साइकिल छीनी

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के लटांव गांव स्थित पोखरे के पास मंगलवार की शाम को विद्यालय से साइकिल द्वारा घर आ रही छात्राओं का साइकिल छिनकर गांव का ही एक मनबढ़ युवक फरार हो गया। वहीं पीड़ित छात्राओं के पिता ने लिखित तहरीर थाने पर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया। लटांव गांव निवासी दिवाकर गुप्ता की पुत्री साक्षी 13 वर्ष व श्रेया 7 वर्ष फत्तेपुर गांव स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ती है। शाम को साईकिल दोनों बहनें घर वापस आ रही थी। उसी समय गांव विकास उपाध्याय उर्फ महाकाल गांव के बाहर पोखरे पर खड़ा था। जो बालिकाओं की साईकिल छिनकर धमकी देते हुए फरार हो गया। बालिकाओं ने आप बिती घर जाकर परिजनों को बताया। इस दिवाकर गुप्ता ने लिखित तहरीर थाने पर दिया। वहीं हल्का दरोगा शिवकुमार ने घटनास्थल पर जाकर मौका मुआयना किया।

### जलीलपुर में चोरों ने नकदी समेत आभूषण चुराए

**पड़ाव।** मुगलसराय थाना अंतर्गत जलीलपुर चौकी क्षेत्र के जलीलपुर गांव मे सोमवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी समेत जेवरों पर हाथ साफ किया। पीड़ित गौतम ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ कमरे में सो गए और सुबह जब छह बजे उठे तो देखा कि दरवाजा बाहर से बंद है। इसके बाद पड़ोसी को फोन करके दरवाजा खोलवाया। अन्य कमरे को देखा तो ताला टूटा हुआ है और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है। कमरे में रखे आलमरी भी तोड़ कर सारा सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद भुक्तभोगी ने 112 नम्बर डायल कर चोरी की सूचना दी। बताया कि चोर 16 हजार नकदी, दो सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, पैजनी और पंद्रह चांदी के सिक्के समेत सोने के गणेश जी, लक्ष्मी जी और चांदी का सिहांसन चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। पीड़ित ने लिखित तहरीर स्थानीय चौकी पर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन ने बांटा कंबल

**डीडीयू नगर।** भीषण ठंड को देखते हुए मंगलवार को रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के नेतृत्व में एसडीएम डीडीयू नगर अवनीश कुमार ने मुगलसराय के मानसरोवर तालाब स्थित रेलवे ट्रेक पर रह रहे गरीब जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया। इस दौरान एसडीएम डीडीयू नगर ने बताया कि मानसरोवर तालाब के समीप बन रहे रेलवे ट्रेक पर बाहर से आये काफी संख्या में मजदूर रहते है जो वही मजदूरी करते है। इनको रैनबसेरा में रहने के लिए कई बार कहा गया लेकिन ये जाना नही चाहते है। ठंड को दखते हुए आज इनको कम्बल वितरण किया गया है। साथ और भी जरूरत की चीजों को दिया जा रहा है।

### 23 जनवरी को समाधान दिवस में बंटेगा ऋण

**चंदौली।** 23 जनवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मुगलसराय पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक की तरफ से वृहद ऋण मेला शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रमुखकृषि व कृषि आधारित विभिन्न रोजगार परक एवं आय अर्जक योजनाओं में ऋण सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित वर्ग को अधिकतम 5 से 7 वर्ष के लिए ऋण उपलब्ध कराया जएगा। जिस पर प्रशासनिक शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। साथ ही साथ महिला लाभार्थियों को बैंक की सामान्य योजनाओं की ब्याज दर में 1 प्रतिशत की छूट प्रदान किया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**मामला**

### धानापुर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दर्ज किया एफआईआर

**धानापुर।** थाना क्षेत्र के ओदरा गारोपुर गांव में सोमवार की रात 22 वर्षीय विवाहिता फूलमती उर्फ रानी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद ओदरा गांव पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया और पुलिस को तहरीर दी। जिसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

बताते हैं कि गाजीपुर जनपद के सदर कोतवाली अंतर्गत वैयपुर (मठियां) देवकली निवासी नंदलाल राम ने अपनी पुत्री फूलमती का विवाह लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व धानापुर थाना क्षेत्र के ओदरा गारोपुर गांव निवासी सतीश कुमार बिंद के साथ की थी। विवाहिता के भाई इंद्रजीत ने कहा कि सोमवार की रात आठ बजे जब फूलमती को फोन किया गया तो ससुराल के लोगों ने बताया कि उसने अमरूद के पेड़ में डालने वाली दवा खा ली है जिससे उसकी मौत हो गई। आनन-फानन में परिवार और आस पास के लोग ओदरा गांव पहुंचे। मायके वालों का कहना है कि जब वह ओदरा गांव पहुंचे तो उसका शव बरामदे में पड़ा हुआ था। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को देते हुए उसकी हत्या किए जाने का ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया। पति सहित सास और ससुर पर दहेज के लिए हत्या किए जाने की तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। परिजनों का कहना है ससुराल पक्ष के द्वारा कई बार सतीश के काम धंधे को लेकर उनसे दहेज की मांग की जाती रही है। जिस पर कई बार परिवार के लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया था। विवाहिता को एक पांच माह का पुत्र भी है। थानाध्यक्ष विपिन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मृतका के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।


विवाहिता की मौत के बाद विलाप करते मायके पक्ष की महिलाएं व इनसेट में (मृतक विवाहिता)

### डैना से मनियारपुर नहर की पटरी मरम्मत की मांग

**सकलडीहा।** क्षेत्र स्थित डैन से मनियारपुर की नहर की पटरी वर्षो से टूटी है। कई बार अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी पटरी का निर्माण नही हो पाया। जिसके कारण मार्ग से साइकिल को छोड़ ट्रैक्टर टाली सहित अन्य वाहनों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग किया। डैना से मनियारपुर डेढ़ किलोमीटर राजवाहा का पटरी पिछले कई वर्षो से खराब है। आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी होती है। जबकि कई बार ग्रामीणों ने पटरी निर्माण की मांग सम्पूर्ण समाधान दिवस और अधिकारियों से किया। एसडीएम के निर्देश पर बीडीओ ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। मनरेगा के तहत पटरी निर्माण का आश्वासन दिया। लम्बे दिनों के बाद भी पटरी का निर्माण तो दूर विभागीय अधिकारी झांकने तक नही गये। ग्रामीणों का आरोप है पटरी का निर्माण नही होने से रैपुरा, डैना, मनियारपुर, फुल्ली, खोर, अमावल सहित अन्य दर्जनों गांव के लोगों को बरसात के दिनों में प्रसव के दौरान महिलाओं को स्वावस्थ्य केन्द्र पहुंचने में काफी परेशानी होती है।

# शिक्षिका का चाइनीज मांझे से कटा गला


अस्पताल में भर्ती घायल शिक्षिका अंकिता प्रसाद।

**पड़ाव।** जलीलपुर पुलिस चौकी से आगे स्कूल से पढ़ाकर वापस लौट रही शिक्षिका अंकिता प्रसाद चाइनीज मंझे की चपेट में आने से घायल हो गई जिनका गले के ऊपर ठुड्डी कट गया। आनन-फानन में आसपास के लोगो ने पास के अस्पताल में में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है।

बताया जाता है कि मुगलसराय रविनगर निवासी अंकिता प्रसाद उम्र 40 वर्ष डोमरी स्थित एक निजी स्कूल की शिक्षिका है। मंगलवार की शाम स्कूल बंद होने के बाद वह स्कूटी से अपने घर जा रही थी। जलीलपुर पुलिस चौकी पार करते ही चाइनीज मंझे की चपेट में आ गयी और गले के ऊपर ठुड्ड़ी कट गया। ठुड्डी कट जाने से लहूलुहान होकर झटपटाने लगी। तभी आसपास के लोगों ने उन्हें पास स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है और स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी निपुण भारत मिशन की जानकारी


पुरानी बाजार में नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक करते कलाकार।

**चंदौली।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को नगर के पुरानी बाजार में निपुण भारत मिशन के तहत नुक्कड़ नाटक का मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। और जन समुदाय को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ ग्रहण कराई गई। साथ ही नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर ने कहा कि बच्चों को साक्षर व संख्या ज्ञान में निपुण बनाने के लिए अभिभावकों को जागरूकता दिखानी है। साथ ही गंभीरता के साथ बच्चों को स्कूल के लिए प्रेरित करे इससे बच्चे पढ़ लिख कर अपने लक्ष्य को हासिल करें इस दौरान एआरपी सुनील कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य विजय शंकर, राजीव कुमार माया कुशवाहा, रीता देवी, प्रीति शर्मा, रिया रघुवंशी, विभा, सत्या आदि उपस्थित रहे।

### जनपद में 20 व 23 जनवरी को लगेगा पुरुष नसबंदी शिविर

**चंदौली।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत 20 और 23 जनवरी को जनपद में मेगा पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन होगा। इसके माध्यम से इच्छुक लाभार्थियों को पुरुष नसबंदी की सेवाएं दी जाएंगी। यह जानकारी मंगलवार को कार्यालय में चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ यूके राय ने दी। सीएमओ ने बताया कि पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस), संयुक्त चिकित्सालय चकिया के साथ सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी चिकित्साधिकारियों तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पराहूपुर महमूदपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी को पत्र भेजकर शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है। जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया कि शिविर के दिन सूची के अनुसार संबंधित चिकित्सालय पर लाभार्थियों को लाने व ले जाने तथा अन्य सहयोग करने की व्यवस्था स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (एचईओ), ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम), ब्लाक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (बीसीपीएम) की ओर से सुनिश्चित की जाएगी।

# चकिया विधायक ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के दिरेहूं गांव के बैरा वनवासी बस्ती में बीते सोमवार की देर शाम रिहायशी मड़ई में चूल्हे की चिंगारी से लगी आग के चलते 7 माह के मासूम मिंटू की जलकर मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे बनवासी बस्ती में मातम छाया हुआ है। मंगलवार की दोपहर क्षेत्रीय विधायक कैलाश खरवार ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बनाते हुए शासन द्वारा मिलने वाले हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। जिला प्रशासन के निर्देश पर उपजिलाधिकारी ने प्रभावित लोगों को आवासीय पट्टा देने का आश्वासन दिया है।

दिरेहूं गांव के बैरा वनवासी बस्ती निवासी संतोष वनवासी के रिहायशी मड़ई में चूल्हे की निकली चिंगारी से आग लग गई थी, जिसमें संतोष और मीरा के सात माह के एकलौते पुत्र मिंटू की जलकर मौत हो गई थी। वहीं आग की चपेट में संतोष की चार बकरियों की भी झुलस कर मौत हो गई थी। इसके अलावा सुरेश की तीन और सुरेंद्र की भी दो मड़ई भी जलकर राख हो गई थी। हादसे के बाद डरी सहमी मृतक मिंटू की मां मीरा बेसुध पड़ी हुई है। मंगलवार की दोपहर भाजपा कार्यकताओं के साथ बैरा वनवासी बस्ती पहुंचे विधायक कैलाश आचार्य परिजनों का कुशल क्षेम जाना। वहीं विधायक प्रतिनिधि डॉ केशवमूर्ति सिंह द्वारा परिजनों को आर्थिक सहायता भी की गई। इसके अलावा उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने अगलगी की घटना में प्रभावित लोगों को आवासीय पट्टा दिलाने के साथ है आपदा राहत कोष से मुआवजे की धनराशि जल्द मुहैया कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा नेता डा.प्रदीप मौर्या, डा.केशवमूर्ति सिंह पटेल, गौरव श्रीवास्तव, इम्तियाज अहमद ताजे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


दिरेहूं गांव के बैरा वनवासी बस्ती में पीड़ित परिवार से मुलाकात करते चकिया विधायक।

# चंदौली में धूमधाम से मना साईं बाबा का वार्षिकोत्सव

**शोभायात्रा**

### श्रीराम जानकी शिव मठ मंदिर प्रांगण से निकली शोभायात्रा

**चंदौली।** नगर स्थित श्रीराम जानकी शिव मठ मंदिर प्रांगण में स्थापित श्री साईनाथ का वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः काल साईं बाबा की भव्य पालकी शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ नगर में निकाली गई। शोभा यात्रा विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए पुनः श्रीराम जानकी सुमत मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। तत्पश्चात विधि विधान से पूजन अर्चन और हवन किया गया।

भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 17 जनवरी को श्री साईनाथ का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है मंगलवार की प्रातः काल भव्य पांच साईं बाबा की पालकी शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ नगर में निकाली गई। इस दौरान भक्तों के जयकारे से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा था। शोभायात्रा नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए श्रीराम जानकी शिव मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया था, जहां सैकड़ों लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रम, भजन आदि से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। इस दौरान भरत लाल गुप्ता, चेयरमैन रविंद्र नाथ, देवी शरण जायसवाल, ओमप्रकाश सिंह, संदीप अग्रहरि, राजीव अग्रहरी, विजय अग्रहरी, गणेश अग्रहरि, अनिल सिंह, कन्हैया मोदनवाल, रामाशंकर, विनोद, कृष्णा मोदनवाल, राम आशीष गुप्ता उपस्थित रहे।


चंदौली में निकाली गई साईं बाबा की शोभायात्रा में शामिल भक्तगण।

### सोलर पम्प स्थापना के लिए 21 को करें ऑनलाइन बुकिंग

**चंदौली।** उपकृषि निदेशक वसन्त कुमार दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम) योजनान्तर्गत 21 जनवरी को कृषि विभाग के पोर्टल पर जाकर विभिन्न क्षमतावार सोलर पम्प स्थापना हेतु बुकिंग कर सकते है। योजना का लाभ उठाने हेतु कृषक का विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। कृषकों की बुकिंग जनपद के लक्ष्य सीमा से 110 प्रतिशत पहले आओ पहले पाओं के सिद्धान्त पर की जायेगी। कृषकों को ऑनलाईन बुकिंग के साथ रुपये 5000 टोकन मनी के रूप में आनलाइन जमा करना होगा। टोकन कन्फर्म करने के एक सप्ताह के अन्दर कृषकों को अवशेष कृषक अंश की धनराशि ऑनलाइन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा से अथवा आनलाईन जमा करनी होगी अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेगी व टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 2 एचपी हेतु 4 इंच, 3 एवं 5 एचपी हेतु 6 इंच, तथा 7.5 एवं 10 एचपी हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग किसान की स्वयं की होगी।

# आधार प्रमाणीकरण से पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ

**चंदौली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य किया गया है।इसके अन्तर्गत मृतक,अपात्र लाभार्थियों को हटाने, डुप्लीकेट लाभार्थी और एक से अधिक स्थानो से अलग-अलग खाता संख्या लगाकर पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को चिन्हित कर हटाने की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ ही सही व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। जनपद में अप्रैल 2022 में कुल 86702 लाभार्थी है। शासन के निर्देश के क्रम में विशेष अभियान चलाकर क्षेत्रीय अधिकारियों, कर्मचारियों व पंचायत सहायकों के माध्यम से सत्यापन कराते हुए मृतक,अपात्र,आधार प्रमाणीकरण न कराने वाले 12721 लाभार्थियों को चिन्हित कर उनका डाटा ब्लाक किया गया है। साथ ही आधार प्रमाणीकृत 16777 नये पात्र लाभार्थियों की पेंशन स्वीकृति की गयी है, जिन्हें विभाग द्वारा 1000 रुपए माह की पेंशन राशि तिमाही डीबीटी के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। आधार प्रमाणीकरण का कार्य कराने से लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि मिलने में सुविधा होगी। निकट भविष्य में लाभार्थियों के बैंक आधार सीडिंग खाते में धनराशि भेजी जाएगी, जिससे बैंक का खाता अथवा आई.एफ.एस.सी. कोड में परिवर्तन होने पर लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि मिलने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। आधार प्रमाणीकरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सही व्यक्ति को योजना का लाभ प्राप्त हो तथा लाभार्थियों को दोहरे भुगतान से रोका जा सके एवं अधिक से अधिक वृद्धजन इस योजनान्तर्गत लाभान्वित हो सके।

## नीरज राष्ट्रीय बैडमिंटन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे

लखनऊ। नीरज सिंह राजस्थान के उदयपुर में खेली जाने वाली आल इंडिया मास्टर्स रैकिंग बैडमिंटन टूनामेंट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। नीरज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र हैं। नीरज ने एक ट्वीट कर यह जानकारी दी और कहा में उनका ये राष्ट्रीय स्तर का पहला टूनामेंट है। उन्होंने लिखा ह्यह्यआशा करता हूँ की आप सभी की शुभकामनाएं मुझे प्राप्त होगी और मैं कल अपने प्रदेश का नाम रोशन करूँगा। नीरज ने इससे पहले भी कई घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लिया है पर राष्ट्रीय स्तर पर उनका यह पहला टूनामेंट है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में जीत से शुरूआत करने उतरेगी टीम इंडिया

### दोपहर डेढ़ बजे से शुरू होगा मैच

हैदराबाद। श्रीलंका के खिलाफ शानदार जीत के बाद अब भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां बुधवार को होने वाले पहले एकदिवसीय में जीत से शुरूआत करने उतरेगी। इस मैच में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल के नहीं होने से ईशान किशन को अवसर मिल सकता है। सलामी बल्लेबाज के तौर पर शुभमन गिल के होने से ईशान को इस मैच में मध्यक्रम में जगह मिल सकती है। शुभमन ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में पारी की शुरूआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर बरकरार रखे जाने की पूरी संभावनाएं हैं। ईशान ने सलामी बल्लेबाज के अलावा मध्यक्रम में भी बल्लेबाजी की है। इसलिए उन्हें इसमें परेशानी नहीं रहेगी।

वहीं टीम में शामिल दूसरे विकेटकीपर केएस भरत को अवसर शायद ही मिले क्योंकि उन्हें विकेटकीपर के कवर के तौर पर ही रखा गया है। इस साल होने वाले विश्व कप को देखते हुए यह सीरीज अहम रहेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम जीत का सिलसिला बरकरार रखना चाहेगी। भारतीय टीम को इस सीरीज में घरेलू माहौल का लाभ मिलेगा। इसके अलावा विराट कोहली शुभमना गित सहित शीर्षक्रम के तीन बल्लेबाजों और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ अच्छा रहा था। ऐसे में इन खिलाड़ियों से भारतीय टीम को इस सीरीज में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अब देखना है कि विराट रोहित और शुभमन को कीव गेंदबाज किस प्रकार रोकते हैं।

इनके अलावा श्रेयस अय्यर भी कमर में चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। श्रेयस ने श्रीलंका के खिलाफ 28 28 और 38 रन बनाये। उनकी जगह पर रजत पाटीदार को टीम में जगह मिली है। ऐसे में अंतिम ग्यारह में अब देखना है कि अय्यर की जगह पर

सूर्यकुमार यादव या रजत पाटीदार को टीम में जगह मिल सकती है। सूर्यकुमार और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या से भारतीय मध्यक्रम मजबूत होगा। ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी इस मैच में नहीं खेलेंगे। ऐसे में अक्षर की जगह पर शाहबाज अहमद या वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है।

स्पिनर के तौर पर युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव को जगह मिलेगी। अब देखना होगा कि दोनो को ही शामिल किया जाता है या किसी एक को। चहल श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में कंधे में सूजन की वजह से नहीं खेले पर इस सीरीज के लिये वह उपलब्ध होंगे। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज मोहम्मद शमी और उमरान मलिक के पास रहेगी। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम न्यूजीलैंड नियमित कप्तान केन विलियमसन और मुख्य तेज गेंदबाज टिम साउदी के बिना ही भारत आई है पर इसके बाद भी टीम को कम नहीं आंका जा सकता है। कीवी टीम के कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम ने पिछली बार भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। न्यूजीलैंड टीम पाकिस्तान को हराकर भारत आई है जिससे उसका मनोबल भ बड़ा हुआ है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान) शुभमन गिल ईशान किशन विराट कोहली रजत पाटीदार सूर्यकुमार यादव केएस भरत हार्दिक पंड्या वाशिंगटन सुंदर शाहबाज अहमद शार्दुल ठाकुर युजवेंद्र चहल कुलदीप यादव मोहम्मद शमी मोहम्मद सिराज उमरान मलिक।

न्यूजीलैंड : टॉम लाथम (कप्तान) फिन एलेन डग ब्रासवेल माइकल ब्रासवेल मार्क चैपमैन डेवोन कोंवे जैकब डफी लॉकी फर्ग्युसन डेरिल मिचेल हेनरी निकोल्स ग्लेन फिलिप्स मिशेल सेंटनेर हेनरी शिपले ईश सोढी ब्लेयर टिकनेर।



दोहा में हांगकांग की ली हो मान महिलाओं के एकल मुकाबले में रिटर्न शॉट खेलती हुई।

## संक्षेप

### चंदौली के व्यापारियों ने एसपी के समक्ष रखी समस्याएं



पुलिस लाइन में व्यापारियों की समस्याओं को सुनते एसपी अंकुर अग्रवाल।

**चंदौली।** जिले के व्यापारी बंधुओं की बैठक मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में हुई। इस दौरान व्यापारियों का नेतृत्व व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि ने कहा कि जिस प्रकार जिले में व्यापारियों को बाट माप विभाग एवं सैम्पलिंग विभाग के कर्मचारियों द्वारा परेशान किया जा रहा है। जांच के नाम पर व्यापारियों को डराकर उनसे धनउगाही किया जा रहा है जो निंदनीय है। इस प्रकार की कार्यवाही को तत्काल बन्द किया जाय। अगर ऐसे लोग नही सुधरेंगे तो कभी भी व्यापारियों का आक्रोश पटल पर आ सकता है। कहा कि ठंड के मौसम में चोरी की घटना ज्यादा बढ़ गयी है जिसे देखते हुए सभी बाजारों में पुलिस की रात्रि गश्त और पेट्रोलिंग का समय बढ़ाया जाना व्यापारियों के हित में है। इसके अलावा अलग-अलग बाजार से आये हुए व्यापारियों ने भी अपने इलाके की समस्याओं से अवगत कराया। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिया और तत्काल समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का संबंधित को निर्देश भी दिया। बैठक में सीओ सदर रामवीर सिंह, चंद्रेश्वर जायसवाल, राकेश मोदनवाल, प्रदीप कुमार, भगवानदास कसौधन, संजीव जायसवाल, राकेश शर्मा, महमूद आलम, बबलू सेठ, राजकुमार मोदनवाल, दिनेश गुप्ता, हनुमान चौरसिया, मुरारी लाल, कैलाश यादव, कन्हैया सेठ, महेंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, देव जायसवाल, गुलाम गौस, संतोष जायसवाल, सूरज केशरी, मनोज केशरी, द्वारका केशरी, मनीष जायसवाल, दीपक गुप्ता, रोशन उपस्थित थे।

### रेलवे की जमीन पर बने भाजपा कार्यालय को हटाएं डीआरएम

**डीडीयू नगर।** सपा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल डीडीयू मुगलसराय से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि रेलवे की जमीन पर अनाधिकृत रूप से भाजपा के कार्यालय को अभिलंब हटाया जाए रेलवे की कॉलोनियों में नालियों एवं सीवर के जाम होने से गंदगी का अंबार लगा है नालियां पूरी तरह बज बजा रही है जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। नालियों की तुरंत सफाई कराई जाए तथा जर्जर हो चुके मकानों को ठीक कराया जाए प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि रेलवे के कॉलोनियों में अवैध रूप से किराए पर रह रहे लोगों की जांच पड़ताल करके उन्हें बाहर किया जाए। सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुगलसराय मालगोदाम रोड को अभिलंब बनाने तथा निमार्णाधीन मटकुटा आरओबी को समय के अंदर चालू कराया जाने की मांग की। मुगलसराय रेलवे स्टेशन को उचकृत करने के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा और पार्क को सुंदरीकृत किया जाए। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने चंदौली जिला मुख्यालय स्थित चंदौली मझवार रेलवे स्टेशन को और अप ग्रेट एवं विस्तारित करने के लिए भी डीआरएम महोदय से मांग किया। प्रतिनिधिमंडल में सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव, सत्यनारायण राजभर, अयूब खां गुड्डू, सुदामा यादव, संतोष यादव, चंद्रशेखर यादव, नंदू जायसवाल आदि लोग थे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर डीएम ने की बैठक

**चंदौली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। निर्वाचन आयोग द्वारा इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस की विषय वस्तु(थीम) वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्न निर्धारित की गई है। इसी थीम पर व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए राष्ट्रीय मतदाता समारोह का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने के लिए समस्त संबंधित विभाग तैयारियां कर लें। कहा कि 25 जनवरी को जनपद स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन पंडित कमलापति राजकीय डिग्री कालेज, चंदौली में किया जाएगा। समारोह के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, स्टॉल लगाकर, स्लोगन, रैली,नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, गीत संगीत आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद मुख्यालय के साथ ही समस्त तहसीलों, कार्यालयों व ग्रामों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी उमेश मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.वाईके राय, स्वीप आइकन राकेश यादव, निशा सिंह, सरिता मौर्य, सचिन सिंह उपस्थित रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने नौगढ़ की समस्याओं को पटल पर रखा

**चंदौली।** सांसद रावट्र्सगंज पकौड़ी लाल के नव नियुक्त प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ पप्पू केशरी ने मंगलवार को जिलाधिकारी ईशा दूहन व पुलिस अधीक्षक अमित अग्रवाल से मिलकर पत्रक दिया। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि जनपद चंदौली के विधानसभा चकिया क्षेत्र में अभी भी विकास कार्यों का काफी अभाव है, जहां पर मूलभूत सुविधाओं का आगाज कराने के लिए हर संभव प्रयास की पहल की जा रही है। नौगढ तहसील मे कर्मनाशा लिफ्ट का बिन्द्रावन बंधी में छोड़ा जा रहे पानी को गोलाबाद बंधी तक पहुंचाने व वनांचल क्षेत्र के बीच बसे करीब एक दर्जन राजस्व गांव बस्ती के रहनुमाओं को जान हथेली पर लेकर के नाव के सहारे आवागमन करने से छुटकारा दिलाने के लिएकोठी घाट पर पीपा पुल का निर्माण राजा काशी नरेश की धरोहर नौगढ़, पुरानी तहसील की भूमि पर विवाह मंडप बनवाने तथा भैसौड़ा बांध के रिसाव का पानी को सिंचाई में प्रयुक्त होने के लिए बरहवा पुल के समीप कूडा.राजवाहा नहर में छोड़ा जाना आदि कार्यों को कराए जाने के लिए शासन स्तर पर कैबिनेट मंत्रियों को अवगत कराया गया है। इस अवसर पर बृजेश केशरी, विमला सिंह, सुनील चौरसिया, बाबू केशरी मौजूद रहे।

# वाराणसी में खुलेगा पूर्वांचल का पहला स्पर्म बैंक

**सुविधा**

### निःसंतान दम्पतियों के लिए बनेगा सहारा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** निःसंतान दम्पतियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक नयी कवायद शुरू करते हुए वाराणसी में स्पर्म बैंक की स्थापना करने की योजना बनायी है। जिसे जल्द मूर्त किया जायेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक नया कवायद शुरू किया जा रहा है, जो सरकारी चिकित्सालयों में तैयार होगा। बताया कि स्वास्थ्य सुविधा में अब आइवीएफ और स्पर्म बैंक खोलने की कोशिश की जा रही है। पूर्वांचल का पहला स्पर्म बैंक जल्द ही वाराणसी में अपने मूर्त रुप में होगा।

बताया कि ब्लड बैंक की तर्ज पर इसे भी संचालित किया जायेगा। इसमें लोग स्पर्म को डोनेट कर सकते हैं, और इसी स्थान से जरुरत मंद स्पर्म को ले भी सकेंगे। बताया कि नियमों के तहत स्पर्म डोनेट करने वाले का नाम-पता कानून और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) की गाइड-लाइन के तहत गोपनीय रखा जाएगा, ताकि आगे चलकर कोई दिक्कत न आए। जो महिला मां नहीं बन सकतीं, उनके गर्भाशय में आइयूआई ( इसमें स्पर्म महिला के गर्भाशय में सीधे डाला जाता है) और आइसीएसआइ (स्पर्म के नमूने में से एक स्वस्थ शुक्राणु को चुनकर एक अंडे के सेंटर में इंजेक्ट कर फर्टिलाइज्ड पद्धति का उपयोग किया जाता है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : रोहित



हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि एकदिवसीय सीरीज में उनकी टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। रोहित ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में मिली शानदार जीत के बाद भी न्यूजीलैंड की चुनौती को कमजोर नहीं माना जा सकता है। मैच के लिए यहां पहुंचने के बाद रोहित ने कहा न्यूजीलैंड टीम भी पाकिस्तान को हराकर भारत आई है। ऐसे में उसे कम आंकना भूल होगी। इस दौरे में नियमित कप्?तान केन विलियम्सन और अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी कीवी टीम में शामिल नहीं है पर इसके बाद भी टीम को कमजोर नहीं माना जा सकता है। पहले एकदिवसीय में अंतिम ग्यारह को लेकर कप्तान ने कहा कि वह पिच देखने के बाद ही इसका फैसला करेंगे। इस सीरीज में लोकेश राहुल और अक्षर पटेल निजी कारणों से शामिल नहीं है। ऐसे में देखना होगा कि इनकी जगह किसे जगह मिलती है। संभावना है कि सूयार्कुमार यादव और ईशान किशन को इसमें अवसर मिल सकता है।

वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम न्यूजीलैंड भी शानदार फॉर्म में है। टीम ने अब तक लगातार दो एकदिवसीय सीरीज जीती हैं। गत वर्ष उसने भारतीय टीम को अपनी धरती पर 1-0 से हराया था। जिसका मनोवैज्ञानिक लाभ भी उसे मिलेगा। भारत आने से पहले उसने पाकिस्तान को उसी की धरती पर एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हराया। न्यूजीलैंड की टीम इस दौरे में नियमित कप्तान विलियम्सन और साउदी के बिना ही भारत आई है। ऐसे में टीम की कप्तानी टॉम लाथम संभाल रहे हैं।

## बॉलीवुड न्यूज

### बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर होगी 'दहाड़'



**मुंबई।** एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी द्वारा निर्मित, रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय द्वारा निर्देशित दहाड़ बर्लिनले में प्रिमियर होने वाली पहली इंडियन सीरीज है, जो बर्लिनले सीरीज कॉम्पिटिशन में बाकियों के साथ कॉम्पिटीट करती नजर आएंगी। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की दहाड़ राजस्थान के एक छोटे से शहर में सेट है। यह 8 पार्ट का स्लो बर्न क्राइम ड्रामा है जो लोकल पुलिस स्टेशन में सब-इंस्पेक्टर अंजलि भाटी और उनके सहयोगियों को फॉलो करता है। जब कई महिलाएं रहस्यमय तरीके से पब्लिक बाथरूम में मृत पाई जाती है, तो सब-इंस्पेक्टर अंजलि भाटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसमें पहले तो मौतें स्पष्ट रूप से आत्महत्या लगती हैं, लेकिन जैसे-जैसे मामले सामने आते हैं, अंजलि को शक होने लगता है कि एक सीरियल किलर खुलेआम घूम रहा है। इसके बाद एक अनुभवी अपराधी और एक दलित पुलिस वाले के बीच बिल्ली और चूहे का एक दिलचस्प खेल शुरू होता है क्योंकि वह एक और निर्दोष महिला की जान गंवाने से पहले सबूतों को एक साथ जोड़ देती है। दहाड़ से पहले, रीमा कागती ने तलाश, ज़िंदगी ना मिलेगी दोबारा, गली बॉय (बर्लिनले में भी प्रस्तुत) जैसी कई फिल्मों के साथ क्रिटिकली अकलेम्ड और पसंदीदा कहानियां दी है। उन्होंने मेड इन हेवन जैसी बेहतरीन वेब सीरीज भी दी हैं। रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय द्वारा निर्देशित और रितेश सिधवानी, जोया अख्तर, रीमा कागती और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित यह वेब सीरीज 2023 में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### शिल्पा शिंदे की 'मैडम सर' के साथ टीवी पर वापसी



**इंदौर।** सोनी सब का मैडम सर' एमपीटी (महिला पुलिस थाने) में ऐक्शन से भरपूर मामलों के साथ अपने दर्शकों को बांधकर रखने में कामयाब रहा है। महिला कॉप ड्रामा में इसके रोमांचक कलाकारों की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। शिल्पा शिंदे नैना माथुर के रूप में धमाकेदार एंट्री करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह एक ऐसी पुलिस अधिकारी की भूमिका निभायेंगी जिसका दिल बिल?कुल साफ है लेकिन दिमाग थोड़ा चालाक है! वह जोश से भरपूर है और उसे जोखिम उठाना पसंद है। गलत नहीं समझिए! नैना का रिकॉर्ड एकदम साफ-सुथरा है और उसे जो भी केस सौंपा गया है, उसने उसे पूरा किया है। शिल्पा शिंदे ने टेलीविजन पर अपनी वापसी के बारे में बात की और पहली बार एक पुलिस वाले की भूमिका निभाने के बारे में जानकारी दी। 'मैडम सर' के साथ टेलीविजन पर अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, शिल्पा ने कहा कि मैं मैडम सर जैसे विशेष शो के साथ टेलीविजन पर वापसी करके बहुत खुश हूँ, यह शो न केवल मनोरंजन करता है बल्कि पुलिस बल के सौहार्दपूर्ण लेकिन जिम्मेदार पक्ष को भी उजागर करता है। मुझे लगता है कि इस शो ने कई मुद्दों को मुख?य धारा में लाने का शानदार काम किया है। मैं नैना माथुर की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हूँ और मुझे उम्मीद है कि दर्शक उसे, उसकी विचित्रताओं को पसंद करेंगे और वह जैसी है,उसे वैसे ही अपनाएंगे। अपने किरदार और पहली बार पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने के बारे में शिल्पा ने कहा कि एक पुलिस वाले की भूमिका निभाना हमेशा मेरी बकेट लिस्ट में रहा है!

# मिरचा गाजीपुर की टीम ने जीता सेमीफाइनल मुकाबला

**फुटबॉल प्रतियोगिता**

### फाइनल मुकाबले में पहुंची गाजीपुर जिले की मिरचा और बारा की टीम

**धानापुर।** स्थानीय अमरवीर इंटर कॉलेज के मैदान पर अमर शहीद धानापुर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित अंतरप्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मिरचा गाजीपुर और धानापुर के बीच खेला गया। 90 मिनट के इस मुकाबले में मैच के पहले हाफ के दसवें मिनट में मिरचा की टीम ने गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। अंत तक दोनों टीमों में से कोई गोल नहीं कर सका। सेमीफाइनल मैच में मिरचा की टीम मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। मैच के निर्णायक अमित सिंह रहे। कमेंट्री आतिफ खान, रियाज खान और इमरान खान ने संयुक्त रूप से किया।



सेमीफाइनल मुकाबले में गेंद के लिए जद्दोजहद करते खिलाड़ी।

### अध्यक्ष व महामंत्री पद के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज

**सकलडीहा।** सकलडीहा बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव बुधवार को सुबह दस बजे से होगा। मंगलवार को मुख्य चुनाव अधिकारी यशवंत सिंह यादव और सहायक चुनाव अधिकारी अंगद सिंह कुशवाहा, अरूण कुमार और सुभाष सिंह के देखरेख में सुबह दस बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू कराया जायेगा। इसको लेकर देर शाम तक तहसील परिसर में सकुशल चुनाव संपन्न कराने को लेकर चुनाव अधिकारी डटे रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी यशवंत सिंह यादव और सहायक चुनाव अधिकारी अंगद सिंह कुशवाहा, अरूण कुमार और सुभाष सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर पूरी तैयारी कर लिया गया है। मतदान के दौरान परिचय पत्र अथवा सीओपी कार्ड अनिवार्य है। मतदान सुबह दस बजे से चार बजे तक कराया जायेगा। चार बजे के बाद मतगणना और परिणाम की घोषणा किया जायेगा। इस मौक पर बार अध्यक्ष नितिन तिवारी, महामंत्री पंकज सिंह सहित अन्य अधिवक्ता देर शाम तक चुनाव कार्यक्रम को लेकर सहयोग में जुटे रहे।

# विशेष सचिव कोआपरेटिव ने चकिया में गोशाला का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**चकिया।** शासन के निर्देश पर मंगलवार की शाम विशेष सचिव कोऑपरेटिव अच्छेलाल सिंह यादव ने ब्लाक परिसर में स्थित गोवंश आश्रय स्थल और फिरोजपुर गांव में बनाए गए गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अभिलेखों के दुरुस्त नहीं रहने पर पशु चिकित्सा अधिकारी कुछ जल जमकर फटकार लगाई।

चेताया जल्द सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। विकास खंड कार्यालय परिसर में स्थित गोवंश आश्रय स्थल पहुंचे विशेष सचिव कोऑपरेटिव अच्छेलाल सिंह यादव ने पशुओं के रखरखाव, काऊ कोट, पेयजल, टैगिंग, विद्युत, हरे चारे की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया साथ ही शासन के सभी मानकों का पालन करने के निर्देश दिए इसके अलावा उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, टैगबुक, सुपुर्दगी रजिस्टर और कार्यवाही पंजिका का अवलोकन किया। साथी पिछले 3 महीने से ना तो किसी पशु की आने की इंट्री है और ना ही जाने की यहां तक की स्टॉक रजिस्टर में पशुओं की संख्या में भी काफी गड़बड़ी पाई गई जहां अभिलेखों में पशुओं की टैगिंग मैं भी अनदेखी की गई है जिस पर चिकित्सा अधिकारी को जमकर फटकार लगाई।

विशेष सचिव ने पशु चिकित्साधिकारी डा. आरपी भारती को कमजोर पशुओं की विशेष देखभाल करने और ईओ एम लाल गौतम को गौशाला में जाने वाले खराब रास्ते की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डीडीओ लक्ष्मण प्रसाद, डा.आरके सिंह, खंड विकास अधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह यादव, एडीओ पंचायत एनडी तिवारी, बड़े बाबू राकेश रोशन, गुलाब सहित तमाम नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

# 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होंगे वाद

**बैठक**

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने अधिक से अधिक वाद निस्तारित करने के दिए निर्देश

**चंदौली।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली सुनील कुमार चतुर्थ की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील सभागार चंदौली में बैठक आहूत की गई। 11 फरवरी, शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक में सभी पदाधिकारियों से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अपर जनपद न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ल के द्वारा समस्त बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बताया कि 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को समय प्रातः 10 से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर दाण्डिक वादों, धारा-138 एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, श्रमिक वाद, जल एवं गृहकर वाद, विद्युत बिल, राजस्व वाद, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद व अन्य सिविल वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त तिथियों को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले 17, 24, 31 जनवरी 2023 एवं 2 फरवरी 2023 को प्री-ट्रायल का आयोजन करें, जिससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जा सके।

बैंक के पदाधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि बैंक द्वारा जारी आरसी को तहसील में अमीन द्वारा तामील कराया जाता है परंतु उनके रूटीन स्थानांतरण की वजह से तामीला सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया के समस्त तहसीलदारों को पत्र के माध्यम से सूचित किया जाए कि बैंक से संबंधित जो भी तामीला अमीन के माध्यम से होना है उस पर तहसीलदार गंभीरता से संज्ञान लें और आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के सभी न्यायालय एवं विभागों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों व वादों का निस्तारण कराकर उच्चतम न्यायालय की मंशानुसार जनसामान्य को लाभान्वित किया जाएगा। जिसमें सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत विकास कुमार वर्मा, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक मनोज कुमार बरनवाल, संतोष कुमार, नवीन कुमार, निशांत कुमार, अर्जुन त्रिपाठी, देवाशीष, एसएन पाल उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते न्यायाधीशगण।

# जल्द से जल्द हो पुराने वादों का निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

**बोले अनूप प्रधान**

**समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री ने एसडीएम को सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने का दिया निर्देश**

**जौनपुर।** राज्यमंत्री राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश अनूप प्रधान द्वारा विकास भवन सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में राज्यमंत्री द्वारा धारा 24 और धारा 34 में 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि पुराने वादों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने जनपद में प्राप्त आय, जाति, निवास से संबंधित आवेदनों की जानकारी प्राप्त की और ससमय निस्तारित करने का निर्देश भी समस्त उप जिलाधिकारियों को दिया।

मंत्री द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जे की जानकारी प्राप्त की और समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया गया कि वरासत का अभियान चलाकर आवेदनों का निस्तारण कराया जाए।

राजस्व के 5 बड़े बकायेदारों की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारो को नोटिस जारी करते हुए वसूली की कार्रवाई की जाए। उनके द्वारा चकबंदी की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि चकबंदी प्रक्रिया में जो समस्या आ रही है उसका निस्तारण कराएं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में शासन की मंशा के अनुरुप कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है, मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि गरीबों को कंबल अवश्य मिलना चाहिए।


विभागीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते राज्यमंत्री अनूप प्रधान

उक्त बैठक में देवी आपदा से हुई मृत्यु में उनके वारिसों को स्वीकृति चेक पत्र प्रदान किया गया जिसमें प्रदीप कुमार निवासी ग्राम चंदवक तहसील केराकत, हिमांशू ग्राम घघरिया, परगना घिसुआ तहसील मछलीशहर, मोनू ग्राम नेवादा बारीगांव तहसील मड़ियाहूं, पंकज कुमार ग्राम पुरुषोत्तमपुर उर्फ पांडेपुर तहसील सदर, प्रथमेश ग्राम दुगार्पुर, परगना करियातदोस्त तहसील सदर को चार-चार लाख का चेक पत्र प्रदान किया गया और 5 लाभार्थियों को अपने हाथों से कंबल वितरण किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू.रा. गणेश प्रसाद, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, तहसीलदार, डीडीसी चकबन्दी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जल्द केवाईसी करा लें दिव्यांगजन

**जौनपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में कुल 20516 दिव्यांगजनों का आधार आथेन्टीकेशन (केवाईसी) हो गयी थी जिनकी दिव्यांग पेंशन की तृतीय तिमाही की धनराशि उनके खाते में अन्तरित हो गयी है। अभी भी 3411 दिव्यांगजनों द्वारा अपना आधार आथेन्टीकेशन नहीं करवाया गया है जिसके कारण उनके दिव्यांग पेंशन की द्वितीय तिमाही की धनराशि खाते में अन्तरित नहीं हुई है एवं दिव्यांग पेंशन से वंचित है।

अतः जिन दिव्यांगजनों की केवाईसी नहीं हुई है वे स्वयं के माध्यम से या किसी साइबर कैफे के माध्यम से वेब पोर्टल https://sspy-up.gov.in पर मोबाइल के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर अपना आधार आथेन्टीकेशन तत्काल करवाना सुनिश्चित करें अथवा अपने आधार कार्ड की प्रति पर मो.नं. एवं खाता नं. अंकित कर व्हाटसप नं. 8934045245 पर उपलब्ध करायें उनका आधार आथेन्टीकेशन कार्यालय द्वारा करा दिया जायेगा।

## दीक्षांत समारोह 23 फरवरी को
## संयोजकों के साथ कुलपति ने ली तैयारी बैठक

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 23 फरवरी को आयोजित है। इस संबंध में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह कमेटी की तैयारी बैठक मंगलवार को कुलपति सभागार में हुई।

कुलपति के निर्देश के क्रम में कुलसचिव महेंद्र कुमार में कुल 50 समितियों के संयोजकों से तैयारी के संबंध में वार्ता की। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी संयोजक अपनी टीम के साथ सक्रिय रूप से काम में लग जाए। इस बार दीक्षांत समारोह पर राजभवन के निर्देश पर 20 फरवरी से लेकर कई प्रतियोगिता, वाद-विवाद समेत कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

दीक्षांत समारोह को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की साफ-सफाई पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. मुराद अली, डॉ. राजकुमार, डॉ. मनोज मिश्र, प्रो. सौरभ पाल, डॉ. संतोष कुमार, एनएसएस समन्वयक डा. राजबहादुर यादव, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. अनु त्यागी, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, अजीत सिंह, बबीता सिंह, एमएम भट्ट, डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, संतोष कुमार मौर्य, कपिल कुमार त्यागी आदि लोग उपस्थित थे।

# पीएम मोदी 27 जनवरी को करेंगे परीक्षा पर चर्चा : सीमा द्विवेदी

जनसंदेश न्यूज

**वार्तालाप**

**डाक बंगले पर प्रेसवार्ता के दौरान राज्यसभा सांसद ने दी जानकारी**

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा के आगामी संस्करण में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे। इस बात की जानकारी राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने डाक बंगले पर प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि पीएम मोदी आगामी 27 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा के तहत छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2018 में पहली बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों के साथ संवाद किया था। इसके बाद से हर साल पीएम मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' करते हैं। इस बार भी पीएम मोदी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ सीधे संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि देश भर में बच्चे इस समय बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुए हैं, परीक्षाओं के लेकर छात्रों के मन में कई तरह के सवाल होते हैं, इन्हीं सवालों के जवाब देने और छात्रों में जिंदगी की परीक्षा की समझ पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्होंने आगे बताया पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश भर के बच्चों से सीधा संवाद करते हैं। उनके सवालों को सुनते हैं, उनके जवाब देते हैं। पीएम मोदी का परीक्षा से पहले छात्रों से ये संवाद किसी गाइड या कुंजी की तरह काम करता है जो छात्रों के मन परीक्षा को लेकर उठ रहे भावों को शांत कर उन्हें परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक नजरिया देता है। बच्चे परीक्षा से पहले तैयारी में इस कदर खो जाते हैं कि अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान नहीं दे पाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अक्सर कहते हैं कि परीक्षा के समय तनाव को दूर रखने का सबसे अच्छा तरीका योग होता है। लगातार पढ़ते रहने से बच्चों को मानसिक थकावट का सामना करना पड़ता है, इससे लड़ने में योग एक अहम भूमिका निभाता है। आधा घंटा योग दिन भर शरीर को ऊर्जावान बनाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिखी गई पुस्तक एग्जाम वैरियर्स जिसमें विद्यार्थियों के लिए 28 मंत्र तथा अभिभावकों के लिए 6 सुझाव काफी लोकप्रिय है जो अधिक से अधिक छात्रों के पास पुस्तक पहुंचाने का प्रयत्न किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि 19 जनवरी को जिले में परीक्षा पर चर्चा के कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता रिजवी लर्नर्स में आयोजित की गई है इसमें 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी शामिल होंगे। उक्त अवसर पर इस कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता एव सह संयोजक डीसीएफ चेयरमैन धनन्जय सिंह एवं ब्लाक प्रमुख मुंगराबादशाहपुर सतेन्द्र सिंह फंटू और जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह उपस्थित रहे।


प्रेसवार्ता को सम्बोधित करती राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी

# सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत


पिता-पुत्र के शव पर विलाप करते परिजन

जनसंदेश न्यूज

**हादसा**

**शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम**

**सुजानगंज।** क्षेत्र के बड़की चवरिया भैंसहारामपुर ग्रामसभा निवासी राधेश्याम वनवासी 60 वर्ष पुत्र अजय वनवासी 25 वर्ष सोमवार को बाइक से पुत्री के घर खिचड़ी पहुंचाने जा रहे थे कि रास्ते में पट्टी रानीगंज मार्ग पर स्थित बुढौर मोड़ प्रतापगढ़ में सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची प्रतापगढ़ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उनके घर घटना की जानकारी दी। तत्पश्चात अभिभावक ग्राम प्रधान विनोद पांडे (बाबा पांडे) के साथ मृतक पिता-पुत्र का शव घर लाया गया। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। कुछ माह पूर्व ही मृतक वनवासी अजय की शादी हुई थी। घटना की जानकारी थाना पुलिस सुजानगंज को भी दी जा चुकी है।

## आग से गुमटी, रिहायशी मड़हा जलकर राख


आग से जले मकान को देखते परीवारीजन

**जफराबाद।** क्षेत्र के बाबा बाजार में मंगलवार की सुबह आग से एक दिव्यांग की पान की गुमटी तथा रिहायशी मड़हा जलकर राख हो गया। इस अग्निकाण्ड में लगभग एक लाख का सामान जल गया। उक्त गांव निवासी चन्द्रमणि तथा उसकी पत्नी दिव्यांग है। वे अपने बच्चों के साथ उक्त मड़हे में एक पान की गुमटी रखकर रोजी रोटी चलाते है। सुबह गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण अचानक आग लग गयी। आग से गुमटी तथा मड़हे में आग लग गयी। दोनों पति पत्नी किसी प्रकार बच्चों के साथ बाहर निकले। आग से पूरी दुकान का सामान, बिस्तर, खाद्यान्न, हजारों रुपए नकद आदि जल गया। दिव्यांग परिवार का पूरा आशियाना जल गया। अब वे दूसरों की मदद पर निर्भर हो गए है। उनका रो रोकर बुरा हाल है।

# सभी गोवंशों की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग की जाए : रविंद्र

जनसंदेश न्यूज

**निर्देश**

**समीक्षा के दौरान नगरीय क्षेत्रों में गो-आश्रय स्थल कम होने पर सचिव ने जतायी नाराजगी**

**जौनपुर।** विशेष सचिव आबकारी रविंद्र के द्वारा निराश्रित गोवंश के सम्बंध में विकास भवन के सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में विशेष सचिव द्वारा जनपद के निराश्रित गो-आश्रय स्थलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में गो-आश्रय स्थल कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नगर पालिका/नगर पंचायतों में 1-1 अस्थाई गो आश्रय स्थल बनवाए और उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि गो-आश्रय स्थल से संबंधित सभी प्रकार के अभिलेख अद्यतन रहे।


समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते विशेष सचिव आबकारी रविंद्र

विशेष सचिव ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी गोवंशो की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग हो जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि जितने भी निमार्णाधीन गो-आश्रय स्थल है शीघ्र पूर्ण कराकर पशुपालन विभाग को हैंड ओवर कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहाकि खण्ड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि गो-आश्रय स्थलों को आवंटित धनराशि का स्वयं के स्तर से देख-रेख/जांच करें। पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से पशुओं की जांच की जाए, इलाज के अभाव में किसी की मृत्यु न होने पाए।

उन्होंने समस्त नोडल पशु अधिकारी, वीडीओ, ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरुप गो-आश्रय स्थल के समस्त बिन्दुओं को ध्यान रखकर निरीक्षण करें और किसी भी बिन्दु पर कमी पायी जाये तो उसका त्वरित निस्तारण करायें। विशेष सचिव द्वारा निर्देशित गया किया कि अभियान चलाकर सभी गो-आश्रय स्थल में तिरपाल लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से पशुपालकों की व्यवस्था एवं उनके मानदेय के भुगतान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक ब्लॉक में एक गांव मॉडल गांव के रूप में होगा विकसित : दिनेश सिंह

**आयोजन**

**खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने आयोजित किया दो दिवसीय किसान गोष्ठी व मेला**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा लोहिया पर्यावरणीय पार्क पॉलिटेक्निक में आयोजित दो दिवसीय किसान गोष्ठी एवं किसान मेले में बतौर मुख्य अतिथि दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग का आगमन हुआ।

राज्यमंत्री ने शहर के विभिन्न विकासखंडो से आए हुए किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि स्वयं को सम्पन्न बनाने का सर्वोत्तम माध्यम है। यदि कोई किसान अपने उत्पाद का प्रसंस्करण करना चाहता है तो वो भी सरकारी अनुदान प्राप्त कर अपनी नवीन यूनिट लगा सकता है। प्रत्येक शाक- सब्जी के उत्पादन एवं उसके प्रसंस्करण हेतु विभाग उनका भरपूर सहयोग करेगा।


पौधरोपण करते राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह

उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि उचित प्रबंधन से 1 एकड़ की भूमि से 1.5 एकड़ के बराबर का उत्पादन किया जा सकता है। किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का सदैव साथ मिलेगा ऐसा आश्वासन दिलाते हुए मंत्री ने कहा कि जनपद के हर एक ब्लाक में एक गांव माडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा एवं प्रत्येक माडल किसान को सम्मानित कर प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान को संबलता प्रदान किया जाएगा। अंत में मंत्री ने अवधी में भी लोगों का अभिवादन करते हुए पार्क के सौन्दर्यीकरण के लिए अनुदान देने का आश्वासन दिया। जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत संबंधित विभागों द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से किसानों को बताया एवं पार्क के सौन्दर्यीकरण के लिए पार्क में अत्याधुनिक जिम, रबर पैड, झूला इत्यादि मंत्री के सम्मुख अनुदान का प्रस्ताव रखा, जिसपर मंत्री ने सहर्ष स्वीकृत भी दी। उपनिदेशक उद्यान जय करन सिंह ने किसानो को कम्पनी बाग वाराणसी में आयोजित हो रही फल-पुष्प प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने के लिए सभी किसानो को आमंत्रित किया। सहयोगी सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब के अध्यक्ष कुंवर शेखर गुप्ता द्वारा किसानों के सम्मुख विस्तार से सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं किसानो को नवीन व्यवसाय हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कुलदीप योगी, अनन्या गुप्ता, शशिकांत, अरशद, प्रतीक, स्वेछा, कनिष्का, रविन्द्र कुमार सिंह उद्यान निरीक्षक, अरविन्द कुमार सिंह, भोला प्रजापति, पियुष सिंह, अभिलाष सिंह, अंशुल चतुर्वेदी, सुरेश यादव समेत सैकड़ों किसान एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# जौनपुर ने आजमगढ़ को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

**स्व. सदानंद क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का हुआ समापन**

**करंजाकला।** खलीलपुर में आयोजित स्व. सदानंद क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता के आठवें दिन फाइनल का मुकाबला बैरी आजमगढ़ और बैजारामपुर जौनपुर के बीच खेला गया। बैजारामपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जिसमें 8 ओवर में 5 विकेट गिराकर 76 रन बनाये। अतुल ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। बैरी के रिंकू ने तीन विकेट लिए। जवाब में उतरी बैरी आजमगढ़ की टीम ने 8 ओवर में 9 विकेट गिराकर 46 रन ही बना सकी। दीक्षित ने सर्वाधिक 10 रन बनाए। बैजारामपुर के सौरभ ने 2 ओवर में 4 विकेट लिए। समापन समारोह में भाजपा नेता खेतासराय ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजय सिंह विद्यार्थी ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया और उन्होंने टीमों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने कहा कि खलीलपुर में स्टेडियम बनाने का प्रयास करूंगा। भाजपा नेता का खलीलपुर के प्रधान सत्यव्रत सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मौजूद उमाशंकर सिंह, देवी प्रसाद सिंह, रमाशंकर सिंह, बांके बिहारी सिंह, नगद नारायण सिंह, बेचन सिंह रविंदर सिंह जगदीश सिंह, अंपायर अमरजीत सिंह और जितेंद्र सिंह ने कमेंट्री की। स्कोरर सतीश सिंह, पंकज सिंह रहे। अंत में रविकांत सिंह ने आभार व्यक्त किया।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी

## संक्षेप

### धोबी कल्याण समिति की बैठक आयोजित



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश धोबी कल्याण समिति की बैठक खासनपुर हनुमान मंदिर पर नवनियुक्त नगर अध्यक्ष राजेश कनौजिया के नेतृत्व में की गई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भैयालाल कनौजिया के दिशा निर्देश पर संजय कनौजिया पुत्र स्वर्गीय शिवनाथ कनौजिया निवासी अटाला मस्जिद उत्तर प्रदेश धोबी कल्याण समिति के अध्यक्ष पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। बैठक में सभी लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि महान संत बाबा संत गाडगे महाराज की जयंती 23 फरवरी गुरूवार को प्रातः 10 बजे हिंदी भवन के सभागार में बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर महामंत्री रमेश चौधरी, नगर उपाध्यक्ष शंकर कनौजिया, पिंटू कनौजिया, मंजय कनौजिया, नगर कोषाध्यक्ष संजय कनौजिया (डब्लू), विनोद कुमार, छोटेलाल कनौजिया, पिंटू कनौजिया, रमेश चंद्र, मिठाई लाल, प्रेम कनौजिया एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विशाल मानसिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मड़ियाहूं।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विशाल मानसिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉक्टर आरके पटेल ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहाकि मानसिक रोगियों का उपचार सही ढंग से किया जाए उनको अच्छी से अच्छी सुविधाएं प्रदान की जाए जिससे वे शीघ्र स्वस्थ हो सके। जनपद से आई हुई डॉक्टरों की टीम ने रोगियों की जांच पड़ताल की और उनको अच्छी सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास कर उनका परीक्षण भी किया। इसके अलावा दिव्यांगों की जांच करके प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस मौके पर वकार अहमद, भैया लाल पटेल, सुनील पटेल, रामधनी पटेल, पंकज केसरी, चंद्रप्रकाश सिंह पप्पू सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अंत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. एमएस यादव ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।


शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक

### आरबीएसके टीम जलालपुर को अधीक्षक ने किया सम्मानित

**जलालपुर।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी में आरबीएसके टीम को फील्ड वर्क कायाकल्प व कोरोना काल के कार्य को लेकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आलोक कुमार सिंह के द्वारा आरबीएसके टीम के डॉक्टर रंजना राय, डॉक्टर हेमंत यादव, डॉक्टर अजित कुमार, डॉक्टर नंदनी, आप्टम दिनेश सिंह, रीना भाष्कर, नेहा राय, रीमा देवी को प्रशस्ती पत्र, गोल्ड मेडल व पुरस्कार वितरित किया गया। अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत ब्लाक के सभी विद्यालय व आंगनवाड़ी केंद के बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने की कार्य करने वाली डेडिकेटेड आरबीएसके टीम को सम्मानित किया गया है जो पिछले कोविड व कायाकल्प में बढ़ चढ़कर सहयोग किया था। इस अवसर पर डाक्टर क्षितिज पाठक, बीपीएम आशुतोष सिंह, राकेश चौबे, मयंक मिश्रा, दिनेश सिंह, अवनीश, सपन, सुनील वर्मा, प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।


आरबीएसके टीम को सम्मानित करते अधीक्षक

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव के समीप एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। सम्दहा गांव के निवासी सुरेंद्र कुमार मिश्रा का 30 वर्षीय पुत्र संजीव मिश्रा अपने जीविकोपार्जन के लिए मुंबई में रहकर पैसा कमाता था। बीते सप्ताह संजीव किसी काम से घर आया हुआ था। स्वजनों ने बताया कि सोमवार तक सब कुछ ठीक-ठाक था। सोमवार शाम को वह खाना-पीना खाकर सोने के लिए चला गया लेकिन अचानक मंगलवार सुबह सूचना मिली की किसी युवक का शव बगल के गांव लपरी गांव में बने अंत्येष्टि स्थल के समीप फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। आनन-फानन में परिजनों ने जब मौके पर जाकर देखा तो युवक की पहचान संजीव के रूप में हुई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सरायख्वाजा थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और लोगों से पूछताछ कर मामले में विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है।

### ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सिकरारा थाना क्षेत्र के फतेहगंज गांव निवासी पत्तल सोनकर सोमवार को अपने किसी काम से जौनपुर आए हुए थे। जब वह अपने घर के लिए जौनपुर शाहगंज मार्ग होते हुए वापस जा रहे थे इसी दौरान लपरी गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। सरायख्वाजा थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया कि ट्रक और ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### तमंचा कारतूस संग अभियुक्त गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने पतरही बाजार के मौधा रोड से तमंचा व कारतूस संग अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि मौधा रोड पर तमंचा संग युवक खड़ा है तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछने पर उसने अपना नाम कमलेश हरिजन पुत्र नगदू निवासी पतरही बताया। तलाशी में उसके पास से एक अदद तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# बेटियों के महत्व को समझना जरूरी

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का हुआ शुभारम्भ, दिलायी गयी शपथ

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार 18 से 24 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के तहत मंगलवार को साजिदा गर्ल्स इंटर कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान के प्रथम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाकर महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक ने कहा कि हमें लड़कियों के महत्व को समझना होगा। लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अगर उन्हें सही समय पर उपयुक्त अवसर और सुविधाएं दी जाएं तो वे क्या नहीं कर सकती। इसके विपरीत हम बेटियों को बोझ मानकर गर्भ में ही मरवाना चाहते हैं अगर वो पैदा हो जाती है तो हर स्तर पर उसके साथ भेदभाव करते हैं, विवाह की चिंता में लगे रहते हैं। गांव और शहर दोनों ही जगह लड़कियों की सुरक्षा के लिए खतरा हमारे अपने ही बेटों से रहता है अगर बच्चों के पालन-पोषण में समानता रखी जाएगी तो बेटे-बेटियों का सम्मान करना सीखेंगे। लड़कियों को आगे बढ़ने और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करते हुए बेटियों को शिक्षा व आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह व बबिता, विद्यालय की प्रधानाचार्या और समस्त शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया।


बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के शुभारम्भ पर शपथ लेते लोग

## पूर्व प्राचार्य डॉ. एनके सिंह का निधन

**गौराबादशाहपुर।** मुफ्तीगंज ब्लाक के भदेवरा गांव निवासी डॉक्टर एनके सिंह पूर्व प्राचार्य राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ का सोमवार की देर रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। उनकी मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। एनके सिंह राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीएड एमएड के संयोजक रहे तथा वर्तमान में राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में बीएड और एमएड के विभागाध्यक्ष पद पर तैनात थे। महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में करीब 3 वर्ष तक 2018 से 2021 तक अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके थे। वह वर्तमान में जौनपुर के नईगंज में रह रहे थे। उनके निधन से महाविद्यालय के प्रबंधक कुंवर जय सिंह जय बाबा, प्राचार्य डॉक्टर अरुण सिंह, सती प्रसाद मिश्र सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने श्री सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। गांव से ही उनका शव अंतिम संस्कार के लिए जौनपुर के रामघाट पर ले जाया गया।

# कुंवर बहादुर अध्यक्ष, अखिलेश चुने गये वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**चुनाव**

**केराकत तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न**

**बराबरी पर रहे महामंत्री पद के दो दावेदार, निर्णय आज**

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** तहसील बार चुनाव में कुंवर बहादुर यादव को अध्यक्ष, अखिलेश पाण्डेय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रविकांत नाथ मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया। कुंवर बहादुर यादव को 68 वोट जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजेश पाण्डेय को 64 वोट मिला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अखिलेश पाण्डेय को 75 मत जबकि इनके प्रतिद्वंदी छोटेलाल को 39 मत मिले।

इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर रविनाथ मिश्रा और आत्मा प्रसाद के बीच हुए चुनाव में रविनाथ मिश्रा को 63 जबकि आत्मा प्रसाद को 51 वोट मिला। महामंत्री पद पर तीन उम्मीदवारों मे से दो उम्मीदवारों राजवंत कुमार और अशोक कुमार को बराबर बराबर वोट मिलने से हार जीत का निर्णय नहीं हो सका। राजवंत और अशोक कुमार को 44-44 वोट, उदयराज कन्नौजिया को 25 मत मिले। चुनाव समिति के पुनीत चंद श्रीवास्तव, दिनेश पाण्डेय और अनिल सोनकर गांगुली ने बताया कि महामंत्री पद का निर्णय बुधवार को लिया जायेगा।


केराकत तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

# सामाजिक न्याय के लिए हमेशा संघर्षरत रहे शरद यादव

**बोले लाल बहादुर**

**जिला मुख्यालय पर दिवंगत आत्मा को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** सामाजिक न्याय के पुरोधा शरद यादव के निधन पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर आयोजित शोकसभा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शरद यादव जीवन पर्यन्त समाजवादी विचारों और सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने आपातकाल में लोकतंत्र बचाने के लिए जेल की यातनाएं भी सही। उन्होंने सड़क से सदन तक पिछड़ों, दलितों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। संसद में उनके विचारों को सभी लोग बहुत गम्भीरता से सुनते थे। उनका निधन समाजवादी आंदोलन के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

इस अवसर पर शरद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। शोकसभा में पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, महासचिव हिसामुद्दीन शाह, उपाध्यक्ष राम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, लाल मोहम्मद रायनी, जयप्रकाश प्रिन्शू, आशा राम यादव, इरशाद मंसूरी, विक्की यादव, सोनी यादव, आसिफ शाह आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



शरद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपाजन

# कान्हा गो-आश्रय स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कान्हा गो-आश्रय स्थल प्यारेपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि गो-आश्रय स्थल में 190 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि गोवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में रहे और तिरपाल एवं बोरे पशुओं के लिए उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी द्वारा गो-आश्रय स्थल के निर्माण के जाँच के संबंध में एक टीम गठित की गई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं एक अन्य जिला स्तरीय अधिकारी की टीम द्वारा गुणवत्ता की जांच की जाएगी और खराब गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।


गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण करते डीएम

# डीएम व एसपी ने सैकड़ों गरीबों और असहायों के बीच वितरित किया कंबल

**नेक कार्य**

**एकमा के कंबल वितरण कार्यक्रम में उमड़ी जरूरतमंदों की भीड़**

**भदोही।** नगर के मर्यादपट्टी स्थित कालीन भवन परिसर में मंगलवार को आल इंडिया कार्पेट मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन (एकमा) द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों गरीबों, असहायों व कालीन बुनकरों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी गौरांग राठी व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार मौजूद रहें। डीएम व एसपी ने अपने हाथों से लोगों को कंबल वितरित किया। इससे पूर्व एकमा के पदाधिकारियों मो.रजा खां व असलम महबूब आदि ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बुके देकर स्वागत किया। जहां पर डीएम व एसपी ने वहां पर मौजूद लोगों संबोधित करते हुए कहा कि निर्यातकों द्वारा उद्योग को बढ़ाने और लोगों को रोजगार देने के साथ ही समय-समय पर गरीबों व असहायों की सेवा कर अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया जा रहा है।

ये सराहनीय कार्य है। कंबल वितरण कार्यक्रम में सबसे अधिक भीड़ महिलाओं की रहीं। जो अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ वहां पर कंबल लेने के लिए पहुंची थी। भीड़ अधिक होने के कारण पुलिस के जवान भी अंत तक लगे रहें। ठंड के इस मौसम में कंबल पाकर सभी गरीबों, असहायों व बुनकरों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर राजेश कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, शमीम अंसारी, शिवसागर तिवारी, पीयूष जायसवाल, अमित मौर्य, उपजिलाधिकारी डॉ.कृपाशंकर पांडेय, तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, नगर पालिका परिषद के ईओ जी लाल, उपायुक्त उद्योग के साथ ही सभासद गिरधारी जायसवाल, अरविंद मौर्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।


डीएम गौरांग राठी को बुके देकर स्वागत करते एकमा अध्यक्ष मो.रजा खां

# पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सूचना तकनीक का मॉडल बना महजूदा

**बोले शाहनवाज खान**

**योगी सरकार में ग्राम्य स्वराज की संकल्पना को कर रहा साकार**

**भदोही ।** सूचना तकनीकी के प्रयोग से जहाँ ग्राम स्वराज की संकल्पना को नया आयाम मिल रहा है। वहीं दूसरी तरफ गांव को आधुनिक मॉडल बनाने एक और क्रांति का इजाद हुआ है। भदोही जनपद का महजूदा गांव पहला ऐसा गांव है जहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया गया है। राज्य की योगी सरकार में आधुनिक सूचना तकनीक का प्रयोग कराने वाला यह अनूठा गांव है। महात्मा गांधी और योगी सरकार के ग्राम स्वराज की विकास परियोजनाओं को अच्छे ढंग से महाजूदा गांव में लागू किया गया है। पत्रकार से प्रधान बने राजमणि पांडेय गांव को नई दिशा और दशा दे रहे हैं। विकास को लेकर गांव की सोच बदल रहे हैं। संकुल भवन, पंचायत भवन और गांव में पब्लिक ऐडस सिस्टम को स्थापित कर उन्होंने यह साबित करने की कोशिश की है कि नेक इरादा और संकल्प शक्ति से कोई कार्य असंभव नहीं है। जिलाधिकारी गौरांग राठी उनके विकास कार्यों की खूब प्रशंसा कर चुके हैं। जनपद के दूसरे पंचायतों और ग्राम प्रधानों को सीखने की सलाह दी है। जिलाधिकारी राठी ने हाल में गांव में 32 लाख की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। युवा ग्रामप्रधान राजमणि पांडेय ने बातचीत के दौरान बताया कि भदोही जनपद का पहला पब्लिक एड्रेस सिस्टम हमने गांव में स्थापित किया है। उन्होंने बताया इस आधुनिक सिस्टम के जरिए गांव में पुरानी मुनादी व्यवस्था से जहाँ निजात मिली है। वहीं दूसरी तरफ इस व्यवस्था से हर व्यक्ति तक आसानी से जरुरी सूचना पहुंच जाती है। पंचायत की खुली मीटिंग करवानी पड़ती है तो हम सीधे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से गांव वालों को सूचना देते हैं।

# चीन और अमेरिका को पछाड़कर भदोही ने बनाया दुनिया का सबसे बड़ा कार्पेट

**उपलब्धि**

**विधायक जाहिद बेग ने कम्पनी के मालिक रवि पटोदिया को बुके दे कर दी बधाई**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** कालीन के क्षेत्र में भदोही पुरे विश्व में विख्यात हैं। भदोही के निर्मित कालीन की मांग विदेशो में यूं ही नही की जाती बल्कि कालीन नगरी के नाम से विख्यात भदोही के कालीन की गुणवत्ता भी बेहतरीन होती हैं।

भदोही के पटोदिया कार्पेट ने जो ख्याति अर्जित की है उसे सुनकर हर भारतीय सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। पटोदिया कार्पेट ने चीन और अमेरिका को पछाड़कर दुनिया का सबसे बड़ा कार्पेट बनाया हैं।भदोही से निर्मित बारह हजार स्क्वायर मीटर का कालीन कजाकिस्तान में नूर मस्जिद में लगा है। 150000 स्क्वायर फीट गोल आकार, 70 मीटर 240 फीट गुम्बज 400 मीटर बाई 400 मीटर की आकृति में बना हैं। ओपन ग्लोबल टेंडर में चाइना और अमेरिका आदि देशों के निर्यातकों ने हिस्सा लिया था। देश का मान बढ़ाने के लिए भदोही के कालीन निर्यातक रवि पटोदिया ने यह टेंडर प्राप्त किया। कालीन निर्यातक रवि पटोदिया ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया के बाद कालीन का कार्य पूर्ण करने पर देश का नाम बढा हैं हम लोग लाभ के बजाय देश को वरीयता देते हैं, गुणवत्ता भी ऐसी रखी जाती हैं कि विदेश में भी भारत का मस्तक ऊंचा रहें।

उन्होंने बताया कि पचास दिनों तक बीस आदमियों ने लग कर फीटिंग किया था। पटोदिया कार्पेट के मालिक रवि पटोदिया ने बताया कि अपूर्व पाटोदिया व प्रणय पटोदिया अब कार्यभार संभालने का काम करते हैं, हमारा काम सिर्फ सुपर विजन का ही हैं। इस सफलता से निश्चित ही गर्व की अनुभूति हो रही हैं।सपा विधायक जाहिद बेग ने पटोदिया कार्पेट के मालिक रवि पटोदिया को इस सफलता पर उनसे मुलाकात करके बुके भेंट कर बधाई दी और उन कारीगरों को जिन्होंने इस कालीन को तैयार किया उनको भी शुभकामनाएं दी।


पटोदिया कम्पनी के मालिक रवि पटोदिया को बुके दे कर बधाई देते विधायक जाहिद बेग

## संक्षेप

### जीवन ज्योति हॉस्पिटल एंड फैक्चर सेंटर अस्पताल का हुआ भव्य उद्घाटन



पूर्व प्रो.डॉ.शांतनु लहकर को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते डॉ.के पी जायसवाल और डॉ. ए के गुप्ता

**भदोही।** जीवन ज्योति हास्पिटल एंड फैक्चर सेंटर के नवनिर्मित भवन का मंगलवार को मुख्य अतिथि पूर्व प्रोफेसर प्रमुख हड्डी रोग विभाग आसाम मेडिकल कॉलेज डिब्रूगढ़ डॉ.शांतनु लहकर द्वारा फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूरा हास्पिटल लोगों से खचाखच भरा रहा। मुख्य अतिथि डॉ.शांतनु लहकर के वहां पर पहुंचने के बाद उनका भव्य स्वागत किया गया। जहां पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए डॉ.शांतनु लहकर ने हास्पिटल के संचालक डॉ.केपी जायसवाल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। जहां पर मरीजों का कुशल और समुचित इलाज किया जाएगा। इसके साथ ही हास्पिटल के उद्घाटन समारोह को मड़ियाहूं के विधायक डॉ.आरके पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि भदोही-जौनपुर मार्ग का अगले दो साल के बाद निर्माण हो जाएंगा। सड़क निर्माण के बाद लोगों के लिए जौनपुर का सफर आसान हो जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.एके त्रिपाठी ने किया। अंत में हास्पिटल के संचालक डॉ.केपी जायसवाल ने कार्यक्रम में आएं सभी लोगों का आभार जताया। विधायक जाहिद बेग और जीवनदीप हॉस्पिटल के मालिक डॉ. ए के गुप्ता ने डॉक्टर के पी जायसवाल को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, अशोक कुमार जायसवाल, विजय श्रीवास्तव, डॉ.एके गुप्ता, डॉ.एके रहमान, डॉ.पीयूष जायसवाल, डॉ.अश्विनी कुमार मौर्य, डॉ.अरशद महमूद, बाल विद्या विकास यादव, विनीत बरनवाल, हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, सत्यशील गुप्ता, लालता प्रसाद सोनकर, सुभाष यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

### रोमांचक मुकाबले में कौशाम्बी को कैमूर ने एक रन से हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के आजाद स्पोर्ट्स स्टेडियम मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ के तीसरे दिन मंगलवार को कौशांबी टीम का मुकाबला बिहार से आई कैमूर की टीम से हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे बेहद ही रोमांचकारी मैच में कैमूर की टीम ने कौशांबी को एक रनों से पराजित किया। कैमूर जनपद के कैप्टन संदीप दुबे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कैमूर की टीम के सलामी बल्लेबाजों में अपने कैप्टन के निर्णय को सही ठहराते हुए शतकीय साझेदारी करते हुए 13 ओवरों में पहले विकेट पर 105 रन जोड़ दिए। आलोक कुमार ने सात चौकों की मदद से 69 रन एवं अजीत यादव ने 7 चौकों की मदद से 53 रन बनाए। कैमूर की टीम ने 25 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाकर कौशांबी से 189 रनों का लक्ष्य दिया।189 रनों के लक्ष्य के जवाब में खेलने उतरी कौशांबी की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही, कौशांबी के सलामी बल्लेबाज प्रद्युम्न प्रजापति बिना खाता खोले हुए दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए। बल्लेबाज प्रीतम दुबे व आकाश कुमार ने दूसरे विकेट पर 75 रनों की साझेदारी की। जिसमें प्रीतम दुबे ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 64 रन बनाए जबकि आकाश कुमार ने 25 गेंदों पर 43 रनों की पारी खेली कुश सिंह ने 23 रनो का योगदान किया। इस मैच में कौशाम्बी की टीम 25 ओवर में 187 रन बना पायी। इस प्रकार कौशाम्बी की टीम एक रन से रोमांचक मुकाबला हार गई।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनीता यादव ने डिंपल को दी जन्मदिन की बधाई

**भदोही।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की लोकप्रिय सांसद डिम्पल यादव का जन्म दिवस रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पार्टी मुख्यालय के सभागार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ डिम्पल की मौजूदगी से सैकड़ों महिला कार्यकर्ता उत्साह से भर उठीं और उन्होंने गर्मजोशी के साथ फूल मालाएं भेंट कर सांसद डिम्पल का अभिनंदन किया। मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव के उपचुनाव में प्रचंड विजय हासिल करने व जन्मदिन के अवसर पर भदोही नगर पालिका से समाजवादी पार्टी की भावी प्रत्याशी भदोही की पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनीता यादव ने पार्टी कार्यालय पहुँचकर डिम्पल यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए अखिलेश यादव की प्रबल विजय एवं दंपत्ति के दीर्घ-सुखी जीवन की कामना की। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख विकास यादव की पत्नी सपा नेत्री सुनीता यादव ने कहा कि सांसद डिम्पल ने न सिर्फ.अपने विचारों से सबको प्रेरित किया है बल्कि अपने व्यवहार से बातों से सबको जोड़ने व संजोने का कार्य किया हैं। राजनीति में उन्होंने सबको खासकर महिलाओं को आगे बढ़ाया है, उन्हें बल देते हुए कभी हतोत्साहित नहीं होने दिया। संसद में डिम्पल जी हम सबकी की मजबूत आवाज हैं और हमारी पहचान हैं।


सांसद डिंपल यादव को जन्मदिन की बधाई देती प्रमुख सुनीता यादव दाएं

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## गोवंश लदे ट्रक के साथ दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** गोपीगंज पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग कौलापुर मे घेराबंदी कर मवेशी भरे ट्रक के साथ दो पशु तस्करो को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। मवेशियो को आश्रय स्थल भेज तस्करो के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गये ट्रक मे 22 राशि गोवंश क्रूरतापूर्वक भरकर वध के लिए ले जाए जा रहे थे। 22 राशि मे से 5 मवेशी की मौत हो गई थी। पुलिस अधीक्षक भदोही डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर गौ तस्करोंके विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

मुखबिर की सूचना पर गोपीगंज पुलिस टीम कौलापुर ओवर ब्रिज के पश्चिमी छोर के पास घेराबंदी कर दो तस्कर सहित ट्रक को कब्जे में ले लिया। वाहन में क्रूरतापूर्वक भरकर कुल 22 राशि मवेशी वध के लिए ले जाए जा रहे थे। इसमे पांच मवेशी की मौत हो गई थी। गोवंश के साथ दो पशु तस्कर मोहम्मद सिरीयावां थाना चरवां जनपद कौशांबी, सलमान अहमदपुर असरौली थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पूछताछ में पशु तस्करों द्वारा गोवंश को वध हेतु जनपद फतेहपुर से लादकर बिहार व बंगाल ले जाना बताया गया।

# आम नागरिकों के लिए सूचना का अधिकार महत्वपूर्ण : सूचना आयुक्त

**समीक्षा**

**राज्य सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी ने गेस्ट**

**हाउस ज्ञानपुर में आरटीआई के लंबित प्रकरणों पर की समीक्षा बैठक**

**भदोही।** राज्य सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी (अवकाश प्राप्त आईपीएस) ने गेस्ट हाउस ज्ञानपुर पहुंचकर जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के साथ राज्य सूचना आयोग में लंबित प्रकरणों के संदर्भ में समीक्षा किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शैलेंद्र कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, तहसीलदार विजय यादव ने बताया कि सूचना अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्त अधिकांश आवेदनों का निस्तारण कर दिया गया है। राज्य सूचना आयुक्त ने इस स्थिति पर संतोष व्यक्त किया तथा उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों का समयांतर्गत निस्तारण सुनिश्चित करें।

मांगी गई सूचना के सही तथ्यों की जानकारी दें। उन्होंने बताया कि सूचना अधिनियम 2005 में सूचना दिए जाने का अधिकार प्रदान किया गया है। सादे कागज पर दिए गए आवेदन पत्र के साथ रू. 10 का पोस्टल ऑर्डर लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय से सूचना प्रदान कर अधिनियम के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि जनसूचना अधिकारी निर्धारित अवधि में मांगी गयी सूचना देने में असमर्थ रहता है तो आयोग दोषी जनसूचना अधिकारी पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगा सकता है। अंत में जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने सूचना के अधिकार अधिनियम की उपादेयता व प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।


उड़ता हुआ हाट एयर बैलून


लैंड करने के बाद बैलून को देखने के लिए उमड़े ग्रामीण

# हॉट एयर बैलून फेस्टिवल का आगाज


सेल्फी लेती महिलाएं

### सीएचएस व डोमरी से उड़ाये गये हॉट एयर बैलून

### पायलट ने बैलून से उतारी गंगा की विहंगम तस्वीरें

### रोजाना 100 लोग हवा में भर सकेंगे उड़ान

### झलकी काशी-विश्वनाथ धाम व गंगा की भव्य छटा

वाराणसी। किसी बैलून में बैठकर अलौकिक काशी नगरी तथा गंगा के विहंगम घाटों का नजारा लेना अपने आप में कम सुखद नहीं है। जरा कल्पना करिये पतित पावनी मां गंगा की धारा के ऊपर उड़ते हुए आंखों से काशी के घाटों व गंगा का नजारा कम एडवेंचर से भरा नहीं है। इसको पर्यटन विभाग ने साकार किया है। वैसे इस हाट एयर बैलून का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा था। काशी में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हाट एयर बैलून फेस्टिवल का दूसरा सीजन का मंगलवार को आगाज हो गया। प्रातःकाल छह बजे दो छोटे गुब्बारे उड़ा कर हवा के रूख के अनुसार उड़ान स्थल निर्धारित किया गया। इसके लिए तीन स्थानों सीएचएस कमच्छा, एमपी थियेटर ग्राउण्ड बीएचयू व डोमरी को पहले से ही चिन्हित किया गया था। सीएचएस कमच्छा व डोमरी (रामनगर) दोनों जगहों पर एक ही समय पर उड़ाये गये बैलून ने एक-दूसरे को गंगा के ऊपर क्रास किया। इस दौरान अधिक ऊंचाई पर उड़ रहे बैलून के पायलट व इंस्ट्रक्टर टीम ने रोमांचित कर देने वाली विहंगम तस्वीरें भी उतारी। बैलून में सवार पायलट दल के सदस्य काशी विश्वनाथ धाम व गंगा की भव्य व अलौकिक छटां देख कर भाव विह्वल हो गये। पहले दिन प्रतिनिधियों व विशिष्ट मंडल की टीम ने सैर की। बैलून में सवार एक्सपर्ट ने उड़ान के दौरान हवा में होने वाली गतिविधियों को जांचा व परखा। इसके साथ हवी बैलून में सुरक्षा प्रबंधों की भी जांच की गई। पायलटों ने सुरक्षित ऊंचाई पर उड़ान तय समय में पूरी कर ली। सुबह 8 बजे से सीएचएस कमच्छा से उड़ान भरने वाला हाट एयर बैलून अगले 30 मिनट में गंतव्य पर पहुंच गया था। ठीक इसी वक्त डोमरी में उड़ान भरे बैलून को सीएचएस पहुंचने में थोड़ा अधिक समय लगा। रोजाना पायलट के अलावा चार दिनों में 100 लोग उड़ान भर सकेंगे। यूके के सबसे बड़े बैलून में 16, जबकि भारत के बैलून में तीन लोग ही उड़ान भर सकेंगे। अन्य दिनों में संघाई सहयोग संगठन देशों के प्रतिनिधि भी हवा में सैर कर रोमांचित हो सकेंगे। सुबह की उड़ान के बाद सभी 10 एयर हाट बैलून शाम पांच से सात बजे तक गंगा पार डोमरी में होंगे।

# रंग-बिरंगी नाव लेकर गंगा में उतरे नाविक

### नावों पर हनुमान के झंडे और जय श्रीराम लिखा था

### कमिश्नर कौशलराज शर्मा व विधायक नीलकंठ तिवारी ने किया शुभारंभ

## जय श्रीराम लिखकर नाविकों ने रेस लगाई





## नाविकों को पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर किया गया प्रशिक्षित

### राजघाट में नाविकों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन

वाराणसी। भारत सरकार की हॉली सिटी योजना के अर्न्तगत राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान की ओर से नाविकों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन राजघाट में किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के दौरान निसबड के वरिष्ट सलाहकार पीके अरोड़ा ने बताया कि भारत सरकार की हॉली सिटी योजना के तहत चिन्हित बनारस में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े 25 नाविकों को व्यवसाय के लिए उन्हें उद्यमिता के तहत प्रबन्धन, विपणन, सम्प्रेषण तथा वित्तीय नियोजन की जानकारी देने के साथ-साथ नाव तथा पर्यटकों की सुरक्षा के मापदण्ड एवं स्वच्छता को लेकर प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नाविकों की आय वृद्धि के लिए डिजिटल एवं इलैक्ट्रोनिक माध्यमों की जानकारी भी दी गई है। संस्थान की निदेशक डा पूनम सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान उद्यमिता को बढ़ाने के लिए कार्यरत एक राष्ट्रीय संस्थान है। भारत में हमारी आस्था के साथ-साथ पर्यटन के बढ़े स्रोतों के रूप में कई नगर समय के साथ विकसित होने के साथ साथ स्वरोजगार के लिए असीम अवसर भी लेकर आये है। हमारी संस्कृति को वैश्विक पहचान देने के साथ साथ उद्यम तथा रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए हॉली सिटी योजना के तहत संस्थान द्वारा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।



**वाराणसी।** शहर के प्रसिद्ध दशाश्वमेधघाट पर मंगलवार को दोपहर 12 बजे काशी बोट रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। कमिश्नर कौशलराज शर्मा व शहर दक्षिणी के विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने हरी झंडी दिखा कर इस रेस का शुभारंभ किया। इस मौके पर डा. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि नौका रेस पर्यटन के दृष्टिकोण से बहुत ही खास व महत्वपूर्ण है। इस नौका रेस प्रतियोगिता से काशी का नाम और भी ऊंचाई तक जायेगा। काशी अब आध्यात्मिक नगरी के साथ इवेंट की नगरी भी बन रही है तथा टेंट सिटी, क्रूज आदि से काशी एक नए कलेवर से संपूर्ण विश्व को लुभा रही है।

इस मौके पर कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कहा कि नौका रेस प्रतियोगिता से पर्यटन को और भी बढ़ावा मिलेगा। इससे नाविकों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा का पता चलेगा। इसके बाद यूपी के अन्य जिलों में भी कई टीमों को रेस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। नौका रेस प्रतियोगिता में कई नाविकों ने शिरकत की। सुंदर व सजी धजी नावें जब गंगा में उतरी तो वहां का नजारा देखने लायक था। नाविकों ने नावों पर जयश्री राम लिख कर रेस लगायी। नावों पर हनुमान का ध्वज भी लगाया गया था। इस दौरान पूरा गंगा तट जयश्री राम के उद्घोष से गूंजता रहा। गंगा की लहरों पर दर्जन भर चप्पू की चाल संग लहरों पर जब रंगीन नावें लहराई तो काशी के साथ-साथ देश-विदेश के सैलानी भी इसके गवाह बने रहे। पर्यटन विभाग को और भी रफ्तार देने के उद्देश्य से इस नौका रेस का आयोजन किया गया है। चार दिवसीय काशी बोट रेस प्रतियोगिता 20 जनवरी तक होगी। केरल से आये निर्णायक मंडल ने 12 टीमों के खिलाड़ियों का परिचय लिया। इससे पूर्व बनारस घराने के नर्तक सौरव व गौरव ने कथक की मनमोहक प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही अन्य कलाकारों ने पारम्पिक लोक नृत्य की प्रस्तुति की।



# कड़ाके की ठंड में छुट्टा जानवरों से फसल बचाते हुए जान गंवा रहे हैं किसान

### केस- 1

मृतक किसान का नामरू नन्हा लोधी, उम्र 49 साल। गांवरू देवराकला, उन्नाव, उत्तर प्रदेश। मौत का कारणरू छुट्टा पशुओं से फसल बचाते हुए ठंड से मौत का दावा। नन्हा लोधी छोटी जोत के किसान थे। उनके पास आधा बीघा से भी कम जमीन थी, जिसमें उन्होंने गेहूं लगाया था। इस फसल को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत में ही मचान बनाकर रहते थे। 25 दिसंबर की रात घर से खाना खाकर फसल की रखवाली के लिए खेत पर चले गए। इसके बाद उनकी मौत की खबर घर आई। नन्हा लोधी फसल की रखवाली के लिए बनाए गए मचान में ही मृत पाए गए। परिवार का कहना है - उनकी मौत ठंड लगने से हुई।

### केस-2

मृतक किसान का नामरू राजू बरार, उम्र 45 साल। गांवरू पपिरोखर, झांसी, उत्तर प्रदेश। मौत का कारण- छुट्टा पशुओं से फसल बचाते हुए ठंड से मौत का दावा। राजू बरार छोटे किसान थे। उनको सरकारी पट्टे से करीब 3 बीघा जमीन मिली थी। इसी से परिवार का गुजर बसर होता था। इस बार राजू ने मटर और गेहूं की फसल लगाई थी। फसल को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत पर ही बांस और कपड़े की एक झोपड़ी बना रखी थी। 7 जनवरी की रात फसल की रखवाली करने खेत पर गए। इसी झोपड़ी में सोए, लेकिन सुबह उठ न पाए, उनकी मौत हो गई। परिवार का कहना है - श्राजू की मौत ठंड लगने से हुई।

### केस-3

मृतक किसान का नामरू चंद्रभान पटेल, उम्र 59 साल। गांवरू रुझाई, उन्नाव, उत्तर प्रदेश। मौत का कारणरू खेत की रखवाली करते हुए छुट्टा पशु के हमले से मौत। चंद्रभान पटेल 4 जनवरी की रात छुट्टा पशुओं से फसल बचाने के लिए खेत पर गए थे। यहाँ छुट्टा पशु ने उन पर हमला कर दिया। चंद्रभान के पैर की हड्डी टूट गई और वो खेत में लगे कटीले तारों में उलझ गए। सर्दी की रात में घायल अवस्था में खेत पर पड़े रहे, मौत हो गई। घर वाले उनकी मौत के लिए छुट्टा पशुओं को दोषी मानते हैं।

इन तीन घटनाओं में मृतक किसान के नाम जरूर अलग हैं, लेकिन कहानी एक सी है और मौत के पीछे की प्रत्यक्ष या परोक्ष वजह भी एक है - छुट्टा पशु। उत्तर प्रदेश (यूपी) का किसान इन दिनों छुट्टा पशुओं से खासा परेशान है। आलम यह है कि फसल बचाने के लिए किसान ठंड की रात में खेत पर रहने को मजबूर है। ऐसी स्थिति में कई किसानों की ठंड से मौत भी हो गई।



### यूपी चुनाव में था बड़ा मुद्दा

छुट्टा पशुओं की यह समस्या 2022 के यूपी तिधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनी थी। विपक्ष जहाँ इसे लेकर आक्रामक था, वहीं मौजूदा सरकार इसे लेकर नीतियाँ बनाने की बात कह रही थी। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्नाव में एक चुनावी सभा में कहा था, ष्यूपी के किसानों को छुट्टा जानवरों से हो रही समस्याओं को हम गंभीरता से ले रहे हैं। हमने रास्ते खोजे हैं। 10 मार्च को आचार संहिता समाप्त होने के बाद, नई सरकार बनने के बाद, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उन सारी नई योजनाओं को हम लागू कर देंगे। हालांकि, यूपी चुनाव के नतीजों को आए 10 महीने से ज्यादा हो गए और अब भी छुट्टा पशुओं की समस्या जस की तस बनी हुई है।

## यूपी में 11 लाख से ज्यादा छुट्टा पशु

साल 2019 में आई 20वीं पशुगणना के मुताबिक, यूपी में 11 ।8 लाख छुट्टा पशु हैं। हालाँकि, यूपी सरकार के पशु पालन विभाग ने जून 2022 में छुट्टा पशुओं की वास्तविक संख्या जानने के लिए एक सर्वे कराया। इस सर्वे के मुताबिक, यूपी में कुल 11 लाख 13 हजार 35 छुट्टा पशु हैं। इन आँकड़ों से जाहिर है कि यूपी में कितनी बड़ी संख्या में छुट्टा पशु हैं। यूपी सरकार की ओर से छुट्टा पशुओं की देखभाल के लिए गौशालाएँ चलाई जाती हैं। उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग के अपर निदेशक (गोधन विकास), डॉ। राजेश कुमार ने बीबीसी हिंदी से बताया, यूपी में 6,723 गौशालाए हैं, जिनमें करीब 9 ।58 लाख छुट्टा पशुओं को संरक्षतत किया गया है। इसके अलावा करीब 1 लाख 54 हजार छुट्टा पशुओं को श्मुख्यमंत्री निराश्रितध्बेसहारा गोवंश सहभागिता योजनाश के तहत लोगों को दिया गया है। बेसहारा गोवंश सहभागिता योजनाश के तहत अगर कोई व्यक्ति छुट्टा पशु को पालता है, तो उसे 30 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मिलते हैं। छुट्टा पशुओं के लिए किए गए इन तमाम जतन के बावजूद यूपी के गांवों में छुट्टा पशु यहाँ-वहाँ घूमते नजर आ जाते हैं। इन पशुओं से अपनी फसल बचाने के लिए किसान दिन रात खेत की रखवाली कर रहे हैं। हर खेत में मचान और झोपड़ी दिखना आम बात है। फिलहाल ठंड का मौसम है, इसलिए किसानों की मश्किलें और बढ़ गई हैं। सर्द रात में जब पारा गिरता है, तब किसान फसल की रखवाली करने को खेत में रात गुजारने को मजबूर हैं। उन्नाव जिह्लले के देवराकला गांव के 49 साल के नन्हा लोधी भी इसी मजबूरी में खेत पर गए थे, उन्हें ठंड लगी और खेत पर ही मौत हो गई। नन्हा लोधी अपने परिवार में इकलौते कमाने वाले व्यक्ति थे। वो अपने पीछे पत्नी, 4 बेटियाँ और एक 13 साल का बेटा छोड़ गए हैं, जिनके पास गुजर बसर के लिए बस आधा बीघा जमीन है। नन्हा लोधी के भतीजे 29 साल के नीरज कुमार बताते हैं, ष्हम लोग उन्हें मना करते थे कि ठंड में खेत पर मत जाइए, लेकिन वो कहते थे कि अगर खेत पर नहीं गया, तो जानवर सारी फसल चर जाएँगे और फिर परिवार को क्या खिलाऊंगा लेकिन।।। अब तो जान ही चली गई। किसान नन्हा लोधी की मौत पर उन्नाव सदर एसडीएम नूपुर गोयल ने मीडिया से कहा- शीतलहर की वजह से किसान की मौत हुई है। पीड़ित परिवार को दैवीय आपदा के अंतर्गत चार लाख रुपए का मुआवजा, साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना के अंतर्गत एक लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। हालाँकि खबर लिखे जाने तक परिवार को यह मुआवजा नहीं मिला है। नन्हा लोधी का परिवार बेहद गरीब है। इस परिवार तक सरकारी योजनाएँ भी नहीं पहुँच सकीं, न आवास है और न ही शौचालय। यह परिवार कच्चे मकान में रहता है। मकान की छत काले रंग की तिरपाल से ढँकी हुई है, जो जगह-जगह से फटा हुआ है। नन्हा लोधी की पत्नी तारावती बताती हैं- बारिश के मौसम में घर में जगह-जगह से पानी गिरता है तो इसमें रहना मुश्किल है। नन्हा लोधी की मौत के बाद अब प्रशासन परिवार को आवास, शौचालय और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनाश से पाँच लाख रुपए देने की बात कह रहा है। नन्हा लोधी की तरह ही झांसी जिह्लले के पिपरोखर गांव के किसान राजू बरार (45) भी छुट्टा जानवरों से फसल बचाने खेत पर गए थे, जहाँ उनकी ठंड लगने से मौत हो गई। राजू अपने पीछे परिवार में एक 70 साल की बूढ़ी माँ, 17 और 15 साल की दो बटियाँ और 12 और 10 साल के दो बेटे छोड़ गए हैं। इसके अलावा साहूकार का करीब 3 लाख का कर्ज भी, जो अब राजू के परिवार को चुकाना होगा। राजू की बड़ी बेटी 17 साल की अंजली बरार कहती हैं, ष्पापा रात में खेत पर जाते थे और सुबह लौटते थे। उस दिन काफी देर तक वो लौटे नहीं। मैंने जाकर देखा तो उनके शरीर में कोई हरकत नहीं थी, उनकी मौत हो गई थी। किसान राजू बरार की मौत पर झांसी के मऊरानीपुर के एसडीएम मृत्युंजय मिश्रा ने कहा - पंचनामे में लिखा गया है कि किसान की मौत ठंड लगने से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण शॉक और दिल का दौरा पड़ना बताया गया है। ऐसी स्थिति में दैवीय आपदा के तहत मुआवजा मिलना मुश्किल है। हालाँकि हम प्रयास कर रहे हैं कि मुआवजा मिल जाए और इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर पूछा है कि क्या ऐसी स्थिति में मुआवजा दिया जा सकता है।

उन्नाव के किसान नन्हा लोधी हों या झांसी के किसान राजू बरार, सबकी कहानी एक सी है। छुट्टा पशुओं ने यूपी के ग्रामीण इलाकों में तबाही मचा रखी है। ग्रामीण इलाकों से ऐसी घटनाओं के सामने आने का एक कारण यह भी है कि यूपी का बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्र में रहता है। 2011 की जनगणना के मुताबिक, यूपी की आबादी 19 ।9 करोड़ है और इसका 77 ।73ः हिस्सा ग्रामीण क्षेत्र में निवास करता है। हाल के दिनों में यूपी के अलग-अलग जिलों से ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि किसान छुट्टा पशुओं को घेरकर सरकारी कार्यालय और इमारतों में बांध रहे हैं। मेरठ, उन्नाव, अमरोहा, बाराबंकी के साथ और भी कई जिलों से ऐसी खबरें आई हैं। अमरोहा में तो किसानों पर सरकारी स्कूल में छुट्टा पशुओं को बंद करने के लिए मुकदमा भी दर्ज किया गया है।